संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | करनाल, शुक्रवार, 12 मई 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्ष: 08 अंक: 129 पृष्ठ: 12

RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com | हरियाणा संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड



नई दिल्ली में प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात करते ओडिशा के सीएम नवीन पटनायक।

# केजरीवाल ही दिल्ली के बॉस!

## दिल्ली सरकार की सलाह पर काम करेंगे एलजी: सुप्रीम कोर्ट ने कहा- अफसरों पर सरकार का कंट्रोल

**सुप्रीम फैसला**

**● पब्लिक ऑर्डर, पुलिस और जमीन को छोड़कर उप-राज्यपाल बाकी सभी मामलों में दिल्ली सरकार की सलाह और सहयोग से ही काम करेंगे**



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**सुप्रीम** कोर्ट ने गुरुवार को फैसला दिया कि दिल्ली में सरकारी अफसरों पर चुनी हुई सरकार का ही कंट्रोल रहेगा। 5 जजों की संविधान पीठ ने एक राय से कहा- पब्लिक ऑर्डर, पुलिस और जमीन को छोड़कर उप-राज्यपाल बाकी सभी मामलों में दिल्ली सरकार की सलाह और सहयोग से ही काम करेंगे।

**आप सरकार सुप्रीम कोर्ट क्यों पहुंची ?:** दिल्ली में विधानसभा और सरकार का कामकाज तय करने के लिए राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार अधिनियम, 1991 है। केंद्र सरकार ने 2021 में इसमें बदलाव कर दिया। कहा गया- विधानसभा के बनाए किसी भी कानून में सरकार का मतलब उपराज्यपाल होगा। सरकार किसी भी फैसले में एलजी की राय जरूर लेगी।

**दूसरा मामला:** दिल्ली में जॉइंट सेक्रेट्री और इस रैंक से ऊपर के अफसरों के ट्रांसफर और पोस्टिंग के अधिकारों के मुद्दे पर सरकार और उपराज्यपाल के बीच टकराव था। दिल्ली सरकार उपराज्यपाल का दखल नहीं चाहती थी। इन दोनों मामलों को लेकर आम आदमी पार्टी (आप) सरकार सुप्रीम कोर्ट पहुंची।

**सुप्रीम कोर्ट ने क्या फैसला दिया है ?:** पुलिस, कानून-व्यवस्था और प्रॉपर्टी को छोड़कर दिल्ली में प्रशासन पर नियंत्रण चुनी हुई सरकार का होना चाहिए। चुनी हुई सरकार के पास अफसरों पर नियंत्रण की ताकत ना हो, अधिकारी मंत्रियों को रिपोर्ट करना बंद कर दें या फिर उनके निर्देशों का पालन ना करें तो जवाबदेही के नियम के मायने नहीं रह जाएंगे। राज्य के मामलों में केंद्र का इतना दखल ना हो कि नियंत्रण उसी के हाथ में चला जाए। दिल्ली का किरदार अनूठा है, वह दूसरे केंद्र शासित प्रदेशों जैसी नहीं है। दिल्ली भले ही पूर्ण राज्य ना हो, लेकिन इसके पास कानून बनाने के अधिकार हैं।

**इस फैसले के बाद केंद्र के पास क्या विकल्प हैं ?** केंद्र अब रिव्यू पिटीशन दाखिल कर सुप्रीम कोर्ट को फैसले की समीक्षा के लिए कह सकता है। अगर फैसला तब भी कायम रखा जाता है तो केंद्र क्यूरेटिव पिटीशन दाखिल कर सकती है। यानी वह नए सिरे से इन मामलों पर अपनी दलीलें रख सकती हैं।

### सुप्रीम कोर्ट के फैसले की बड़ी बातें

● सुप्रीम कोर्ट जस्टिस भूषण के उस फैसले से बिल्कुल सहमत नहीं है जिसमें कहा गया था कि दिल्ली सरकार के पास सेवाओं (ट्रांसफर-पोस्टिंग) को लेकर कोई भी अधिकार नहीं है। दिल्ली विधानसभा को यह शक्ति मिली है कि वह लोगों के उम्मीदों को पूरा कर सके

● यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि एक राज्य का प्रशासन केंद्र अपने हाथ में न ले

● एक प्रजातांत्रिक प्रारूप की सरकार में असली शक्ति लोगों द्वारा चुनी गई सरकार में ही होनी चाहिए

● दिल्ली की सरकार के पास सेवाओं (ट्रांसफर-पोस्टिंग) को लेकर विधाई शक्ति है। हालांकि इसमें पब्लिक ऑर्डर, पुलिस और भूमि शामिल नहीं हैं

● सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय राजधानी में प्रशासनिक सेवाओं पर नियंत्रण के लिए दिल्ली सरकार के पक्ष में फैसला सुनाया और माना कि नौकरशाहों पर उसका नियंत्रण होना चाहिए

● कोर्ट ने ये भी कहा कि एलजी को सरकार के साथ हर फैसले के लिए सरकार से बात करनी चाहिए। कोर्ट ने कहा कि दिल्ली सरकार अन्य राज्यों की तरह लोगों के प्रति जवाबदेह है, लेकिन उसके अधिकार कम है।

● सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए कहा कि अगर अधिकारी मंत्रियों को रिपोर्ट करना बंद कर देते हैं या उनके निर्देशों का पालन नहीं करते हैं, तो सामूहिक जिम्मेदारी का सिद्धांत प्रभावित होता है

### ये दिल्ली की जनता की जीत: सीएम अरविंद केजरीवाल

**अरविंद केजरीवाल:** सुप्रीम कोर्ट के फैसले से केजरीवाल काफी खुश हैं। उन्होंने ट्वीट कर जनता को बधाई दी है और कहा दिल्ली के लोगों के साथ न्याय करने के लिए माननीय सुप्रीम कोर्ट का तहे दिल से शुक्रिया। इस निर्णय से दिल्ली के विकास की गति कई गुना बढ़ेगी। जनतंत्र की जीत हुई।

**संजय सिंह:** आप के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि, लंबे संघर्ष के बाद जीत मिली है। अरविंद केजरीवाल के जज्बे को नमन है। दिल्ली की दो करोड़ जनता को बधाई। सत्यमेव जयते। संजय सिंह ने आगे कहा मोदी जी ने दिल्ली की जनता का 8 साल बर्बाद कर दिया। हर काम में रोड़ा लगाया उनकी दुर्भावनापूर्ण कार्यवाहियों का आज अंत हो गया। एलजी बॉस नहीं चुनी हुई सरकार के पास सारे अधिकार। मंत्रिमंडल का फैसला एलजी पर बाध्यकारी। दिल्ली का लाल केजरीवाल।

**राघव चड्ढा:** सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद आप सांसद राघव चड्ढा ने कहा, सत्यमेव जयते। माननीय सुप्रीम कोर्ट के आज के फैसले का स्वागत। ये फैसला लोकतंत्र की जीत है, हर एक दिल्लीवासी की जीत है। केजरीवाल जी और दिल्ली की जनता का संघर्ष रंग लाया।

**गोपाल राय:** आज दिल्ली के लोगों को सुप्रीम कोर्ट ने एक बड़ी जीत का तोहफा दिया है। जिस प्रकार केंद्र की भाजपा सरकार और पीएम मोदी ने देशभर में चुनी हुई सरकारों को असंवैधानिक तरीके से हड़पने की मुहिम चला रखी थी उसपर सुप्रीम कोर्ट का बड़ा तमाचा है।

**सौरभ भारद्वाज :** दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने ट्वीट किया, ये जनता की जीत है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने 8 साल तक दिल्ली की जनता की लड़ाई अदालत में लड़ी और आज जनता जीत गई।

### कोर्ट के फैसले का प्रभाव क्या होगा?

**दिल्ली** सरकार अधिकारियों की पोस्टिंग और ट्रांसफर अपने हिसाब से कर सकेगी। सरकार को हर फैसले के लिए उपराज्यपाल की मंजूरी भी नहीं लेनी होगी। एलजी को राज्य सरकार की सलाह माननी पड़ेगी। जिन मुद्दों पर केंद्र के कानून नहीं हैं, उन पर दिल्ली सरकार कानून बना सकेगी।

**सुप्रीम कोर्ट ने 18 जनवरी को फैसला सुरक्षित रखा था:** इस केस की सुनवाई सुप्रीम कोर्ट की 5 जजों की संविधान पीठ कर रही थी। उखकडीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस एमआर शाह, जस्टिस कृष्ण मुरारी, जस्टिस हिमा कोहली और जस्टिस पीएस नरसिम्हा इसमें शामिल थे। बेंच ने 18 जनवरी को सुनवाई पूरी कर फैसला सुरक्षित रखा था। संवैधानिक बेंच को यह केस 6 मई 2022 को रेफर किया गया था।

## मिशन 2024: उद्धव से मिले सीएम नीतीश ठाकरे




**टीम एक्शन इंडिया/पटना**
**बिहार** के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार गुरुवार को मुंबई पहुंचे। वे सीधे उद्धव ठाकरे से मिलने मातोश्री गए। दोनों नेताओं ने मुलाकात की, फिर प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उद्धव बोले- इतने दिनों से हमारी लड़ाई सर्वोच्च न्यायालय में चल रही थी। आज आप भी आ गए और फैसला भी। महाराष्ट्र के सीएम और डिप्टी सीएम को नैतिकता के आधार पर इस्तीफा दे देना चाहिए। उद्धव ने कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज पहली बार मातोश्री आए हैं। सब उनकी मंशा जानते हैं। ऐसे हालात पैदा हो गए हैं कि देश में लोकतंत्र की हत्या हो रही है। नीतीश विपक्ष और देशभक्तों को एक साथ लाने की कोशिश कर रहे हैं।

## आतंकी पर बैन से चीन को दिक्कत



**टीम एक्शन इंडिया/न्यूयॉर्क**
**भारत** ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद चीफ मसूद अजहर के भाई अब्दुल रउफ अजहर को ब्लैकलिस्ट करने की दोबारा मांग उठाई। लेकिन चीन ने इस पर आपत्ति जता दी। पड़ोसी देश ने भारत की तरफ से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की 1267 और अलकायदा प्रतिबंधित सूची में रउफ अजहर को शामिल करने के प्रस्ताव का विरोध किया है। इससे पहले पिछले साल अगस्त में भी भारत और अमेरिका ने अब्दुल रउफ को वैश्विक आतंकी घोषित करने का प्रस्ताव पेश किया था। तब भी चीन ने वीटो पावर का इस्तेमाल कर इसे रोक दिया था। चीन के एक प्रवक्ता ने कहा था, 'हमने मामले को समझने के लिए समय चाहिए। इस कारण इस प्रस्ताव को रोका गया है।' हालांकि, प्रपोजल को यूएनएससी के बाकी 14 मेंबर्स का समर्थन हासिल था।

## 'भारत के खिलाफ उठाए गए हर कदम का मुंहतोड़ जवाब देंगे'



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर गुरुवार को 25 साल पहले हुए पोखरण परमाणु परीक्षणों को याद करके कहा कि इन परीक्षणों ने दुनिया को एक संदेश दिया कि भारत 'वसुधैव कुटुम्बकम' और 'अहिंसा परमो धर्म' में विश्वास करता है, इसलिए किसी भी देश की संप्रभुता, अखंडता और एकता को नुकसान नहीं पहुंचाता है। उन्होंने भारत को मजबूत, समृद्ध और आत्मनिर्भर बनाने के लिए देश के शक्तिशाली मानव संसाधन के अधिकतम उपयोग का आह्वान किया। रक्षा मंत्री आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस 2023 को चिह्नित करने वाले कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे, जिसका उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया।

## आईसीएमआर और आयुष मंत्रालय के बीच हुआ करार



**नई दिल्ली।** भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) और आयुष मंत्रालय के बीच गुरुवार को एकीकृत चिकित्सा के क्षेत्र में स्वास्थ्य अनुसंधान पर समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस मौके पर केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मांडविया ने कहा कि समझौते से पारंपरिक ज्ञान को आधुनिक अनुसंधान और नवाचार के साथ जोड़कर आयुर्वेद को वैज्ञानिक साक्ष्य के आधार पर अपनी पहचान बनाने के लिए बढ़ावा देगा। उन्होंने कहा कि इस साझेदारी का एकीकृत चिकित्सा के विकास और पहुंच में महत्वपूर्ण योगदान होगा। आयुष मंत्री सबार्नंद सोनोवाल ने कहा कि यह समझौता साक्ष्य-आधारित अनुसंधान क्षमताओं को और मजबूत करते हुए इस गति को तेज और व्यापक बनाने का काम करेगा।

## शिंदे मुख्यमंत्री बने रहेंगे

### सुप्रीम कोर्ट ने कहा- उद्धव इस्तीफा न देते तो सरकार बहाल हो सकती थी, बागी विधायकों पर फैसला स्पीकर करें



**सियासी उठापटक**

**● कोर्ट ने कहा कि उद्धव ठाकरे ने फ्लोर टेस्ट का सामना ही नहीं किया। खुद ही इस्तीफा दे दिय**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**महाराष्ट्र** में करीब सालभर पहले हुए सियासी उठापटक पर गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुना दिया। फैसले की सबसे बड़ी बात ये है कि एकनाथ शिंदे मुख्यमंत्री बने रहेंगे। लेकिन उनकी ये जीत उद्धव ठाकरे के इस्तीफे की वजह से हुई। कोर्ट ने कहा कि उद्धव ठाकरे ने फ्लोर टेस्ट का सामना ही नहीं किया। खुद ही इस्तीफा दे दिया। ऐसे में अदालत इस्तीफा रद्द नहीं कर सकती है। हम पुरानी सरकार बहाल नहीं कर सकते हैं। फैसले के बाद पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने कहा- मैं गद्दार लोगों के साथ सरकार कैसे चलाता। शिंदे सरकार में नैतिकता नहीं है, नहीं तो वो आज इस्तीफा दे देती। इस पर डिप्टी सीएम देवेंद्र फड़णवीस ने कहा कि उद्धव ने नैतिकता नहीं बल्कि हार की डर के चलते इस्तीफा दिया। मुख्यमंत्री बनने के लिए कांग्रेस और एनसीपी के साथ गए।

**मामला क्या था:** जून- 2022 में एकनाथ शिंदे गुट की बगावत के बाद महाराष्ट्र विकास अघाड़ी गठबंधन सरकार गिर गई थी। 30 जून को शिंदे ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी।

## लू चलने की संभावना, एडवाइजरी जारी

**नई दिल्ली: पिछले कल से एकदम गर्मी** बढ़ने के कारण लूह चलने की संभावना है। इसके मद्देनजर हेल्थ विभाग ने एडवाइजरी जारी कर दी है। सेहत विभाग ने कहा कहा है कि दोपहर को 12 बजे से लेकर 3 बजे तक जरूर न हो तो घर से बाहर न निकलें।

यदि जाना पड़ रहा है तो अपने साथ पानी की बोतल जरूर रखें। हीट वेब से बॉडी आर्गन ड्राई होते हैं जिससे स्ट्रोक लगता है। गर्मी में कपड़े पहनने को लेकर भी सलाह दी है कि हल्के रंग के कपड़े पहने और गर्मी में कमीज फुल बाजू इस्तेमाल करें। सिर मुंह ढक कर बाहर निकलें। साथ ही यह भी सलाह दी है कि गर्मी में काबोर्नेटिड मीठे पेय पदार्थों, काफी अल्कोहल से परहेज करें। यह भी बॉडी को ड्राई करते हैं। सलाह दी है कि प्याज का सलाद और कच्चे आम को जीरा नमक के साथ खाने वाले परंपरागत फामूर्ले इस्तेमाल करें।

**सावधानी बरतें**

**● सेहत विभाग ने कहा कहा है कि दोपहर को 12 बजे से लेकर 3 बजे तक जरूर न हो तो घर से बाहर न निकलें**



नई दिल्ली में गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस-2023 पर आयोजित प्रदर्शनी का दौरा किया। साथ में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह व अन्य भी मौजूद रहे।

## 'हार की शर्म से बचने के लिए उद्धव ने दिया इस्तीफा'

**टीम एक्शन इंडिया/मुंबई**
**महाराष्ट्र के** राजनीतिक संकट पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद सीएम एकनाथ शिंदे और डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने उद्धव ठाकरे पर कई तंज कसे। फडणवीस ने कहा कि उद्धव के पास सरकार बचाने का सही नंबर था ही नहीं, इसलिए उनका जाना तय था।

**नैतिकता की बात केवल नाटक:** देवेंद्र फडणवीस ने आगे उद्धव ठाकरे पर हमला बोलते हुए कहा कि सरकार गिरना तय था, इसलिए उन्होंने इस्तीफा दिया। डिप्टी सीएम ने कहा कि उद्धव को नैतिकता की





बात करनी ही नहीं चाहिए, वो उनके मुंह पर सही नहीं लगती। उन्होंने कहा कि यह लोकतंत्र और लोकतांत्रिक प्रक्रिया की जीत है और हम सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए फैसले से संतुष्ट हैं। महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम और भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि आज महा

**तंज कसे**

**● फडणवीस ने कहा कि उद्धव के पास सरकार बचाने का सही नंबर था ही नहीं, इसलिए उनका जाना तय था**

विकास अघाड़ी की साजिश नाकाम हो गई है। उन्होंने कहा कि अब किसी को भी संदेह नहीं होना चाहिए कि महाराष्ट्र सरकार पूरी तरह से कानूनी है। फडणवीस ने आगे कहा कि नैतिकता की बात करना उद्धव ठाकरे को शोभा नहीं देता।

## पंजाब के नंगल में गैस लीक

**टीम एक्शन इंडिया/खरड़**
**पंजाब** में रोपड़ जिले के नंगल में गुरुवार सुबह एक फैक्ट्री से गैस लीक होने के बाद हड़कंप मच गया। फैक्ट्री के नजदीक बने सेंटर सोल्जर प्राइवेट स्कूल के 24-25 बच्चों समेत कई लोग इसकी चपेट में आए। गले और सिर में दर्द की शिकायत के बाद आनन-फानन में सभी को नंगल सिविल अस्पताल पहुंचाया गया। इनमें से कई लोगों की हालत ज्यादा खराब थी। एक बच्ची की हालत ज्यादा गंभीर होने पर उसे चंडीगढ़ पीजीआई रेफर कर दिया गया।



घटना के समय स्कूल में करीब 2400 बच्चे मौजूद थे। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस-प्रशासन के हाथ-पांव फूल गए। पंजाब के शिक्षामंत्री हरजोत बैंस के अलावा रोपड़ की प्रीति यादव और एसएसपी विवेकशील सोनी समेत तमाम वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंच गए।

**केस सुलझा: पंजाब पुलिस**

### सराय में ही आईडी असेंबल की, 1 किलो विस्फोटक मिला

## गोल्डन टेंपल के पास हुआ तीसरा धमाका, अब तक 5 अरेस्ट

**टीम एक्शन इंडिया/अमृतसर**
**पंजाब में** अमृतसर स्थित गोल्डन टेंपल के करीब 5 दिन में तीसरी बार ब्लास्ट हुआ। यह ब्लास्ट स्वर्ण मंदिर के लंगर हॉल के करीब रात 12.10 बजे हुआ। धमाके की आवाज सुनते ही हड़कंप मच गया। स्वर्ण मंदिर मैनेजमेंट ने तुरंत इसके बारे में पुलिस को सूचना दी। रात को ही पुलिस ने वहां पहुंचकर धमाके वाली जगह को सील कर दिया। तलाशी के बाद लंगर हॉल के पास की श्री गुरु रामदास सराय से एक कपल समेत 5 लोगों को गिरफ्तार किया। इनके पास से करीब 1 किलो विस्फोटक मिला है। तलाशी के दौरान सराय की सीसीटीवी फुटेज से दो संदिग्धों की पहचान की गई। इन्हें बरामदे में आते-जाते देखा जा सकता है। इनकी फोटो भी सामने आई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, दोनों धमाका करने के बाद सराय के बरामदे में जाकर सो गए। इनसे पूछताछ के बाद सराय के 225 नंबर रूम से एक कपल को गिरफ्तार किया गया। इनसे एक संदिग्ध बैग भी बरामद हुआ है। दोनों गुरदासपुर के रहने वाले हैं। इससे पहले शनिवार और सोमवार को धमाके हो चुके हैं। इनमें कम डेंसिटी वाले क्रूड बम का इस्तेमाल किया गया था।

**पुलिस का दावा- केस सॉल्व,**



**मकसद- शांति भंग करना था: डीजीपी** गौरव यादव ने बताया कि अमृतसर में कम तीव्रता वाले विस्फोट का मामला सुलझ गया है। 5 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनका मकसद सिर्फ शांति भग करना था। इन्होंने धमाकों के लिए फटाखों का बारूद इस्तेमाल किया था। उन्होंने कहा कि टास्क फोर्स ने पुलिस के साथ कंधे से कंधा मिला मामले को सुलझाया है।

**गिरफ्त में**

**● दोनों धमाका करने के बाद सराय के बरामदे में जाकर सो गए। 225 नंबर रूम से एक कपल को गिरफ्तार किया गया**

**धमाका करने के बाद बरामदे में सो गए संदिग्ध:** प्रधान हरजिंदर धामी ने कहा कि घटना के समय की सारी फुटेज खंगाली गईं। इसके बाद धमाका करने वालों की पहचान की गई। धमाका करने के बाद ये बरामदे में जाकर सो गए थे। वहीं से उसे हिरासत में लिया गया। उससे पूछताछ के बाद सराय में रुके विवाहित जोड़ा भी पकड़ा गया।

पकड़े गए आरोपियों की पहचान आजादवीर सिंह निवासी गांव वडाला कलां (अमृतसर), अमरीक सिंह निवासी गुरदासपुर, साहब सिंह निवासी गेट हकीमा (अमृतसर), धर्मेंद्र व हरजीत निवासी 88 फुट रोड (अमृतसर) के रूप में हुई। गिरफ्तार की गई

## 'ईडी शराब घोटाले में फंसाना चाहती है'

**टीम एक्शन इंडिया/रायपुर**
**छत्तीसगढ़** के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने गुरुवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) पर आरोप लगाया है कि वो राज्य के कथित शराब घोटाले में उन्हें फंसाने की कोशिश कर रही है। रायपुर में पुलिस लाइन हेलीपैड पर मीडिया से बात करते हुए उन्होंने दावा किया कि ईडी भारतीय जनता पार्टी के एजेंट के रूप में काम कर रही है।

**सीएम बघेल ने ईडी पर लगाया आरोप:** सीएम बघेल ने कहा, "हमारा यह दावा सही साबित हुआ है कि ईडी भाजपा के एजेंट के रूप में काम कर रहा है। जिस तरह से वह लोगों को झूठे मामलों



में फंसाने की धमकी दे रही है, वे अब मुझे कथित आबकारी घोटाले में फंसाने की कोशिश कर रहे हैं। उनका मुख्य उद्देश्य कांग्रेस सरकार को बदनाम करना है।" उन्होंने दावा किया कि भाजपा कांग्रेस सरकार का मुकाबला करने में विफल रही है, इसलिए वह ईडी का दुरुपयोग कर रही है।

**'घोटाला करने वालों की गिरफ्तारी क्यों नहीं':** मुख्यमंत्री ने पूछा कि अगर शराब बनाने वालों ने स्वीकार किया है कि वे उत्पाद शुल्क का भुगतान किए बिना शराब बेच रहे हैं, तो ईडी उनके खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं कर रही है। ईडी ने लगातार प्रेस बयान जारी किए हैं, जिसमें कहा गया है कि डिस्टिलर्स राज्य में उत्पाद शुल्क का भुगतान किए बिना शराब बेच रहे थे।

# '162 पीएचसी को तोड़कर नया बनाया जाएगा'

## पीएचसी स्तर पर ईसीजी और एक्सरे की सुविधा करवाई जाएगी मुहैया: अनिल विज




**टीम एक्शन इंडिया/यमुनानगर**
**हरियाणा के** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री अनिल विज ने कहा कि राज्य की 162 पीएचसी को चिन्हित किया गया है जिन्हें तोडकर नया बनाया जाएगा और इनका डिजाईन एक जैसा होगा। इसके अलावा, पीएचसी स्तर पर ईसीजी और एक्सरे की सुविधा भी मुहैया करवाई जाएगी।

विज यमुनानगर में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कर-कमलों से 46 स्वास्थ्य सेवाओं के उदघाटन किए जाने के अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। विज ने कहा कि विभाग को आदेश दिया गया है कि जितनी भी टूटी-फूटी हमारी पीएचसी हैं उनको तोड़कर नई पीएचसी बनाई जाएं। उन्होंने कहा कि मैंने आदेश दिए हैं कि पीएचसी लेवल तक ईसीजी और एक्सरे मशीन की सुविधा मुहैया करवाई जाए। उन्होंने कहा कि इस सुविधा को मुहैया करवाने के लिए विभाग ने योजना तैयार कर दी है ताकि लोगों को अच्छी सुविधा मुहैया कराई जा सके।

**डब्ल्यूएचओ जीएमपी दवाई और यूएस-एफडीए प्रमाणित उपकरणों को लिया जा रहा :** विज ने कहा कि सरकार ने यह तय किया है कि जो भी दवाई देंगे वह डब्ल्यूएचओ जीएमपी लेंगे और हम उससे नीचे के मापदण्ड की कोई दवाई नहीं ले रहे हैं। इसी प्रकार, यूएस-एफडीए प्रमाणित उपकरणों को अस्पतालों हेतु लिया जा रहा है क्योंकि जब तक अच्छे उपकरण नहीं होंगे तब तक डॉक्टर अच्छा इलाज नहीं कर सकते।

**चार जिलों में कैथ लैब संचालित:** उन्होंने कहा कि कोशिश कर रहे हैं कि सभी जिला अस्पतालों में एक्सरे

**विभाग को आदेश दिया गया है कि जितनी भी टूटी-फूटी हमारी पीएचसी हैं उनको तोड़कर नई पीएचसी बनाई जाएं**

की मशीन, अल्ट्रासाउंड, एमआरआई और कैथ लैब संचालित हो। वर्तमान में राज्य के चार जिलों में कैथ लैब संचालित हैं जिनमें अंबाला, फरीदाबाद और गुरूग्राम आदि शामिल हैं और हम अब तक हजारों लोगों का जिंदगी बचा चुके हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की सोच के कारण हम स्वास्थ्य विभाग का ढांचा पूरी तरह से बदलना चाहते हैं।

एक निर्णय से 400 निजी अस्पताल हुए एनएबीएचः विज ने कहा कि हमने इम्पैनलमेंट की नीति में बदलाव किया है कि एनएबीएच अस्पतालों को ही एंपैनल करने का फैसला लिया है। उन्होंने कहा कि हमारे एक निर्णय से राज्य के लगभग 400 निजी अस्पताल एनएबीएच हो गए। इसी प्रकार से सरकारी अस्पतालों को एनक्वेश मापदण्ड से सर्टिफाइड किया जा रहा हैं। इसके अलावा, ई-उपचार के माध्यम से सभी स्वास्थ्य सुविधाओं को आपस में जोड़ा जा रहा है ताकि सभी स्वास्थ्य सुविधाओं में ऑनलाइन के माध्यम से मरीजों की जानकारी उपलब्ध हो सकें। उन्होंने कहा कि हम अंबाला शहर, अंबाला छावनी, यमुनानगर, पानीपत सहित अनेक स्थानों पर स्वास्थ्य विभाग को पूरी तरह से बदलने की कोशिश की जा रही है और उसी कोषिश में आज 46 स्वास्थ्य सेवाएं ओर जुड़ने जा रही हैं जिसमें सिवानी, भिवानी, करनाल इत्यादि के अस्पताल है। उन्होंने कहा कि आज का दिन हरियाणा के इतिहास में एक स्वर्णिम दिन के नाम से जाना जाएगा क्योंकि आज मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कर-कमलों से बटन दबाकर हरियाणा के 17 जिलों में स्वास्थ्य सेवाओं का उद्घाटन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार हर क्षेत्र में सुधार लाना जाती है और लगातार सुधारात्मक कार्य कर रही है। इसी कड़ी में स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी हमारी सरकार अभूतपूर्व काम कर रही है जिसका उदाहरण आज आपके सामने यह अस्पताल है। उन्होंने लोगों से संवाद स्थापित करते हुए कहा कि इसके पुराने भवन को आपने देखा होगा और आज यह सभी सुविधाओं से संपन्न 275 बिस्तर के अस्पताल को समर्पित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में दिन-प्रतिदिन हम व्यवस्था परिवर्तन की ओर अग्रसर हैं ।

# सीएम मनोहर ने दौंगड़ा अहीर पीएचसी की दी सौगात

## स्थानीय स्तर पर प्रदेश के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओमप्रकाश यादव रहे मुख्य अतिथि, 3.95 करोड़ की लागत से तैयार हुई दौंगड़ा अहीर पीएचसी, हरियाणा सरकार बहुआयामी दृष्टिकोण के साथ बढ़ा रही स्वास्थ्य सेवाएं

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा नारनौल**
**हरियाणा के** मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने यमुनानगर जिले में आयोजित एक राज्यस्तरीय कार्यक्रम में वर्चुअल माध्यम से जिला महेंद्रगढ़ के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दौंगड़ा अहीर के उद्घाटन सहित प्रदेश को 46 स्वास्थ्य संस्थानों की सौगात दी। वहीं दूसरी तरफ स्थानीय स्तर पर आयोजित इस कार्यक्रम में प्रदेश के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओमप्रकाश यादव मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद थे। सभी प्रकार की सुविधाओं से युक्त यह पीएचसी 3.95 करोड़ की लागत से तैयार हुई है। नारनौल के लघु सचिवालय में आयोजित इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री यादव ने कहा कि हरियाणा की मनोहर सरकार स्वास्थ्य सुविधाओं का बुनियादी ढांचा मजबूत



करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है। प्रदेश की जनता के लिए स्वास्थ्य सेवाओं को प्राथमिकता देते हुए सरकार लगातार बड़े कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि नारनौल का नागरिक अस्पताल भी जल्द बनकर तैयार हो जाएगा। इसके बाद लोगों को और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकेंगी। इसके अलावा राजकीय मेडिकल कॉलेज कोरियावास का निर्माण कार्य तेज गति से चल रहा है। यह भी इस साल लगभग पूरा हो जाएगा। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार की ओर से राज्य में खोले जाने वाले ये स्वास्थ्य संस्थान सूबे की जनता को सर्वोत्तम स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के साथ-साथ स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने में अहम रोल अदा करेंगे। सरकार ने

**दस हजार स्क्वेयर फीट के कवर एरिया में बने भवन में 2 डॉक्टर क्वार्टर तथा 4 स्टाफ क्वार्टर भी बनाए गए हैं**

बजट में भी स्वास्थ्य सेवाओं के लिए करोड़ों रुपए के विशेष प्रावधान किए हैं। कार्यक्रम में अटेली के विधायक सीताराम यादव ने कहा कि हरियाणा सरकार लगातार स्वास्थ्य को बढ़ा रही है। दौंगड़ा अहीर में पीएचसी बनाने की लंबे समय से मांग थी?। अब आसपास के कई गांवों के नागरिकों को इससे फायदा होगा। उन्होंने जिला को यह सौगात देने पर? आभार जताते हुए कहा कि सरकार शिक्षा व स्वास्थ्य पर विशेष फोकस कर रही है। जिला को पिछले लगभग आठ साल में अनेक सौगात? दी हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने चिरायु व निरोगी हरियाणा जैसी योजनाएं बनाकर गरीबों को स्वस्थ्य रहने का हक दिया है। जनता को स्वस्थ रखने के लिए वेलनैस सेंटर खोले जा रहे हैं।

**पीएचसी में मुहैया करवाई सभी प्रकार की सुविधाएं** जिला के गांव दौंगड़ा अहीर में नवनिर्मित प्राइमरी हेल्थ सेंटर पर सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई हैं। लगभग 3.95 करोड रुपए में तैयार हुई इस पीएचसी आसपास के कई गांवों को स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकेंगी।

लगभग दस हजार स्क्वेयर फीट के कवर एरिया में बने भवन में 2 डॉक्टर क्वार्टर तथा 4 स्टाफ क्वार्टर भी बनाए गए हैं। इसके अलावा यहां पर्याप्त मात्रा में कमरे बनाए गए हैं ताकि डॉक्टर तथा स्टाफ को किसी प्रकार की परेशानी ना हो।

# जिले में गुरूवार को कोरोना से संक्रमित मिला 01 पोजिटिव

**सोनीपतः उपायुक्त** ललित सिवाच ने बताया कि गुरूवार को जिला में कोरोना से संक्रमित 01 नया पोजिटिव केस मिला है, वहीं 04 मरीजों को ठीक होने के उपरांत डिस्चार्ज किया गया। उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी कोरोना रिपोर्ट के अनुसार बताया कि अब जिला में कोरोना वायरस के पोजिटिव मामलों का कुल आंकड़ा 60371 हो गया है। उपायुक्त ने कहा कि जिला में कोरोना से मरने वाले मरीजों की संख्या 278 हो गई है। अब तक जिला में 60 हजार 072 कोरोना मरीजों को ठीक होने के उपरांत डिस्चार्ज किया गया है। उपायुक्त ने कहा कि जिला में अब 16 कोरोना एक्टिव केस है, जिनमें से होम आइसोलेशन में 08 मरीज तथा अस्पताल में 05 मरीज उपचाराधीन है।

# 'तालाबों की स्थिति को सुधारकर किया जा रहा जीर्णोद्धार'

**टीम एक्शन इंडिया/चण्डीगढ़,**
**हरियाणा के** विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने कहा कि गांव में तालाबों की बहुत दयनीय हालत थी, जिसे सुधार कर उनका जीर्णोद्धार किया जा रहा है।

विकास कार्यों के लिए मंजूर राशि को शत-प्रतिशत धरातल पर लगाने की व्यवस्था की गई है, जिससे गांव का सर्वांगीण विकास हो रहा है। देवेंद्र सिंह बबली ने पुण्डरी के गांव भाणा तथा करोड़ा में आयोजित कार्यक्रमों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा प्रदेश को आगे ले जाने की विशेष नीति पर कार्य किया जा रहा है। हमारी 70 प्रतिशत की आबादी गांव में बसती है, इसी के मद्देनजर गांव में मूलभूत सुविधाओं को उपलब्ध करवाने का कार्य सरकार द्वारा किया जा रहा है। प्रदेश में करीब



18 हजार तालाब हैं, जिनमें से 4 हजार तालाबों को चिन्हित करके सुधारीकरण का कार्य बड़ी तेजी से चल रहा है। इस व्यवस्था से जहां ओवर फ्लो की समस्या से निजात मिलेगी, वहीं गांव में फैलने वाली गंदगी भी दूर होगी। श्री बबली ने कहा कि गांवों का विकास तभी संभव होगा जब पंचायतें उसमें अपना सकारात्मक सहयोग देंगी। पहले जो विकास कार्य मैनुअल हुआ करते हैं, उसे अब कंम्प्यूटरीकृत किया है और ई-टेंडरिंग व्यवस्था प्रदेश में लागू की गई है। सभी कार्य ऑनलाइन तरीके से किए जा रहे हैं। इससे गांवों का विकास तय समय और गुणवत्तापरक होगा। प्रदेश की पंचायतें गांव के विकास के लिए सरकार के साथ खड़ी हैं।

# रेवाड़ी में जल्द ही होगा एम्स का शिलान्यास: जनस्वास्थ्य मंत्री

**चण्डीगढः** हरियाणा के जनस्वास्थ्य एवं सहकारिता मंत्री डा. बनवारी लाल ने आज केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख लाल माण्डविया से नई दिल्ली में मुलाकात कर रेवाड़ी जिले के माजरा में बनने वाले एम्स का शिलान्यास करवाने का अनुरोध किया। जनस्वास्थ्य मंत्री ने इस एम्स परिसर में बीएससी नर्सिंग कालेज, फामेर्सी कालेज एवं फिजियोथेरेपी कालेज की शुरूआत करने का अनुरोध किया। जनस्वास्थ्य मंत्री ने केन्द्रीय मंत्री से अवगत करवाया कि स्वास्थ्य मंत्रालय भारत सरकार द्वारा रेवाडी में बनने वाले एम्स की भूमि संबंधि आवश्यक औपचारिकताएं पूरी कर ली गई हैं।

# कार में हजारों का तेल डलवाकर बिना पैसे दिए हुए फरार, केस दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया/फतेहाबाद**
**शहर के साथ** लगते गांव बीघड़ स्थित पेट्रोल पम्प से कुछ युवक कार में हजारों रुपये का तेल डलवाकर बिना पैसे दिए फरार हो गए। इस बारे में सदर फतेहाबाद पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ केस दर्ज करके उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गांव बीघड़ निवासी अनूप ने कहा है कि वह गांव के पेट्रोल पम्प पर सेल्समैन का काम करता है। शाम को करीब पौने 6 बजे एक होंडा सिटी कार में तीन युवक सवार होकर पेट्रोल पम्प पर आए। इन्होंने कार में 3 हजार रुपये का पेट्रोल डलवा लिया और कहा कि उनके फोन से पेटीएम नहीं हो रहा। वह स्वैप मशीन ले आए। अनूप ने बताया कि इसके बाद वह स्वैप मशीन लेने के लिए अंदर चला गया। इसी दौरान पीछे से उक्त युवक कार लेकर बिना पैसे दिए मौके से फरार हो गए। उसने कार का पीछा भी किया, लेकिन युवक भाग निकले।

# महेंद्रगढ़ में चौकीदारों ने मांगा 24 हजार मासिक वेतन

**टीम एक्शन इंडिया / दिनेश मोहनिया**
**महेन्द्रगढ़** । महेंद्रगढ़ में ग्रामीण चौकीदारों ने लघु सचिवालय में बैठकर एसडीएम हर्षित कुमार को अपनी मांगों को लेकर एक ज्ञापन सौंपा चौकीदारों ने मानदेय 24 हजार रुपए प्रतिमाह करने की मांग की क्योंकि 7000 रुपए में परिवार का भरण पोषण नहीं हो पा रहा। ग्रामीण चौकीदारों ने लघु सचिवालय में जिला उपप्रधान मदन लाल नागर की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की। बैठक का संचालन रमेश कुमार निंबल ने



किया। बैठक में सभी चौकीदारों ने सर्वसम्मति से अपने अपने विचार रखे। जिला उपप्रधान मदन लाल नागर ने सरकार से मांग करते हुए कहा कि ग्रामीण चौकीदार का वेतन 7 तारीख से पहले मानदेय उनके खाते में डाला जाए। बैठक में बताया कि दो ब्लॉक महेंद्रगढ़ व सतनाली में मृत्यु पंजीकरण का पैसा मिलता है बाकी 6 ब्लॉकों में अभी तक नहीं मिल रहा है। चौकीदारों का बस पास बनवाया जाए, सतनाली ब्लॉक में सरपंच की तस्दीक हटाई जाए। उन्होंने कहा कि इस महंगाई के जमाने में चौकीदारों को परिवार चलाने के लिए 7000 रुपए मासिक मिलते हैं जिससे उसके परिवार को चलाने में बड़ी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। जबकि ग्रामीण चौकीदार 24 घंटे ड्यूटी देते हैं इसलिए आज से चौकीदारों का मानदेय 24 हजार रुपए प्रतिमाह होना चाहिए।

# छात्रों की टीम मूट कोर्ट प्रतियोगिता में रही विजेता



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**डॉ. बी.आर.** अम्बेडकर नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, सोनीपत के छात्रों की टीम ने मूट कोर्ट प्रतियोगिता में विजेता बनी। मूट कोर्ट प्रतियोगिता का आयोजन यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ, पंजाब यूनिवर्सिटी रीजनल सेंटर, लुधियाना द्वारा जी.के. चतरथ मेमोरियल लीगल एंड कल्चरल फेस्ट आस्ट्रिया पर किया गया। विश्वविद्यालय की टीम में तृतीय वर्ष की छात्रा सुश्री अमृत कौर, छात्र हरमन बीर सिंह जुनेजा और छात्रा सुश्री नैन्सी अग्रवाल रही। प्रतियोगिता कॉपीराइट और ट्रेडमार्क कानून, संपत्ति कानून के इर्द-गिर्द रही है। विश्वविद्यालय के

**विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो अर्चना मिश्रा ने टीम को बधाई देकर उनका हौंसला बढ़ाया**

छात्रों को एक ट्रॉफी, प्रमाण पत्र और 8,000 रुपये के नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो अर्चना मिश्रा ने टीम को बधाई देकर उनका हौंसला बढ़ाया। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ रामफूल शर्मा, फाइनेंस ऑफिसर दलपत सिंह, इंचार्ज लॉ डॉ अमित गुलेरिया एवं असिस्टेंट प्रोफेसर मनवीर कौर ने भी टीम को बधाई दी।

# सरसों बेचने नांगल चौधरी मंडियों में उमड़े किसान

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**
नारनौल। जिला महेंद्रगढ़ में सरसों की सरकारी खरीद का कार्य एक बार फिर गुरुवार से शुरू हो गया। नारनौल शहर के अलावा नांगल चौधरी व मण्डी अटेली की मंडियों में सरसों बेचने वाले किसानों की भीड़ लग गई। इसके चलते नारनौल, मंडी अटेली व नांगल चौधरी में सुबह से जाम की स्थिति बनी हुई है । सैकड़ों की संख्या में किसान ट्रैक्टर लेकर अपनी फसल को बेचने के लिए आ रहे हैं।

खराब मौसम के चलते पिछले 10 दिनों से सरसों की सरकारी खरीद का कार्य बंद हो गया था। खरीद कार्य बंद होने के बाद



मंडियों में पड़ी हुई सरसों का उठान किया गया। मौसम साफ हो जाने के बाद सरकार ने फिर से सरसों की खरीद का कार्य शुरू किया है। इसके चलते सरकार 2 दिनों तक किसानों की सरसों की फसल खरीदेगी।

गुरुवार को सरसों बेचने वाले किसानों का हुजूम जिले की मंडियों में उमड़ पड़ा। इसके कारण मंडी अटेली में अल सुबह से जाम की स्थिति बनी रही। मंडी अटेली में अल सुबह से ही किसान ट्रैक्टरों व अन्य साधनों में अपने सरसों की फसल लादकर मंडी में पहुंचे। मंडी अटेली के अलावा नांगल चौधरी व नारनौल की मंडियों में भी किसानों की काफी भीड़ देखी गई। नांगल चौधरी में भी नारनौल रोड पर किसानों की लंबी लाइन लगी हुई थी। जिला महेंद्रगढ़ की विभिन्न मंडियों में किसानों के पहुंचने के कारण सुबह से जाम की स्थिति बनी रही। इसके चलते मंडी अटेली रेवाड़ी, नारनौल, कनीना व बहरोड रोड पूरी तरह जाम रहे। इससे सुबह के समय में नौकरी के साथ अन्य काम के लिए जाने वाले लोगों के अलावा विभिन्न स्कूलों में जाने वाले बच्चों को काफी परेशानी हुई। नांगल चौधरी में भी यही स्थिति बनी हुई है।

# 14 मई को होगा पंचायत मंत्री का भव्य सम्मान समारोह: विनोद यादव

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**
**नारनौल।** नांगल चौधरी विधानसभा क्षेत्र के गांव मूलोदी में आगामी 14 मई को दोपहर दो बजे प्रदेश के विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली का भव्य सम्मान समारोह किया जाएगा। इस समारोह में नांगल चौधरी विधानसभा क्षेत्र के दर्जनों गांवों के पंच-सरपंच एवं समिति सदस्यों के अलावा जिला पार्षदों एवं आम जनता द्वारा जोरदार स्वागत किया जाएगा। इस सम्मान समारोह के आयोजक पूर्व जिला पार्षद रेणू यादव के पिता एवं समाजसेवी विनोद यादव मूलोदी ने इसे यादगार एवं ऐतिहासिक बनाने के लिए अपनी पूरी टीम के साथ मैदान में उतर कर लोगों से जनसंपर्क आरंभ कर दिया हैं। विनोद नेअपने जिला परिषद के वार्ड नम्बर 17 के गांवों में लोगों से संपर्क स्थापित करने के बाद नांगल चौधरी में एक वार्ता के दौरान बताया कि इस समारोह में जहां विभिन्न गांवों के जनप्रतिनिधि अपने-अपने गांवों की प्रमुख समस्याओं एवं मांगों को प्रदेश के विकास एवं पंचायत मंत्री देवेन्द्र बबली के समक्ष रखेंगे, वहीं वों अपने स्तर भी गांव-गांव जाकर आमजन की मूलभूत समस्याओं को जानकर उसे सूचिबद्ध कर रहे है।

# 20,000 रुपये की रिश्वत लेते एक व्यक्ति गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने भ्रष्टाचार के खिलाफ चल रहे अभियान के तहत चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार में नौकरी दिलाने के एवज में 20,000 रुपये की रिश्वत लेते एक निजी व्यक्ति को रंगे हाथों पकड़ा है। इस मामले में एसीबी ने हिसार के रावलवास खुर्द निवासी निजी व्यक्ति सत्यनारायण को रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। एसीबी के प्रवक्ता ने आज यह जानकारी देते हुए बताया कि गांव बयाना खेड़ा निवासी मनदीप की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ



कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि शिकायतकर्ता ने ब्यूरो से संपर्क कर आरोप लगाया कि आरोपी व्यक्ति ने उसे चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में चपरासी के पद पर नियुक्त करने के बदले 1,20,000 रुपये की मांग की थी।

यह भी आरोप लगाया कि आरोपी व्यक्ति ने अपना परिचय एसडीएम कार्यालय, हिसार में क्लर्क के रूप में कार्यरत बताया। उन्होंने बताया कि शिकायत के आधार पर एसीबी की टीम ने तथ्यों की जांच के बाद रेड करने के लिए टीम का गठन किया और आरोपी सत्यनारायण को स्वतंत्र गवाहों की मौजूदगी में शिकायतकर्ता से 20 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया।

# पत्रकारों के लिए हो संविधान पीठ: रामवीर



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**नारद जयं**ती का कार्यक्रम जिला सोनीपत में सेक्टर 15 की मार्केट में एक कोचिंग सेंटर में रहा रामवी पत्रकार संसद टीवी का सानिध्य प्राप्त हुआ। उन्होंने नारद जी जी के जीवन परिचय के बारे में चचाएं की और समाज और देश में हो रही अनेक विषयों पर बातें । उन्होंने कहा कि पत्रकारों के लिए भी संविधान पीठ की आवश्यकता है जिससे उनके हितों की रक्षा हो सके। रामवीर ने पत्रकारों को एकजुट होकर इस बारे में आवाज उठाने को कहा।

# सीएम ने वीसी के माध्यम से फतेहाबाद की आठ परियोजनाओं का किया उद्घाटन

**टीम एक्शन इंडिया/फतेहाबाद**
**मुख्यमंत्री म**नोहर लाल ने गुरुवार को राज्य स्तरीय समारोह में स्वास्थ्य विभाग की 229 करोड़ रुपये की लागत की 48 परियोजनाओं का उद्घाटन किया। इन परियोजनाओं में फतेहाबाद जिला की 16 करोड़ 23 लाख रुपये की आठ परियोजनाएं शामिल हैं। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। लघु सचिवालय में आयोजित कार्यक्रम में उपायुक्त मनदीप कौर ने शिरकत की। फतेहाबाद लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपायुक्त मनदीप कौर ने



मुख्यमंत्री मनोहर लाल का धन्यवाद करते हुए कहा कि जिले की इन आठ परियोजनाओं के शुरू हो जाने से ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी। स्वास्थ्य सुविधाओं की मजबूती में यह प्रोजेक्ट महत्वपूर्ण है। गांवों के लोगों को स्वास्थ्य देखभाल व इलाज के लिए दूर-दराज क्षेत्रों में नहीं जाना पड़ेगा और उन्हें अपने नजदीक ही ये स्वास्थ्य सुविधाएं मिल पाएंगी।

## न्यूज फ्लैश

### उपायुक्त ने बरसाती पानी के संचय को लेकर करीब एक दर्जन गांवों का किया दौरा

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

**उपायुक्त** अनीश यादव ने बरसाती पानी के जल संचय को लेकर इंद्री क्षेत्र के करीब एक दर्जन गांवों का दौरा करके बनाए जा रहे फार्म पोंड व सामान्य तालाबों में चल रहे साफ-सफाई के कार्यों का औचक निरीक्षण किया। उपायुक्त ने इस दौरान संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे मानसून सीजन शुरू होने से पहले सभी फार्म पोंड का निर्माण कार्य तेज गति से पूरा करें तथा सामान्य तालाबों की जल्द से जल्द सफाई करवाएं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जिन तालाबों पर लोगों ने अवैध कब्जा कर रखा है, उन्हें तुरंत प्रभाव से हटवाएं। इस कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जहां कहीं कमी पाई गई, इसके लिए संबंधित अधिकारी व कर्मचारी स्वयं उत्तरदायी होंगे। उन्होंने कहा कि सभी फार्म पोंड व सामान्य तालाबों में चल रहे कार्यों की प्रगति रिपोर्ट व्हाट्सअप ग्रुप में भेजना सुनिश्चित करेंगे। फार्म पोंडों में पानी नीला दिखाई देना चाहिए। उपायुक्त वीरवार को सबसे पहले गांव नौरता में पहुंचकर तालाब की साफ-सफाई व नवीनीकरण के कार्य को देखा। यह तालाब एक एकड़ में विकसित किया जा रहा है, जिस पर अनुमानित 7 लाख रुपये की राशि खर्च होगी। मनरेगा के मजदूरों की कम संख्या व कार्य की धीमी गति को देखकर उपायुक्त ने असंतोष प्रकट किया और कहा कि इस कार्य में तेजी लाने के लिए मजदूरों की संख्या बढ़ाएं ताकि बरसात का सीजन शुरू होने से पहले तालाब की साफ-सफाई व नवीनीकरण का कार्य पूरा हो सके। गांव की सरपंच नीलम के प्रतिनिधि सुरेश व एसडीएम राजेश पुनिया ने आश्वासन दिया कि इसे अगले एक माह में हरसंभव पूरा करवा दिया जाएगा। इसके उपरांत उपायुक्त ने गांव दमनहेड़ी का दौरा किया, जहां पर मनरेगा के मजदूर काफी संख्या में लगे हुए थे जोकि जलखुंबी निकाल रहे थे। वहीं दूसरी ओर तालाब को सुखाने के लिए मोटर से पानी भी निकाला जा रहा था। गांव के सरपंच रमेश कुमार ने उपायुक्त को आश्वस्त किया कि इस तालाब की साफ-सफाई का कार्य जल्द से जल्द पूरा करवा दिया जाएगा।

इसके बाद उपायुक्त ने गांव शेखपुरा बांगर का दौरा किया। वहां पर तालाब की साफ-सफाई व खुदाई का कार्य जोर-शोर से चल रहा था।

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
अंबाला
(मनीष)
(मो. नं. : 9896772006)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पानीपत
(बिजेंद्र सिंह)
(मो. नं. : 9466035040)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
करनाल
राजकुमार शर्मा (प्रिंस)
(मो. नं. : 98962 76156)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
चंडीगढ़/पंचकुला
हरज्ञान चौधरी
(मो. नं. : 94668 87896)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
सोनीपत
(संजीव कौशिक)
(मो. नं. : 9991270143)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
फरीदाबाद
हरपाल सिंह यादव
(मो. नं. : 98117 14343)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पंचकूला
(मैनपाल)
(मो. नं. : 9671232478)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
कुरुक्षेत्र
दलबीर सिंह
(मो. नं. : 94162 71181)

# बैंकों से लाखों का लोन लेकर धोखाधड़ी करने वाला काबू

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

**सदर बाजार पुलिस** चौकी की टीम द्वारा एक ऐसे शातिर आरोपी को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है, जिसने अपने भाई के साथ मिलकर अपनी एक ही जमीन के फर्जी कागजात तैयार करके विभिन्न बैंकों से अलग-अलग समय पर पचास लाख रुपए का लोन लेकर बैंकों के साथ धोखाधड़ी की वारदातों को अंजाम दिया था।

पुलिस चौकी सदर बाजार की टीम द्वारा आरोपी हरमीत पुत्र काबल सिंह वासी गांव बुढ ?पुर वीरान जिला करनाल को विश्वसनीय सूचना के आधार पर सेक्टर-12 करनाल से गिरफ्तार किया गया। आरोपी से प्रारम्भिक पूछताछ में खुलासा हुआ कि आरोपी के पास 80 कनाल जमीन है। आरोपी का भाई गुरकीरत विदेश जाने का इच्छुक था। विदेश जाने के लिए कई लाख रुपए की जरूरत थी। जिसके लिए आरोपियों ने अपनी जमीन के फर्जी कागजात तैयार



करवाकर विभिन्न बैंको से बार-बार लोन लिया। जिसके बाद धोखाधड़ी के रुपए का इस्तेमाल करते हुए आरोपी का भाई गुरकीरत वर्ष 2019 में यात्रा वीजा पर कनाडा चला गया और वहीं पर सैटल हो गया। इसके अलावा दोनों भाई ऐसोआराम की जिंदगी के भी शौकीन हैं। प्रारम्भिक जांच में यह भी खुलासा हुआ कि आरोपी का पिता भी इसी तरह से फर्जी कागजात पर बैंकों से लोन लेकर धोखाधड़ी की वारदातों को अंजाम देता है। जो इस समय ऐसे अन्य मामलों में जेल में सजा काट रहा है।

**▶▶ जमीन के फर्जी कागजात तैयार करके विभिन्न बैंकों से अलग-अलग समय पर पचास लाख रुपए का लोन लेकर बैंकों के साथ धोखाधड़ी की वारदातों को अंजाम दिया**

इस वारदात के संबंध में शिकायतकर्ता जगनजोत कौर बैंस, बैंक मैनेजर स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया ओल्ड ग्रेन मार्किट, करनाल ने दिसम्बर 2021 में पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आरोपी हरमीत सिंह व गुरकीरत सिंह पुत्र काबल सिंह वासी बुढनपुर वीरान जिला करनाल के खिलाफ एक शिकायत दी थी, जिसमें उसने बताया कि दोनों आरोपियों ने मिलकर पहले वर्ष 2015 में स्टेट बैंक ऑफ पटियालाए एनडीआरआई शाखा करनाल से अपनी करीब 80 कनाल खेती की जमीन पर बीस लाख रूप्ये का लोन लिया था। इसके बाद आरोपियों ने अपने पूर्व लोन को छुपाते हुए फर्जी कागजात तैयार करवाकर वर्ष 2016 में इण्डिन बैंक काछवा से दस लाख का लोन व दोबारा वर्ष 2016 में स्टेट बैंक ऑफ पटियाला मॉडल टाउन करनाल से बीस लाख रुपए का लोन लिया था। इस प्रकार आरोपियों ने दो वर्ष के दौरान कुल पचास लाख रुपए का लोन लिया था।

आरोपियों ने लोन लेते समय अपनी जमीन की जमाबंदी पर पूर्व लोन के बारे में इन्द्राज न करवाकर, बेईमानी व बदनियती से जमीन के फर्जी कागजात तैयार करवाकर उनसे लोन लेकर बैंकों के साथ धोखाधडी करने व बैकों को आर्थिक नुकसान पंहुचाने के अपराध में थाना शहर करनाल में भादंसं की धारा 406, 420, 422, 467, 468, 471, 120बी आईपीसी के तहत दर्ज किया गया। आरोपी को आज अदालत में पेश करके एक दिन के पुलिस रिमाण्ड पर लिया गया है।

## रेलवे ट्रैक पर पड़ा मिला युवक का शव

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। करनाल** में रेलवे ट्रैक पर एक युवक का शव बरामद हुआ है। ट्रैक के पास से गुजर रहे लोगों ने शव देखकर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों के हवाले कर दिया।

मृतक की पहचान गांव बसताड़ा निवासी अमित के रूप में हुई है। वह दिहाड़ी मजदूरी का काम करता था। बुधवार शाम करीब 7 बजे वह घर से बिना बताए निकाला था। रात 12 बजे जीआरपी पुलिस ने अमित के परिजनों को फोन कर गांव हसनपुर के पास रेलवे ट्रैक पर उसका शव पड़े होने की सूचना दी। अमित के परिजनों ने बताया कि रात करीब 12 बजे पुलिस से अमित की मौत की सूचना दी थी। अमित काफी समय से मानसिक रूप से परेशान चल रहा था। ऐसी आशंका जताई जा रही है कि इसी



के चलते उसने ट्रेन के सामने आकर सुसाइड किया है। अमित का एक बड़ा भाई और दो बहनें हैं, जिनकी शादी हो रखी है।

अमित अभी अविवाहित था। दिहाड़ी मजदूरी करके वह परिवार का गुजारा बसर कर रहा था। जीआरपी के जांच अधिकारी अमर सिंह ने बताया कि पुलिस ने मृतक अमित का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों के हवाले कर दिया है। पुलिस इस मामले में हर पहलू पर गहनता से जांच कर रही है।

## सोने का लॉकेट व नगदी छीनने वाले चार आरोपी काबू

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

**पुलिस** चौकी सेक्टर-4 की टीम द्वारा लेबर का काम करने वाले लोगों से छीना झपटी की वारदात को अंजाम देने वाले चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के कब्जे से छीना गया सोने का लॉकेट बरामद कर लिया गया है।

पुलिस चौकी सेक्टर-4 की टीम द्वारा आरोपी रिंकु उर्फ ककला वासी अशोक नगर करनाल, प्रवीण उर्फ दीपक वासी अशोक नगर करनाल, प्रवीन कुमार वासी इन्द्रा कालोनी करनाल व आरोपी राहुल कुमार उर्फ नेटा वासी बिहार हाल किराएदार अशोक नगर करनाल को आज विश्वसनीय सूचना पर गिरफ्तार



किया गया। आरोपियों से पूछताछ में खुलासा हुआ कि आरोपी शराब का नशा करने के आदी हैं। आरोपियों ने नशे की हालत में और ज्यादा नशा करने के लिए अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर उक्त वारदात को अंजाम दिया था। जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी प्रवीण उर्फ दीपक एक आदतन अपराधी है। आरोपी के खिलाफ पहले भी चोरी व मारपीट करके छीना झपटी करने के तीन मामले दर्ज हैं। आरोपियों के कब्जे से वारदात में छीना गया सोने का लॉकेट बरामद किया गया है। इस वारदात के संबंध में शिकायतकर्ता रुपेश महतो वासी बिहार हाल नई अनाज मण्डी घरौंडा ने 9 मई को पुलिस चौकी सेक्टर-4 में एक शिकायत देते हुए बताया था कि वह लेबर का काम करता है। 9 मई को बिहार से उसके गांव के चार व्यक्ति लेबर का काम करने के लिए करनाल आए थे। शिकायतकर्ता उन लोगों को लेने के लिए मेरठ चौक करनाल पर आया था। जब वह उन लोगों को एक ऑटो में बिठाकर व खुद मोटरसाईकिल लेकर घरौंडा की तरफ जाने लगे तो हैरिटेज की तरफ से होते हुए पुलिया सेक्टर-4 के पास चार युवक बैठे थे।

## नवनिर्मित भाजपा कार्यालय कमल में पहली बैठक जिलाध्यक्ष योगेन्द्र की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**

**नवनिर्मित भाजपा** कार्यालय कर्ण कमल में पहली बैठक जिलाध्यक्ष योगेन्द्र राणा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में भाजपा के प्रदेश महामंत्री एडवोकेट वेदपाल ने संगठनात्मक विषय अल्पकालीन विस्तारक को लेकर सभी मण्डल के शक्ति केंद्र के विस्तारकों का मार्गदर्शन किया। उन्होंने बताया कि सभी अल्पकालीन विस्तारक अपने-अपने शक्ति केन्द्रों पर जाकर बूथ समिति के प्रमुख, सदस्य, बूथ समिति, बूथ में रहने वाले



लाभार्थियों और प्रमुख मतदाताओं को संपर्क करेंगे और विस्तारक हर बूथ पर जाकर पार्टी को मजबूत करने का काम करेंगे। एडवोकेट वेदपाल ने कहा कि अल्पकालीन विस्तारक प्रदेश का नेतृत्व करने वाले प्रदेश पदाधिकारी व राज्य सरकार के सभी मंत्री, जिला व मंडल तक के पदाधिकारी, कार्यकारिणी व विभिन्न मोर्चे के सदस्य सहित सभी कार्यकर्ता जुड़ेंगे और शक्ति केंद्र को मजबूत करने का काम करेंगे।

## मानव अधिकार संरक्षण संघ ने की पत्रकार आकर्षण की गिरफ्तारी की निंदा

**करनाल** में महिला तहसीलदार एवं यूटूबर पत्रकार आकर्षण उप्पल के मामले पुलिस प्रशासन द्वारा की गई कार्यवाही की घोर निंदा करता हैं संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयवीर गहलावत ने कहा की प्रथम दृष्टि से यह मामला इतना गंभीर नहीं लगता की पत्रकार के खिलाफ 3 धाराओं में मामला दर्ज कर जेल भेजा जाना चाहिए था। सामान्यतः इस तरह के मामलों में समाज के प्रति जिम्मेदारी दिखाते हुए समझौते किये जा सकते हैं। इसके बाद कोर्ट में इन धाराओं में बढ़ोतरी करने की मांग भी याचिकाकर्ता तहसीलदार के पक्ष के द्वारा की गई।

## वाहन चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाला आरोपी काबू



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

**जिला पुलिस** की एंटी ऑटो व्हीकल थेफ्ट व उनकी सहयोगी टीम द्वारा वाहन चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के कब्जे से एक ई-रिक्शा व एक एक्टिवा बरामद की गई है।

पुलिस टीम द्वारा गत दिवस आरोपी साहिल पुत्र बनारसी दास वासी गांव उमरी जिला कुरूक्षेत्र को विश्वसनीय सूचना पर काछव रोड करनाल से गिरफ्तार किया गया। आरोपी चुराई गई ई-रिक्शा को लेकर करनाल में घूमता फिर रहा था। पूछताछ में आरोपी द्वारा खुलासा किया कि उसने थाना शहर के एरिया कलन्दरी गेट के पास खेडे से 6 मई को एक ई रिक्शा चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। इस संबंध में शिकायतकर्ता शेर सिंह वासी झुग्गी झोंपडी नजदीक बस अड्डा करनाल के ब्यान पर थाना शहर में चोरी का मामला दर्ज किया गया।

आरोपी ने बताया कि इसके अलावा उसने थाना सिविल लाईन के एरिया मुगल कैनाल से 18 अप्रैल को एक एक्टिवा चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। इस संबंध में शिकायतकर्ता चिराग कम्बोज वासी आरके पुरम करनाल के ब्यान पर थाना सिविल लाईन में मामला दर्ज किया गया है। आरोपी के कब्जे से दोनों मामलों में चुराई गई एक ई-रिक्शा व एक एक्टिवा बरामद की गई।

पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी आवारा किस्म का व्यक्ति है और नशा करने का आदी है। आरोपी ने नशापूर्ति के लिए उपरोक्त वारदातों को अंजाम दिया था। इससे पहले भी आरोपी के खिलाफ एक मामला आपसी विवाद का दर्ज है। उस मामले में आरोपी जेल में सजा काटकर जेल से बाहर आ चुका है।

## दंगल गर्ल गीता के पति भी काली पट्टी बांधकर हुए शामिल

### खिलाडियों के समर्थन में कांग्रेस ने जिला सचिवालय के बाहर दिया धरना

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

**गुरुवार** को खिलाडि?ों के समर्थन में कांग्रेस ने जिला सचिवालय के बाहर धरना दिया। इस धरने में दंगल गर्ल गीता फोगाट के पति पवन सरोहा भी पहुंचे। यहां पर उन्होंने काली पट्टी बांधकर पहलवानों के समर्थन में ब्लैक डे मनाया और कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण की गिरफ्तारी की मांग की। उन्होंने ग्रेट खली द्वारा दिए गए बयान कि पहलवानों के धरने पर राजनीति हो रही है, पर पलटवार किया। उन्होंने कहा कि



खली इतने बड़े खिलाड़ी हैं। ये दुर्भाग्य की बात है कि वह ऐसी बात कर रहे हैं, बल्कि उन्हें तो खिलाडि?ों के समर्थन में आकर बात करनी चाहिए। क्योंकि पूरा देश खिलाडि?ों के साथ है। पवन सरोहना ने कहा कि पहलवानों के धरने पर कोई राजनीति नहीं हो रही। ये सभी देश के पहलवान हैं और इन खिलाडि?ों के समर्थन में देश के लोग उतरे हैं। हमारी बस एक ही मांग है कि कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए और उन्हें पद से हटाया जाए। कांग्रेस नेताओं ने आज शहर में जोरदार प्रदर्शन किया और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन के बाद कांग्रेस नेताओं ने जिला शिक्षा अधिकारी को सरकार के नाम ज्ञापन सौंपा। धरने पर बैठे कांग्रेसी नेताओं एवं कार्यकत्ताओं में पूर्व विधायक सुमिता सिंह, जयपाल मान आदि मौजूद रहे।

## ऑटो व बाइक की टक्कर में एक की मौत, दो घायल

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

**गांव कलवेड़ी** के पास ऑटो और बाइक की टक्कर में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो अन्य युवक घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जिसमें से एक की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में भिजवा दिया। पोस्टमार्टम की बाद शव परिजनों के हवाले कर दिया जाएगा। मृतक की पहचान गांव खंडा खेड़ी के रहने वाले 21 वर्षीय राहुल के रूप में हुई है। वह घरौंडा में अपनी मौसी के घर आया हुआ था। राहुल दो युवकों के साथ बाइक पर सवार होकर किसी काम



के लिए जा रहा था। इस दौरान जैसे ही वह कलवेहड़ी के पास पहुंचा तो बाइक की टक्कर ऑटो के साथ हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि इसमें राहुल की मौके पर मौत हो गई, जबकि उसके साथ बाइक पर सवार दोनों युवक घायल हो गए। मृतक के परिजन विक्रमजीत सिंह ने बताया कि राहुल उनके पास कंबाइन मशीन पर काम करता था।

## सीएम मनोहर ने प्रदेशवासियों को दी बहुत बड़ी सौगात

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**

**मुख्यमंत्री** मनोहर लाल ने वीरवार को यमुनानगर में आयोजित स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी विभिन्न परियोजनाओं के उद्घाटन एवं शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान इंद्री विधानसभा क्षेत्र की जनता को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने के लिए वीडियो कॉन्फ्रैंसिंग के माध्यम से सब डिविजन सिविल अस्पताल इंद्री और सीएचसी कुंजपुरा को चिकित्सा के क्षेत्र में करोड़ों रुपए की सौगात दी है।

इस मौके पर स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज, शिक्षा मंत्री कंवरपाल गुर्जर, मंडलायुक्त डॉ. रेण एस फूलिया, विधायक घनश्याम दास अरोड़ा सहित प्रशासन के अधिकारीगण भी उपस्थित रहे। इंद्री सब



डिविजल अस्पताल का सांकेतिक तौर पर उपायुक्त अनीश यादव ने उद्घाटन किया और क्षेत्रवासियों को शुभकामनाएं दी।

उपायुक्त अनीश यादव ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए संकल्पित हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल गुरुवार को जिलावासियों को सब डिविजन सिविल अस्पताल इंद्री और सीएचसी कुंजपुरा को चिकित्सा के क्षेत्र में करोड़ों रुपए की सौगात दी है। इन क्षेत्रों के लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं में काफी लाभ होगा।

उपायुक्त ने बताया कि इंद्री में 1241.68 लाख रुपए की लागत से 50 बैड का सिविल अस्तपाल का भवन बनकर तैयार हुआ है। इस अस्पताल में 24 घंटे स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होंगी और गर्भवती महिलाओं की डिलीवरी की 24 घंटे सुविधा होगी। इस अस्पताल में ओपीडी सेवाएं, आईपीडी सेवाएं, लैब, आईसीटीसी सेवाएं, डॉट सेंटर, डेंटल सर्विस, फैमिली प्लॉनिंग सेवाएं व एनसीडी क्लीनिक आदि की सेवाएं उपलब्ध होंगी। इस अस्पताल के उद्घाटन से क्षेत्र के लोगों को काफी लाभ मिलेगा।

उपायुक्त ने बताया कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुंजपुरा की भी सौगात दी है। उन्होंने बताया कि 30 बैड का यह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र 238 लाख की लागत से तैयार हुआ है। इस अस्पताल में 24 घंटे स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होंगी।

# संपादकीय

## भारत-यूएस की साझेदारी की मजबूत प्रतिबद्धता

**वैश्विक** स्तरपर आज तेजी से हाईटेक हो रहे भारत की तकनीकों,रणनीतियों,आत्मनिर्भर भारत और विजन 2047 को देखकर दुनियां हैरान है। क्योंकि दिनांक 10 मई 2023 को यही केंद्रीय परिवहन मंत्री ने एक कार्यक्रम में कहा हम ऑटो सेक्टर में अभी विश्वमें नंबर 4 से 3 पर आए हैं और अगले 5 वर्षों में नंबर एक पर होंगे।वहीं इलेक्ट्रॉनिक राजमार्ग की ओर कदम बढ़ गएहैं।इलेक्ट्रॉनिक रोड और हाईवे बनाएं जा रहें हैं। करीब-करीब हर क्षेत्र में नए-नए इंफ्रास्ट्रक्चर रिप्लेस किए जा रहे हैं। इस आधुनिक इंस्ट्रक्चर पर 10 मई 2023 को ही राजस्थान में पीएम ने एक सभा में कहा यह जरूरी है सोच को सकारात्मकता में लाना होगा, आटा पहले या डाटा पहले, सड़क पहले या सैटेलाइट पहले, कह कर नकारात्मकता पर तंज कसा। लद गए अब वो दिन! आज डिजिटल भारत दुनियां में दम रखता है! रूस-यूक्रेन युद्ध के समाधान पर भारत की ओर संकटमोचक उपाधि की नजरों से देखा जा रहा है। कई देश फ्री ट्रेड झोन की बात, तो अति विकसित देशों से घनिष्ठ साजिदारी की मजबूत प्रतिबद्धता हो रही है। इसी कड़ी में हमारे पीएम 22 जून 2023 को अमेरिका जा रहे हैं जहां शिक्षा, जलवायु परिवर्तन, स्वच्छ ऊर्जा, अंतरिक्ष आदि क्षेत्रों में सामरिक प्रौद्योगिक साझेदारी को प्रगाढ़ किया जाएगा। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि हमारे पीएम के सम्मान में राष्ट्रपति जो बिडेन ने राजकीय रात्रि भोज रखा है जिसके केंद्रबिंदु हमारे पीएम होंगे, जो हर भारतीय के लिए गौरव की बात है। इसके अलावा दुनियां का हर देश आज भारत को हसरत भरी नजरों से देख रहा है कि हमारी भारत के साथ ऐसी ही प्रगाढ़ साजिदारी हर क्षेत्र में हो जिससे भारत के हाईटेक होने का लाभ मिले, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे ', भारत अमेरिका की घनिष्ठ रिश्तेदारी की मजबूत प्रतिबद्धता।

साथियों बात अगर हम हमारे पीएम के अमेरिका यात्रा की करें तो, व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव ने एक बयान जारी करके यात्रा की घोषणा की है बयान में कहा गया, आगामी यात्रा अमेरिका तथा भारत के बीच गहरी एवं नजदीकी साझेदारी को और बढ़ाएगी, साथ ही अमेरिकियों और भारतीयों को जोड़ने वाले गर्मजोशी भरे संबंधों को भी मजबूत करेगी। अमेरिकी राष्ट्रपति और प्रथम महिला संयुक्त राज्य अमेरिका की आधिकारिक राजकीय यात्रा के लिए हमारे पीएम की मेजबानी करेंगे, जिसमें 22 जून, 2023 को राजकीय रात्रिभोज शामिल होगा। प्रेस सचिव ने कहा कि पीएम की यात्रा दोनों देशों के स्वतंत्र, मुक्त, समृद्ध तथा सुरक्षित हिंद-प्रशांत क्षेत्र की साझा प्रतिबद्धता तथा रक्षा, स्वच्छ ऊर्जा तथा अंतरिक्ष आदि में सामरिक प्रौद्योगिकी साझेदारी को बढ़ाने के संकल्प को और प्रगाढ़ करेगी।उन्होंने कहा कि दोनों नेता शिक्षा के क्षेत्र तथा लोगों के बीच संबंधों को आगे बढ़ाने के तरीकों पर भी चर्चा करेंगे। विदेश मंत्रालय द्वारा ट्वीट कर इसकी पुष्टि की और कहा पीएम संयुक्त राज्य अमेरिका की आधिकारिक राजकीय यात्रा पर जाएंगे, जिसमें अमेरिकी राष्ट्रपति और प्रथम महिला के निमंत्रण पर पीएम राजकीय रात्रिभोज में शामिल होंगें।

# विपक्षी एकता के लिए पहले कर्नाटक चुनाव रिजल्ट महत्वपूर्ण



अशोक भाटिया

> बताते हैं कर्नाटक का चुनाव परिणाम कांग्रेस के रुख को भी तय करेगा। यदि कांग्रेस कर्नाटक में वापस आती है तो नीतीश कुमार को विपक्षी एकता के लिए फ्री हैंड नहीं दे सकती है। यदि भाजपा की वापसी कर्नाटक में होती है तो नीतीश कुमार के सहारे कांग्रेस 2024 का चुनाव लड़ सकती है। इस मुहिम में कांग्रेस नीतीश कुमार का साथ देगी और एक बड़े अलायंस को बनाकर 2024 के चुनाव में उतरेगी। राजनीतिक पंडितों की माने तो यह चुनाव नीतीश कुमार के विपक्षी एकता को नया मोड़ देगा। जिस उद्देश्य से नीतीश कुमार विपक्षी एकता के लिए मेहनत कर रहे हैं, विपक्षी एकता पर अपनी एनर्जी लगा रहे हैं। इसका रिटर्न तभी मिलेगा, जब कर्नाटक चुनाव में कांग्रेस का प्रदर्शन बेहतर नहीं रहेगा

**13 मई** को कर्नाटक चुनाव परिणाम आएगा। यही विपक्षी एकता के मुहिम का रुख तय करेगा। वजह साफ है कि सर्वे में यह बताया जा रहा है कि कांग्रेस की स्थिति मजबूत है। हालांकि यह परिणाम के बाद पता चलेगा कि वहां किसकी सरकार बनती है। यदि कांग्रेस सत्ता में वापसी करती है तो 2024 के लिए कांग्रेस की स्थिति मजबूत होती दिख रही है। और यदि वापस भाजपा कर्नाटक में सरकार बनाने में कामयाब हो जाती है तो नीतीश कुमार का मुहिम और तेज होगा।

बताते हैं कर्नाटक का चुनाव परिणाम कांग्रेस के रुख को भी तय करेगा। यदि कांग्रेस कर्नाटक में वापस आती है तो नीतीश कुमार को विपक्षी एकता के लिए फ्री हैंड नहीं दे सकती है। यदि भाजपा की वापसी कर्नाटक में होती है तो नीतीश कुमार के सहारे कांग्रेस 2024 का चुनाव लड़ सकती है। इस मुहिम में कांग्रेस नीतीश कुमार का साथ देगी और एक बड़े अलायंस को बनाकर 2024 के चुनाव में उतरेगी। राजनीतिक पंडितों की माने तो यह चुनाव नीतीश कुमार के विपक्षी एकता को नया मोड़ देगा। जिस उद्देश्य से नीतीश कुमार विपक्षी एकता के लिए मेहनत कर रहे हैं, विपक्षी एकता पर अपनी एनर्जी लगा रहे हैं।इसका रिटर्न तभी मिलेगा, जब कर्नाटक चुनाव में कांग्रेस का प्रदर्शन बेहतर नहीं रहेगा।वहीं, कांग्रेस भी अपनी दक्षिण भारतीय राजनीति में कर्नाटक विधानसभा को किसी भी हाल में जीतना चाहेगी। क्योंकि इसके बाद उन्हें देश की राजनीति में एक बड़ा बल मिलेगा और लोकसभा चुनाव 2024 में विपक्षी दलों में सबसे ऊपर रहेगी। देखा जाय तो अगर देश भर की विपक्षी पार्टियों का मोर्चा बनता है, जिसकी कोशिश बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कर रहे हैं और उनके साथ साथ कुछ और नेता इस आइडिया को आगे बढ़ा रहे हैं तो उसकी कमान किसके हाथ में रहेगी? विपक्षी पार्टियां अभी इस बारे में बात नहीं कर रही हैं। उनका कहना है कि एक बार गठबंधन बन जाए तो यह भी तय कर लेंगे कि उसका नेता कौन होगा। सबको पता है कि विपक्ष का नेता कौन होगा यह तय करना आसान नहीं है। लेकिन विपक्षी गठबंधन का संयोजक या समन्वयक तय करना ज्यादा मुश्किल नहीं होगा।

बिहार के जनता दल यू और राजद नेताओं का कहना है कि गठबंधन का नेता चुनने का मतलब यह है कि अगर लोकसभा चुनाव में विपक्षी गठबंधन जीते तो प्रधानमंत्री कौन होगा पर संयोजक या समन्वयक का मतलब है कि चुनाव तक सभी पार्टियों को साथ लाने और उनके बीच सीटों का तालमेल कराने वाला व्यक्ति। जरूरी नहीं है कि वह व्यक्ति गठबंधन का नेता या प्रधानमंत्री पद का दावेदार हो। नीतीश कुमार वह व्यक्ति हो सकते हैं। ध्यान रहे पहले जब भाजपा के नेतृत्व वाला एनडीए बना था तब लंबे समय तक किसी न किसी प्रादेशिक पार्टी का नेता ही उसका संयोजक होता था। जॉर्ज फर्नांडीस से लेकर चंद्रबाबू नायडू और शरद यादव तक संयोजक रहे लेकिन इनमें से कोई न कोई प्रधानमंत्री का दावेदार था और न प्रधानमंत्री सवाल है कि क्या नीतीश कुमार उसी तरह की भूमिका अपने लिए चाहते हैं? बताया जा रहा है कि नीतीश अभी अनौपचारिक रूप से और विशुद्ध रूप से अपनी पहल पर विपक्षी पार्टियों को साथ लाने का प्रयास कर रहे हैं। अगर इस प्रयास को औपचारिक रूप दिया जाता है यानी मोर्चा बन जाता है तो एक कोऑर्डिनेटर की जरूरत होगी। क्योंकि उसके बाद सभी नेताओं के सात तालमेल करना, भाजपा के साथ वन ऑन वन इलेक्शन बनाने के लिए सीटों की एडजस्टमेंट के बारे में बातचीत करना और साझा न्यूनतम कार्यक्रम तय करने के लिए एक सिस्टम चाहिए होगा। वह सिस्टम नीतीश के नेतृत्व में बन सकता है। बताया जा रहा है कि सभी विपक्षी नेताओं के साथ एक दौर की वार्ता के बाद बिहार में सबको इकट्ठा किया जाएगा। देश की तमाम भाजपा विरोधी पार्टियों की बैठक बिहार में होगी। उस बैठक में नीतीश कुमार को विपक्षी मोर्चा का कोऑर्डिनेटर बनाया जा सकता है। पद का नाम कोऑर्डिनेटर यानी समन्वयक या कन्वेनर यानी संयोजक में से कुछ हो सकता है। नीतीश की पार्टी जनता दल यू के नेताओं को उम्मीद है कि उनको विपक्षी मोर्चा की कमान मिलने से नीतीश का कद बढ़ेगा और वे सर्वमान्य राष्ट्रीय नेता माने जाएंगे। पार्टी को कई राज्यों में इसका फायदा मिलेगा। बिहार के साथ साथ झारखंड में भी जदयू को अपनी ताकत बढ़ानी है। अगर नीतीश को राष्ट्रीय नेता माना जाता है तो बिहार के बाहर पार्टी की पहचान मजबूत होगी। चुनावी लाभ भी हो सकता है। दूसरी तरफ माना जा रहा है कि कांग्रेस पार्टी विपक्षी गठबंधन बनाने के लिए तैयार है लेकिन वह अपने हितों से समझौते के लिए तैयार नहीं है। वह कुछ राज्यों में अपने हिसाब से राजनीति कर रही है और वहां के क्षत्रप नेताओं से समझौता करने के मूड में नहीं है। इसमें दो राज्यों- दिल्ली और तेलंगाना का नाम खासतौर से लिया जा सकता है। इन दोनों राज्यों में कांग्रेस अकेले और आक्रामक राजनीति कर रही है, जो केंद्रीय संगठन की राजनीति से अलग है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जब सीबीआई का समन मिला तो कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने उनको फोन करके समर्थन जताया था लेकिन कांग्रेस के दूसरे नेता केजरीवाल पर लगातार हमला कर रहे हैं।

पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व केंद्रीय मंत्री अजय माकन ने उप राज्यपाल को चिट्ठी लिख कर कहा है कि केजरीवाल ने अपने बंगले की साज सज्जा पर 45 करोड़ नहीं, बल्कि 171 करोड़ रुपए खर्च किए हैं। उप राज्यपाल ने इस चिट्ठी को जांच के लिए मुख्य सचिव के पास भेजा है। इसी तरह पूर्व सांसद संदीप दीक्षित ने फीडबैक यूनिट के जरिए नेताओं की जासूसी कराने के मामले में केजरीवाल के ऊपर देशद्रोह का मुकदमा चलाने की मांग की है।दिल्ली की तरह ही तेलंगाना में कांग्रेस पार्टी सत्तारूढ़ दल भारत राष्ट्र समिति के खिलाफ हमलावर है। कर्नाटक चुनाव के बीच प्रियंका गांधी वाड्रा ने तेलंगाना जाकर एक बड़ी रैली की, जिसमें उन्होंने राज्य सरकार को जम कर निशाना बनाया। प्रदेश अध्यक्ष रेवंत रेड्डी भी लगातार के चंद्रशेखर राव और उनकी सरकार के खिलाफ हमलावर हैं। प्रियंका ने तेलंगाना के गठन का श्रेय सोनिया गांधी को दिया और कांग्रेस के लिए समर्थन मांगा। इससे लग रहा है कि कांग्रेस राज्य में या तो तालमेल नहीं करेगी और अगर करेगी तो कम सीटों पर राजी नहीं होगी। सर्वविदित है कि भाजपा के विरोधी दल अक्सर एक-दूसरे के साथ उलझे रहते हैं और एकजुट होकर की गई कोई भी कार्रवाई उनके लिए कभी आसान नहीं होती। विरोधाभास कई हैं, वैचारिक स्तर पर और निजी स्तर पर। ज्यादातर मामलों में वे परस्पर विरोधी हित समूहों का प्रतिनिधित्व करते हैं। कुछ दल भाजपा के प्रति अपने नजरिए को लेकर चौकस रहते हैं। जब इन दलों को अपनी घरेलू जमीन बचानी होती है, तो ये भाजपा के प्रति काफी सख्त हो जाते हैं। नई दिल्ली में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, कांग्रेस के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी, सीपीआई (एम) के सीताराम येचुरी और आम आदमी पार्टी के अरविंद केजरीवाल की बैठक निर्णायक से ज्यादा संभावनाओं की तलाश से भरी थी। हालांकि, गैर-भाजपा दलों के बीच एक चीज स्पष्ट हो गई है कि अगर आपसी दुश्मनी में वे उलझे रहे, तो भाजपा उन्हें आसान शिकार बना लेगी, जिसकी सत्ता के लिए भूख असीमित है। तथ्य यह है कि इनमें से ज्यादातर गैर-भाजपा दल उसी कांग्रेस के विरोध में पैदा हुए थे जो अभी राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा की प्रतिद्वंद्वी दल है। इसलिए इन दलों के बीच में एक साझा बुनियाद तैयार करने में काफी टाल-मटोल होता रहता है। भाजपा का हिन्दी क्षेत्र में दबदबा है और कई राज्यों में इसे क्षेत्रीय दलों के प्रतिरोध का सामना करना पड़ता है।




# कविता

## इन्द्रराज दिलाए दोस्त

इंद्र देव सा राज भी मिल जाए
गुल-पोश बनाए जीवन अनमोल
जब एहसास जीने का करवाए दोस्त !
रेत के घरोंदों में मुबहम हो राहें
मँजिल जब हो कोसों दूर
रास्ता दिखाए इक अच्छा दोस्त !
तनाव के भुजन्गों से लिपटा जीवन
महक वृक्ष चंदन भी भूल जाए
प्यासे जीवन में महक का
एहसास करवाए सच्चा दोस्त !
कस्तूरी से मृग रहे जब बेखबर
मन विचरे इधर-उधर
भीतर बसती खुशबू का
राज बताए सच्चा दोस्त !
पंख लगे हों बदन पर बेशक
उड़ने को हो किन्तु लाचार
भरोसा नभ पर उड़ने का
मन में जगाए सच्चा दोस्त !
इंद्र देव सा राज भी मिल जाए गर
तपस्या से सींचा जाए जीवन
ख़्वाबों का एवान दिलवाए
खुशहाली लाए सच्चा दोस्त !

मुनीष भाटिया

## रोजी-रोटी का विकट संकट झेलता मजदूर

**डॉ घनश्याम बादल**

**यूं तो तो हर** आदमी पेट का मजदूर है पर कुछ ऐसे भी हैं जो दूसरों के काम कर-के पेट पालने को मजबूर हैं । न उनके पास पूंजी है न, खेती करने लायक जमीन, न दुकान, न मकान और न ही एक नियमित चलने वाला रोजगार । वह मजदूर भी है और मजबूर भी। उसकी हालत और हालात पर चिंतन मनन करने का दिन है आज । जिसे दुनिया श्रमिक दिवस , मजदूर दिवस , लेबर डे या मई दिवस के नाम से मनाती है । एक निगाह डालें तो देख सकते हैं कि आजीविका के रूप में मुख्यतः खेती, उद्यम, नौकरी या स्वरोजगार ही मुख्य हैं । पर इन सब के लिए कहीं पूंजी चाहिए तो कहीं जमीन या कुशलता । पर एक बड़ा वर्ग आज भी ऐसा है जिसके पास इनमें से एक भी चीज नहीं है तब उनके पास दूसरे के अधीन रहकर काम करने के अलावा कोई चारा नहीं बचता है और वें किसी बड़े किसान या साहूकार के यहां खेतिहर मजदूर ,किसी ठेकेदार के पास श्रमिक के रूप में या किसी उद्यमी के कारखाने अथवा फैक्ट्री में दिहाड़ी पर काम करते हैं । अकुशल या अर्द्धकुशल कामगार के पास तकनीकी ज्ञान व दक्षता कम होती है पूरे साल में इन्हे भारत में करीब 100 दिन ही रोजगार उपलब्ध हो पाता है और परिवार को चलाने के लिए उन्हे अपने घर की औरतों व बच्चों तक को काम पर लगाना पड़ता है । एक समय था जब शीतयुद्ध से त्रस्त विश्व पूंजीवाद और समाजवादी खेमों बंटा था अमेरिका व ब्रिटेन के नेतृत्व में एक खेमा औद्योगिकरण व औद्योगिक क्रांति के विचार के साथ आगे बढ़ रहा था जिसकी सोच थी मशीनों की मदद से किसी भी उत्पाद की कीमत कम से कम कर उसे आम आदमी की पहुंच में लाना व अधिक से अधिक उत्पादन करना । तो वहीं दूसरा खेमा तत्कालीन सोवियत संघ की अगुआई में उस प्रक्रिया के पीछे उद्योगपतियों द्वारा श्रमिकों का शोषण देख रहा था और वह मजदूर की खस्ता हालत के लिए इन्हे ही जिम्मेदार मानकर सारे उद्योगों का सरकारीकरण कर रहा था जिससे कि मजदूर का शोषण रुक सके । रूस एक समतामूलक समाज के निर्माण का सपना लेकर वह समाजवादी व्यवस्था को दुनिया भर में फैलाना चाहता था रूस के बाद चीन इस आंदोलन का सबसे बड़ा हिमायती था और कमोबेश भारत पर भी आजादी के तुरंत बाद इसी विचारधारा का प्रभाव पूंजीवाद के मुकाबले अधिक था । समय के साथ पूंजीवाद बना , बचा रहा और रूस के नेतृत्व वाला सोवियत संघ बिखर गया । इसे एक तरह से समाजवाद का पतन माना गया हालांकि चीन आज भी थोड़े बहुत बदलावों के साथ अपने रास्ते पर चल रहा है । यह संघर्ष आदमी पर मशीन की जीत का प्रतीक बनकर उभरा और यह उभार अभी भी जारी है । इसी उभार की सबसे बड़ी मार अकुशल मजदूर पर पड़ी है। आज भी उद्यमी अपनी पूंजी व प्रबंधन के बल पर टिके हैं।

# विचार

## एमपी में शिवराज के मुकाबले कमलनाथ की राजनीति।

**नरेंद्र तिवारी पत्रकार**

**मध्यप्रदेश** में राजनीतिक माहौल में गर्मी व्याप्त है। चुनावी साल होने से दलबदल का दौर भी चल रहा है, दलबदल का बहाव शुरूवाती दौर में भाजपा से कांग्रेस की तरफ दिखाई दे रहा है। जबानी जंग भी तेज हो गयी है। प्रदेश के मुख्यमंत्री लाडली बहना को 2023 के विधानसभा चुनाव की संजीवनी मानते हुए इसके प्रचार-प्रसार में तन-मन से जुट गए है। सम्पूर्ण सरकारी मशीनरी शिवराज सरकार की लाडली बहना योजना के तहत एक हजार रु की आर्थिक सहायता प्रदान करने के क्रियान्वयन में जुटी हुई है। शिवराज की लाडली बहना के जवाब में कमलनाथ ने नारी सम्मान योजना की शुरूवात 9 मई को छिंदवाड़ा के परासिया से की है। कमलनाथ ने नारी सम्मान योजना के पंजीयन आरम्भ करने से पूर्व भावुक अपील जारी करते हुए प्रदेश मे महिला सम्मान और समृद्धि के लिए नारी सम्मान योजना के अंर्तगत 1500 रु एवं 500 रु में गैस सिलेंडर देने का वादा किया है। शिव के एक हजार के जवाब में कमलनाथ के 1500 रु के साथ 500 रु मे गैस सिलेंडर महिलाओं के साथ पुरुषों को भी आकर्षित कर सकता है। गैस सिलेंडर की बढ़ती कीमत प्रदेश की आमजनता के लिए चिंता का सबब है। इस चिंता को कमलनाथ ने अपनी नारी सम्मान योजना में शामिल कर जनता के मन की बात कह दी है। राजनीति का गहरा अनुभव रखने वाले कमलनाथ द्वारा मध्यप्रदेश की सत्ता से हटने के बाद से की जा रही भावुक अपीलें प्रदेश की जनता के मन में भावनाओं का ज्वार पैदा कर रही है। भाजपा में चल रही आंतरिक कलह का लाभ कांग्रेस के कमलनाथ को मिल रहा है। आंतरिक कलह को प्रदेश भाजपा संगठन जितना दबाने की कोशिश करता है। आंतरिक कलह उतनी ही तेजी से उभरता जा रहा है। इस आंतरिक कलह का प्रमुख कारण भाजपा की राजनीति में सिंधिया के पदार्पण से जुड़ा है। मार्च 2020 में कमलनाथ की 15 महीने की सरकार ज्योतिरादित्य सिंधिया गुट के 22 विधायकों के बगावती तेवर से अल्पमत में आ गयी थी। बाद में सिंधिया सहित इन विधायकों ने भाजपा का दामन थाम लिया। सिंधिया गुट का आगमन प्रदेश में शिवराज के नैतृत्व में भाजपा की सरकार तो बना गया, किन्तु अब यह भाजपा में आंतरिक कलह का कारण बनता दिखाई दे रहा है। बगावत की शुरूवात भाजपा के आधार स्तम्भ कहे जानेवाले प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री, सांसद सदस्य और शालीनता की राजनीति के पक्षधर कैलाश जोशी के पुत्र दीपक कैलाश जोशी से हुई। भावनाओं का ज्वार यहा भी मचल रहा था। दीपक जोशी अपने पिता का चित्र भी साथ लेकर गए, उन्होंने प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में अपने पिता के चित्र को हाथ मे लेकर कहा की स्वर्गीय कैलाश जोशी की ईमानदार विरासत को भाजपा की मौजूदा सरकार ने पूरी तरह भुला दिया है। स्वर्गीय कैलाश जोशी के संस्कारों से शिवराज की भाजपा का कोई वास्ता नहीं है। तीन बार प्रदेश की हाटपिपल्या सीट से विधायक और शिवराज सरकार में मंत्री रहे दीपक कैलाश जोशी का कांग्रेस में जाना आंतरिक विद्रोह का सामना कर रही मध्यप्रदेश भारतीय जनता पार्टी के बगावती नेताओं को दिशा देने वाला हो सकता है। इसी दौरान दतिया के पूर्व विधायक राधेलाल बघेल भी कमलनाथ के नैतृत्व में कांग्रेस में शामिल हो गए। दीपक जोशी और राधेलाल बघेल का कांग्रेस में शामिल होना प्रदेश के मुखिया शिवराज सिंह के लिए चिंता का सबब है। यह भाजपा संगठन के लिए भी विचारणीय प्रश्न है। इस बगावत को नजरअंदाज करना आसान नहीं है। बगावत की आवाजें तो और भी बुलन्द हो रही है, चुनाव के निकट आते-आते यह आवाजें भाजपा की मुसीबत का कारण बनेगी। भाजपा के इन नेताओं का कांग्रेस में शामिल होना कमलनाथ के कांग्रेस नैतृत्व पर कुशलता की मोहर है। इस बात में कोई दो राय नही है कि शिवराज के मुकाबले कमलनाथ की गम्भीरता अधिक आकर्षित करने वाली दिखाई दे रही है। कमलनाथ का लंबा राजनीतिक सफर उनकी उपलब्धियों का बखान करता प्रतीत होता है। वें भारतीय संसद के 9 बार लगातार सदस्य रहें। केंद्रीय कपड़ा, वाणिज्य, संसदीय कार्य, शहरी विकास, सड़क परिवहन आदि विभागों के मंत्री रह चुके है, उन्हें अनेको विभागों की संसदीय समितियों का अनुभव है। दिल्ली की राजनीतिक बाराकियों को भलीभांति जानते है। छिंदवाड़ा मॉडल उनकी पहिचान हैं। छिंदवाड़ा के लोगो से कमलनाथ का गहरा रिश्ता है। विषम परिस्थितियों में भी छिंदवाड़ा ने कमलनाथ और उनके परिवार का साथ दिया है। यूपी के कानपुर में 1946 को जन्मे कमलनाथ गांधी परिवार के करीबियों में से एक है। वें संजय गांधी के होस्टल के साथी रहे है। एक बार छिंदवाड़ा चुनाव में प्रचार के दौरान पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने कमलनाथ को अपना तीसरा पुत्र कहकर संबोधित किया था। बड़े व्यवसायिक खानदान से ताल्लुक रखने वाले कमलनाथ को वर्ष 2011 में भारत का सबसे अमीर कैबिनेट मंत्री घोषित किया गया था। उस समय उनके पास 2.73 अरब रुपयों की संपत्ति थी। खानदानी पूंजीपति होने के कारण उनकी छवि राजनीतिक भष्ट्राचार के आरोपों से मुक्त है। 2018 में उन्होंने मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष की कमान संभाली ओर 2019 के चुनाव में प्रदेश के 31वें मुख्यमंत्री बनें। कमलनाथ का 15 महीने का कार्यकाल जनता के स्मृति पटल पर आज भी अंकित दिखाई दे रहा है।

एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

# चिंतन

## स्वस्थ प्रतिस्पर्धा ठीक, तुलना व होड़ अच्छी नहीं !

**सुनील कुमार महला**

**हाल ही** में राजस्थान के कोचिंग हब कहलाने वाले कोटा जिले में नीट के एक और स्टूडेंट ने परेशान होकर बिल्डिंग से छलांग लगा दी और इससे उसकी मौत हो गई। मीडिया के हवाले से सामने आया है कि बच्चे का नीट का पेपर अच्छा नहीं हुआ था और आशंका जताई गई है कि तनाव में बच्चे ने सुसाइड कर लिया। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो यानी कि एनसीआरबी के आंकड़ों के अनुसार 2018 से हर साल 10 हजार से ज्यादा छात्रों ने किसी न किसी कारण जान दी है। 2021 में आत्महत्या के कुल 164033 मामलों में छात्रों की संख्या 13089 थी। खतरनाक बात यह है कि कुल आत्महत्या में छात्रों का प्रतिशत बढ़ रहा है। वर्ष 2011 और 2021 के आंकड़ों की तुलना करें तो इस दौरान कुल आत्महत्याएं 21% बढ़ीं, लेकिन छात्र आत्महत्या में 70% वृद्धि हुई। 2011 में हर दिन 21 छात्रों ने खुदकुशी की तो 2021 में यह संख्या 36 हो गई, यानी हर दो घंटे में तीन। 2021 में 18-30 आयु वर्ग में सबसे ज्यादा 56,543 सुसाइड के मामले सामने आए। यह बहुत ही संवेदनशील है कि भारत में आत्महत्या दर (प्रति एक लाख आबादी में) विश्व औसत से ज्यादा है। यह पहली बार नहीं है कि जब ऐसी घटना सामने आई है। इससे पहले भी ऐसी घटनाएं कोटा में हो चुकी है। बहुत ही गंभीर बात तो यह है कि मात्र पांच महीनों में ही सुसाइड की यह चौथी घटना है। जानकारी देना चाहूंगा कि इससे पहले कोटा के विज्ञान नगर इलाके में 29 जनवरी 2023 को एक कोचिंग स्टूडेंट ने सुसाइड का प्रयास किया था। स्टूडेंट हॉस्टल की चौथी मंजिल की बालकनी से नीचे कूद गया था। बाद में उसे गंभीर हालत में एक प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। बताता चलूं कि स्टूडेंट के बालकनी से गिरते हुए का सीसीटीवी फुटेज भी उस वक्त सामने आया था। इसी प्रकार से इसी वर्ष 3 फरवरी 2023 की रात को जवाहर नगर इलाके के हॉस्टल की छठी मंजिल से गिरने से एक कोचिंग स्टूडेंट की मौत हो गई थी। मृतक जलपाईगुड़ी (पश्चिम बंगाल) का रहना वाला था।

## हैलो सूरज!

**डॉ. सुरेश कुमार**

हो न हो चाचा मामा से बड़े गुस्सैले होते हैं, नहीं तो चंदा को मामा और सूरज को चाचा क्यों कहते। कभी-कभी तो उसका गुस्सा देख दादा भी कह उठते हैं। ब्रह्मांड में कई अनगिनत आकाशगंगा है। उनमें से एक आकाशगंगा का एक छोटा सा भाग है हमारा सौर्य मंडल और सौर्य मंडल का प्रधान है हमारे सूरज चाचा। सूरज चाचा एक ही स्थान पर टिके हैं। वे किसी के आगे-पीछे चिरौरी करने नहीं घूमते। बल्कि दुनिया के लोग उन्हें गर्मी की सेटिंग करने की सलाह दे डालते हैं। हाँ यह अलग बात है कि वे किसी की नहीं सूनचे। उनमें 72% पेड़ों को काटने का हाइड्रोजन वाला गुस्सा, 26% बचे-खुचे पेड़ों को पानी न डालने वाला हिलियम गुस्सा, 2 % पर्यावपरण के नाम पर नौटंकी करने और मुँह काला करवाने वाला कार्बनी गुस्सा, और कभी-कभी किसी के पुण्य पर ऑक्सीजन बनकर प्रेम लुटाने का काम करते हैं। सूरज चाचा का रंग अभी भी सफेद है, इसलिए कि वे किसी खादी की दुकान से कपड़ा नहीं लेते। सूरज चाचा पृथ्वी से 150 मिलीयन किलोमीटर दूरी पर अपने गर्मदार विला में रहते हैं। दूरी बनाए रखने का एक कारण यह भी है कि कहीं कोई नेता उनकी जमीन न हड़प ले। आजकल इनकी किरणें आवश्यकतानुसार धरती पर नहीं पड़ती। हो न हो सूरज चाचा किसी अर्थशास्त्री से ब्लैक मार्केटिंग का प्रशिक्षण ले रहे हैं। ऐसा करने से उनका डिमांड हमेशा बना रहता है। गर्मी के दिनों में तो वातानुकूलित यंत्र बेचने वाली कंपनियों से सांठ-गांठ बनाए रखते हैं। सुना है वे उन्हें कमीशन भी अच्छा देते हैं। सूरज चाचा के प्रकाश में अन्य तारे चमकते है। गरदिश वाले तारे पैसों की चमक से चमकते हैं। चाचा जी आग का गोला हैं। धरती के लोग उन्हीं की आग से सोलार-सोलार खेलते हैं और उनके सामने डरने की नौटंकी करते हैं। वे इंसानों की तरह अंदर-बाहर से अलग नहीं हैं। वे जैसा दिखते हैं, वैसा होते हैं। वैसा करते हैं।

गर्मी होना, गर्म करना, गर्म फेंकना इनकी फितरत है। इसमें किसी प्रकार का समझौता नहीं करते। सूरज चाचा का गुरुत्वाकर्षण पृथ्वी से 28 गुना ज्यादा है। बावजूद इसके वे नेताओं की खरीद-फरोख्त वाले गुरुत्वाकर्षण शक्ति में अभी भी बच्चे हैं।

# 'देश विरोधी ताकतों के हाथों में खेल रहा है विपक्ष'

## विहिप कार्यकर्ताओं व कालेज छात्राओं के साथ देखी द केरल स्टोरी

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत।**
**पूर्व कैबिनेट** मंत्री एवं भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष कविता जैन ने कहा कि देश विरोधी ताकतों के हाथों में विपक्षी दल खेल रहे हैं और उनके देश को तोड़ने में मनसूबे में साथ देकर जनता की भावनाओं से खिलवाड़ कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज सतर्कता और जागरूकता के साथ हमें मिलकर इस विचारधारा का सामना करना है, तभी हम असामाजिक तत्वों के साथ मुकाबला कर पाएंगे।
वीरवार को पूर्व शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कविता जैन विश्व हिंदू परिषद द्वारा सेक्टर 14 स्थित मैक्स सिनेमा में आयोजित किए गए 2 शो में पहुंची तथा कालेज छात्राओं के



साथ द केरल स्टोरी फिल्म देखी। फिल्म देखने के बाद छात्राओं को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री कविता जैन ने कहा कि कांग्रेस व अन्य राजनीतिक दल आज एक बार फिर से बेनकाब हो गए हैं। उन्होंने कहा कि आतंकवाद का जिक्र होते हुए कई राजनीतिक दलों को मानवता, इंसानियत याद आने लगती है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग हैं, जो देश विरोधी ताकतों के हाथों में खेल रहे हैं। आज इन लोगों ने देश को तोड़ने के लिए सीधी लड़ाई के साथ-साथ देश के अंदर भी साफ्ट टेररिज्म को बढ़ावा देने की कोशिश की जा रही है। द केरल स्टोरी फिल्म इसी

**8 कुछ लोग हैं, जो लड़कियों को फंसाकर धर्मांतरण कराके आतंक के रास्ते पर ले जाना चाहते हैं: कविता जैन**

विचारधारा को आइना बनकर दिखाने का काम कर रही है तो असामाजिक तत्वों के हाथों में खेलने वालों को दर्द होना शुरू हो गया है। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष कविता जैन ने कहा कि कुछ लोग हैं, जो लड़कियों को फंसाकर धर्मांतरण कराके आतंक के रास्ते पर ले जाना चाहते हैं। यह फिल्म इसी विचारधारा को बेनकाब कर रही है। ऐसे लोग सीधे-सीधे पीएफआई, आतंकवाद, आईएसआईएस जैसी विचारधारा से होने वाले नुकसान को नजर अंदाज कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज समय आ गया है कि हर माता-पिता अपने बच्चों के साथ यह फिल्म जरूर देखें। आज की पीढ़ी को हमें यह अंतर स्पष्ट करना होगा कि देश की एकजुटता और अखंडता को लेकर हमें मिलकर समझाना होगा, तभी देश विरोधी ताकतों को मुंह तोड़ जवाब दिया जा सकेगा। इस अवसर पर सुभाष गुप्ता विभाग मंत्री रोहतक, विकास मंगला, पिंकीजी,मातृ शक्ति जिला संयोजिका,मोनिका जी दुर्गा वाहिनी जिला संयोजिका, आनंद प्रकाश प्रेस प्रचारप्रशार प्रमुख ,नरेंद्र पल शर्मा लीला मंत्री प्रखंड मंत्री मोहन जी बजरंगदल जिला संयोजक विक्रम जी शो में उपस्थित रहे।

# लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढने.वाले विद्यार्थी कामयाबी की बुलंदियां छुते है : उपायुक्त

## बुनियाद कार्यक्रम राज्य सरकार की बेहतरीन पहल, उपायुक्त ने स्कूली बच्चों को सम्मानित कर बढ़ाया हौसला



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**जीटी** रोड स्थित आर्य महाविद्यालय के सभागार में राज्य सरकार के बुनियाद कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यअतिथि सरकारी स्कूल के विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उपायुक्त वीरेन्द्र कुमार दहिया ने कहा कि जो बच्चे बगैर लक्ष्य के शिक्षा के क्षेत्र में भाग्य आजमाते हैं वे जिंदगी की दौड़ में पिछड़ जाते हैं। लक्ष्य निर्धारित करके आगे बढने.वाले बच्चे हमेशा कामयाबी की बुलंदियों को छूते हैं। बुनियाद कार्यक्रम सरकार की बेहतरीन पहल है आने वाले समय में इसके बेहतरीन परिणाम देखने को मिलेंगे। इस मौके पर उपायुक्त ने जिले के एक दर्जन प्रतिभाशाली स्कूली बच्चों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में पहुंचने पर जिला शिक्षा अधिकारी कुलदीप दहिया ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलीत करके किया गया।
उपायुक्त ने कहा कि गुरु और शिष्य का गहरा सम्बंध है। गुरु बच्चों को हर गलती पर डाटकर इस कदर पारंगत बनाता है जिसका शिष्य को बहुत समय बाद पता चलता है। गुरु अपने शिष्यों को वो रास्ते बताता है जो बागे चलकर कामयाबी के द्वार खेलता है।
उपायुक्त ने कहा कि गुरु हर जाति, धर्म, समुदाय से ऊपर उठकर अपने शिष्यों को शिक्षित करता है। आज हमारे समक्ष बहुत से ऐसे क्षेत्र हैं जिनमें मेहनत की बदौलत नाम व कामयाबी दोनों को हासिल किया जा सकता है। बच्चों को अपनामन पसंद क्षेत्र का चयन कर उस पर फोक्स करना चाहिए और मेहनत करके अपने लक्ष्य को हासिल करना चाहिए।
उपायुक्त ने कहा कि कई देशों में स्कूलों में पढने.वाले बच्चे पढाई के साथ-साथ रोजगार भी करते हैं। अध्यापकों को बच्चों में संस्कार देकर उन्हें आगे बढ़ाने चाहिये ताकि उनकी बुनियाद मजबुत रहे। उपायुक्त ने बताया कि बताया कि राज्य सरकार का बुनियाद कार्यक्रम ऐसा कार्यक्रम है जिसमें बच्चों का भविष्य सुरक्षित रहता है। कार्यक्रम में बच्चों ने बेहतरीन सांस्कृतिक प्रस्तुति देकर स्कूली बच्चों का हौसला बढ़ाया। इस मौके पर शिक्षा विभाग के प्राचार्य, खण्ड शिक्षा अधिकारियों के अलावा विकल्प फांउडेशन के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## न्यूज फ्लैश

### द केरल स्टोरी फिल्म को टैक्स फ्री करने के फैसले का किया स्वागत

**टीम एक्शन इंडिया/संजय सिंह**
**नारनौल।भारतीय जनता** पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य राकेश शर्मा एडवोकेट ने वीरवार को एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि वे प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने द केरल स्टोरी फिल्म को टैक्स फ्री करके एक बहुत ही अच्छा कार्य किया है। उन्होंने कहा कि अब प्रदेश वासियों को यह फिल्म देखने में सुविधा होगी और यह फिल्म सभी को देखनी भी चाहिए। उन्होंने कहा कि हर सिक्के के दो पहलू होते हैं। सुदी?तो सेन के डायरेक?शन में बनी फिल?म 'द केरल स्टोरी' के साथ भी ऐसा ही है। फिल्म पर बेशक कितना ही विवाद हो रहा हो लाख दावे और बातें हो रही हों, लेकिन एक सच यह भी है कि अगर कहीं धुआं उठा है, तो आग जरूर लगी होगी। इस फिल्म ने पांच दिनों में बॉक?स ऑफिस पर 54.25 करोड़ रुपये कमा लिए हैं। उन्होंने कहा इस फिल्म को कई प्रदेशों में टैक्स फ्री किया गया और अब मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने भी प्रदेश की जनता इस फिल्म को ज्यादा से ज्यादा देखे यही सोच कर हरियाणा में भी टैक्स फ्री कर दिया। उन्होंने कहा कि इस फिल्म में महिलाओं संग ज्यादती, धर्म परिवर्तन तथा आतंकी बनाए जाने वाली बर्बरता की कहानी हैं जिसे सभी को जानना और देखना चाहिए।

### ड्यूटी पर गई नर्स हुई लापता

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**
**अंबाला** ड्यूटी के लिए घर से निकली स्टाफ नर्स वापस नहीं लौटी। परिजनों ने अपने स्तर पर हर जगह तलाश भी कर ली है, लेकिन कहीं कोई सुराग नहीं लगा। उसका फोन भी बंद आ रहा है। पिता ने सेक्टर-9 थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। प्रीत कॉलोनी निवासी व्यक्ति ने बताया कि उसकी 27 वर्षीय बेटी अंबाला-चंडीगढ़ नेशनल हाईवे स्थित अस्पताल में स्टाफ नर्स है। 9 मई को सुबह 7 बजे उसकी बेटी अस्पताल में ड्यूटी के लिए गई थी। पुलिस के मुताबिक, स्टाफ नर्स की अस्पताल में इवनिंग शिफ्ट में ड्यूटी शुरू होनी थी। युवती घर से सुबह निकली है। जांच में सामने आया है कि स्टाफ नर्स मंगलवार को अस्पताल भी नहीं गई। पुलिस ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हैड कॉन्स्टेबल अजीत पाल ने बताया कि पुलिस स्टाफ नर्स के नंबर की कॉल डिटेल निकलवाएगी। उसी के आधार पर आगामी जांच करेगी।

### होटल मैनेजमेंट संस्थान में कॅरियर की अपार संभावनाएं

**पानीपतः इंडस्ट्रियल एरिया** स्थित इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट संस्थान के कार्यकारी प्राचार्य चन्दन वशिष्ठ ने बताया कि संस्थान में नये सत्र के दाखिलों की प्रक्रिया जारी है। इच्छुक प्रार्थी आवेदन जमा करा सकते हैं। 30 प्रतिशत सीटों पर बिना प्रवेश परीक्षा के अंकों की मेरिट के आधार पर दाखिला होगा। संस्थान में आयोजित पत्रकार वार्ता में उन्होंने बताया कि कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों के लिए इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट एक विकल्प बन कर उभर रहा है। इस क्षेत्र में कॅरियर की अपार संभावनाए हैं। इस संस्थान में दाखिला लेकर विद्यार्थी अपना भविष्य सुरक्षित कर सकते हैं। उन्होंने बताया की यह संस्थान लगभग 50 वर्ष पुराना है जो की पूरे हरियाणा में एकमात्र पुराना संस्थान है। इस संस्थान में लडके-लड़कियां एक साथ पढ़ते है। संस्थान में लडके-लड़कियों के लिए हॉस्टल की सॅपूर्ण सुविधा है। उन्होंने बताया कि यहां से बड़ी संख्या में विद्यार्थी डिग्री ओर डिप्लोमा लेकर विदेशो में बड़े पैक पर रोजगार प्राप्त करते हैं। संस्थान डिग्री डिप्जोमा प्राप्त करने वाले विद्यार्थी पांच सितारा होटल जिसमें होटल ओबेरॉय, हयात, मैरियेट, ताज, आई टी सी इत्यादि में नौकरियां प्राप्त कर अपना भाग्य बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि तमाम सुविधाएं उपलब्ध कराने वाले इस संस्थान में विद्यार्थियों का भविष्य सुरक्षित है। अधिक जानकारी के लिए इच्छुक प्रार्थी संस्थान में संपर्क कर सकते हैं।

# भागवत कथा सुनने से जन्म और मरण के बंधन से मुक्त हो जाता है: योगेशपाल

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**इंडियन कालोनी** में श्रीमद् भागवत कथा का कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हुआ। बैंडबाजों के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा शहर के मुख्य मार्गों से गुजरती हुई कार्यक्रम स्थल पर पहुंची। जहां पर वेद व्यास पीठासीन आचार्य योगेंद्र जी महराज वृंदावन वाले ने भागवत की पूजा अर्चना की और पूजन के बाद कलश की स्थापना की गई। कथा व्यास ने अपने प्रवचनों



में उपस्थित श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत पुराण की जानकारी देते हुए कहा कि श्रीमद्भगवत कथा का श्रवण करने से मानव जीवन में एक जन्म नहीं अपितु हमारे कई जन्मों के पापों का नाश होने के साथ ही हमारे शुभ कर्मों का उदय होता है। कार्यक्रम मे भाजपा के जिला महामंत्री योगेश पाल आरोड़ा ने कलश यात्रा में भाग लेते हुए कहा भागवत कथा सुनने मात्र से जीव जन्म और मरण के बंधन से मुक्त हो जाता है।उन्होंने कहा कि नारद जी ने भक्ति देवी के कष्ट की निवृत्ति के लिए श्रीमद् भागवत कथा का साप्ताहिक अनुष्ठान किया था। जहां संतकुमारों ने भागवत का प्रवचन करते हुए नारद के मन का संशय दूर किया। इसी कथा को धुंधकारी प्रेत ने अपने अग्रज से श्रवण किया और प्रेत योनि से मुक्ति पाकर विष्णु लोक को प्राप्त हुए। इस अवसर पर कथा व्यास ने कहा कि भगवत श्रवण से जीव के सभी पाप कर्म मिट जाते हैं। अंत में सामूहिक आरती और प्रसाद वितरण किया गया।

# गुस्साए रेहड़ी-फड़ी वालों ने प्रदर्शन करते हुए प्रशासन को जमकर कोसा



**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**
अंबाला शहर के बस स्टैंड के पास भी रेहड़ी फड़ी वालों ने जमकर हंगामा किया। उनका कहना था कि अतिर्क्रमण हटाने के नाम पर नगर निगम आए दिन उनपर आए दिन कार्यवाही करने पहुंच जाता है जिसके चलते उनका कामकाज प्रभावित होता है। लोगों ने बताया कि एक ओर जहां निगम की ओर से व्यापार की ओर से लोन दिया जाता है तो वहीं दूसरी ओर अब उन्हें रेहड़ी फड़ी लगाने से हटाया जा रहा है। आज यह लोग इक्ठठे होकर नगर निगम कार्यालय भी गए। जिसके बाद यह फिर से बस स्टैण्ड के पास पहुंचे और आज भी उन्होंने अपना कामकाज पूरी तरह से बंद रखा।

# कपिल विज के निरीक्षण के बाद हिम्मतपुरा में नाले की सफाई शुरू

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला छावनी (मनीष कुमार)** भाजपा नेता एवं गृह मंत्री अनिल विज के छोटे भाई कपिल विज के निरीक्षण के बाद कैंटोनमेंट बोर्ड द्वारा हिम्मतपुरा में नाले की सफाई एवं मरम्मत का कार्य शुरू कर दिया गया है। स्थानीय लोगों ने इसके लिए कपिल विज का हार्दिक आभार व्यक्त किया है।
कैंटोनमेंट बोर्ड के वार्ड नंबर 7 क्षेत्र में हिम्मतपुरा कालोनी में लोगों को पानी निकासी एवं अन्य समस्याओं से जुझना पड़ रहा था। इस मामले में स्थानीय लोगों ने कपिल विज को मामले की



जानकारी दी थी जिसके बाद उन्होंने हिम्मतपुरा में मौके का निरीक्षण किया था।
इस दौरान कैंटोनमेंट बोर्ड के अधिकारियों के अलावा बोर्ड के मनोनित सदस्य अजय बवेजा, नीलम शर्मा, सन्नी तुली एवं अन्य मौजूद थे। कपिल विज ने क्षेत्र में नाले की सफाई एवं साफ-सफाई पर बल दिया जिसके बाद बोर्ड द्वारा नाले में सफाई एवं मरम्मत कार्य को शुरू कर दिया गया है जिसका स्थानीय लोगों ने धन्यवाद जताया।

# गाय को बचाते हुए ब्रेजा कार डिवाइडर से टकराई

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला छावनी (मनीष कुमार)**
अंबाला में आवारा पशुओं का आंतक बढ़ता जा रहा है। आज अंबाला छावनी में गाय को बचाते हुए ब्रेजा गाड़ी डिवाइडर से टकरा गई। गाड़ी के दोनों एयर बैग खुलने से परिवार के लोग बाल-बाल बच गए। हालांकि ड्राइवर को मामूली चोटें आई हैं। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। हादसा सिविल अस्पताल अंबाला कैंट के सामने हुआ। सूत्रानुसार मॉडल टाउन निवासी रामशरण अपनी ब्रेजा गाड़ी में परिवार के 3 सदस्यों के साथ मॉडल टाउन से पूजा विहार जा रहा था।

# एक ओर विवाहिता दहेज लोभियों की बलि चढ़ी

**टीम एक्शन इंडिया/अबाला (मनीष कुमार)**
**अंबाला शहर** के निकटवर्ती गांव उगाड़ा में महिला की संगिधत परिस्थितियों में मौत हो गई। महिला ने फंदा लगाकर जान दे दी।
सूचना मिलते ही डायल 112 मौके पर पहुंची। मृतक सुखदीप कौर के परिजनों ने बताया कि उनकी की शादी लगभग पांच साल पहले हई थी। परिवार में अकसर घरेलू कलेश रहता था। आज उन्हें ससुराल पक्ष से फोन आया कि उनकी बेटी को हार्ट अटैक आया है। जैसे ही वह गांव उगाड़ा पहुंचे उन्होंने देखा की उनकी बेटी मृत पड़ी थी जबकि परिवार के अन्य सदस्य वहां



मौजूद नहीं थे। पिता योगेन्द्र सिंह ने बताया कि वह पंजाब के मौहाली जिले के बसोली गांव के रहने वाले है व खेती बाडी कर अपने परिवार का पालन पोषण करते है।
बेटी की शादी मनजीत सिंह से गांव उगाडा में धूमधाम से करवाई गई थी। उनके दो बच्चे थे जिनमें से सुखदीप बड़ी बेटी है। परिजनों ने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि उनकी बेटी के साथ ऐसा होगा। पिता का कहना था कि अक्सर उनसे दहेज की मांग की जाती थी तथा कुछ समय पहले भी जमीन खरीदने के लिए उनसे पैसे मांगे गए थे।
उन्होंने बताया कि 16 दिसंबर को भी चार लाख रुपए दिए गए थे। परिजनों का आरोप है कि दहेज न देने के कारण उनकी बेटी की गला दबाकर हत्या की गई तो वहीं आज पुलिस की टीमों ने भी घटना स्थल का मुआयना किया। सीनआफ क्राईम टीम भी मौके पर पहुंची। मृतका के परिजनों का कहना था कि यदि उन्हें शीघ्र ही न्याय नहीं मिला तो वह मामले की कार्यवाही को लेकर डीएसपी व अन्य अधिकारियों के पास भी जाएगे। वहीं दूसरी ओर ससुराल पक्ष का कहना था कि महिला ने फंदा लगाकर जान दी है।
अंबाला सदर के थाना प्रभारी यशदीप सिंह ने बताया कि उन्हें सूचना मिली कि सुखदीप कौर की मौत हो गई है।

# शिव मंदिर में गीता जी, वाल्मीकि मंदिर में रामायण की हुई स्थापना

## गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानन्द जी महाराज ने बडौली के शिव मंदिर में मूर्ति स्थापना दिवस समारोह में की शिरकत



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**गीता** मनीषी स्वामी ज्ञानानन्द जी महाराज ने बृहस्पतिवार को गांव बडौली के प्राचीन शिव मंदिर के जीणोद्धार के उपरांत मूर्ति स्थापना दिवस समारोह में भाग लिया और मंदिर में गीता की भी स्थापना की। उन्होंने गांव के ही वाल्मीकि मंदिर में रामायण की भी स्थापना की। कार्यक्रम में पहुंचने पर स्वामी ज्ञानानन्द जी महाराज का विधायक महीपाल ढांडा के भाई एवं समाजसेवी हरपाल ढांडा, बडौली गौशाला के प्रधान रविंद्र मिटान, उद्योगपति पदमसेन गुप्ता, अवतार शास्त्री, मंदिर कमेटी के सदस्य संजय शर्मा व उनकी टीम सहित ग्रामीणों ने स्वागत किया। ज्ञानानन्द जी महाराज ने ग्रामीणों से आहवान किया कि उनको गीता व रामायण को नियमित रूप से पढ?ा चाहिये। गीता को अपने जीवन में अपनाने से ही मनुष्य का कल्याण होता है। वहीं उसके उपरांत स्वामी ज्ञानानन्द जी महाराज ने रिफाइनरी रोड स्थित बडौली गौशाला में मजदूरों के बच्चों के लिये बनाई गई पाठशाला में पहुंचे और वहां पर पढ़ रहे बच्चों से सवाल जवाब किये। उन्होंने मजदूरों के बच्चों के लिये गौशाला में पाठशाला खोलने पर रविंद्र बडौली प्रधान को बधाई देते हुए कहा कि किसी भी देश की उन्नति एवं तरक्की के लिये शिक्षा जरूरी है। पाठशाला में पढ? वाले मजदूरों के बच्चे शिक्षा से वंचित थे पर अब शिक्षित होकर देश व समाज की उन्नति में योगदान देंगे। बता दे कि गौशाला प्रधान रविंद्र बडौली ने स्वामी ज्ञानानन्द जी महाराज की प्रेरणा से ही मजदूरों के बच्चों के लिये गौशाला में पाठशाला खोली है। पाठशाला के शुभारंभ पर ज्ञानानन्द जी महाराज किसी वजह से आ नहीं पाये थे और पहली बार पाठशाला में पहुंचकर देखा कि कैसे बच्चों को पढ़ाया जा रहा है।

# डीसीआरयूएसटी बनी ओवर ऑल चैंपियन सांस्कृतिक उत्सव में

## संस्कृतिकोतव से हमें मिलता है राष्ट्र की गौरवशाली परंपरा को समझने का अवसर : कुलपति

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**मंडी में** आयोजित सांस्कृतिक उत्सव में दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,मुरथल की टीम ओवरऑल चैंपियन बनी है। कुलपति प्रो.राजेंद्रकुमार अनायत ने विजेताओं को शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कुलपति प्रो.अनायत ने कहा कि विद्यार्थियों को पढाई के साथ साथ सांस्कृतिक गतिविधियों में बढचढ कर भाग लेना चाहिए,जिससे विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास होता है। सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम



से हमें एक दूसरे से काफी कुछ सीखने को मिलता है। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक उत्सव के माध्यम से हमें अपने राष्ट्र व समाज की गौरवशाली परंपरा को समझने का अवसर मिलता है। संस्कृति के माध्यम से हमारे अंदर एकता की भावना पैदा होती है। हमारे राष्ट्र की गौरवशाली परंपरा रही है। हमारी संस्कृति के अंदर ही मानव कल्याण की भावना निहित है। विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो.सुखदीप सिंह ने कहा कि आईआईटी,मंडी में आयोजित सांस्कृतिक उत्सव में विश्वविद्यालय ने भाग लिया था। इस प्रतियोगिता में 17 शिक्षण संस्थानों की टीमों ने भाग लिया था। विश्वविद्यालय की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल ट्रॉफी पर कब्जा किया। छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. सिंह ने बताया कि नुक्कड़ नाटक व मोनो एक्टिंग में विश्वविद्यालय की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया व मोनो एक्ट में विश्वविद्यालय की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सोलो सिंगिंग में विश्वविद्यालय ने क्रमशः द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# विज्ञान से ही मानव जीवन सुखी और समृद्ध हो पायाः रणदीप

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**आर्य** बाल भारती पब्लिक स्कूल में आज राष्ट्रीय प्रौद्योगिक दिवस को राष्ट्रीय कौशल एवं तकनीकी पर्व के रूप में मनाया गया। मुख्य अतिथि विद्यालय प्रबंध समिति के प्रधान आर्य रणदीप कादियान रहे। प्रबंधक राजेंद्र जागलान व कोषाध्यक्ष आर्य महताब मलिक विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। उप प्राचार्य आचार्य राजकुमार शास्त्री और कंप्यूटर अध्यापक अंकुर ने राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के बारे में विस्तार से जानकारी दी। प्राचार्य आर्य सत्यवान मलिक ने समारोह की अध्यक्षता की। विद्यालय की छात्राओं ने अनिता दयारानी, सीमा रामदेव और रेखा शर्मा के नेतृत्व में नाटक प्रस्तुत कर सभी को भावविभोर कर दिया। विज्ञान प्रतियोगिता में प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया गया। जिनमें अंशु, आर्यन, मानसी, स्मृति व पूर्वा के नाम शामिल हैं। प्रधान आर्य रणदीप कादियान ने कहा कि विज्ञान विकास की दूरी है और विज्ञान के कारण ही मानव जीवन सुखी और समृद्ध हो पाया है। यही नहीं विज्ञान के कारण वनस्पति और सभी प्राणियों के जीवन को रोगमुक्त बनाकर सुखद जीवन बना दिया है।

# सुप्रीम कोर्ट ने दिया ऐतिहासिक फैसला: केजरीवाल

## सुप्रीम कोर्ट का जो ऑर्डर आया है ये कई मायनों में बहुत ऐतिहासिक फैसला है, दिल्ली के लोगों की जीत है: सीएम

**खुशी**

● ऐसे अधिकारियों की नियुक्ति हुई जो काम नहीं करते थे। मेरे दोनों हाथों को बांध दिया गया: सीएम केजरीवाल






**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/दीपचंद्र काण्डपाल**
**राजधानी में सर्विस मैटर के फैसले पर** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर प्रेस वार्ता कर कहा कि सुप्रीम कोर्ट का जो ऑर्डर आया है ये कई मायनों में बहुत ऐतिहासिक फैसला है। दिल्ली के लोगों की जीत है उनके साथ जो अन्याय हुआ था उसका न्याय किया। मुख्यमंत्री ले कहा हमारी दिल्ली में 14 फरवरी 2015 को सरकार बनी थी। अगले तीन महीने बाद ही 23 मई 2015 को प्रधानमंत्री ने आदेश दिया था कि चपरासी से लेकर ऊपर के अधिकारियों की नियुक्ति और ट्रांसफर दिल्ली की चुनी हुई सरकार के पास नहीं रहेगा। केजरीवाल ने कहा कि हम आठ साल से संघर्ष कर रहे हैं। प्रधानमंत्री के उस आदेश का इस्तेमाल कर के दिल्ली के कामों को रोका गया। ऐसे अधिकारियों की नियुक्ति हुई जो काम नहीं करते थे। मेरे दोनों हाथों को बांध दिया गया और नदी में तैरने के लिए छोड़ दिया था। केजरीवाल ने कहा कि अगर हमारे पास ये शक्तियां होती तो सोचिए हम कितना काम कर सकते थे। वह चीफ जस्टिस और सुप्रीम कोर्ट का धन्यवाद करते है, साथ ही दिल्ली की जनता का भी धन्यवाद करते है। केजरीवाल ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री पिता समान होते हैं, जैसे परिवार में पिता होता है। वे हमारे भी प्रधानमंत्री हैं। उम्मीद है कि वह हमारी मदद करेंगे। हालांकि, आठ साल हमें बिना अधिकार के काम करना पड़ा। केंद्र का वो आदेश गलत था। मकसद था दिल्ली की आप सरकार को फेल करना। चुनाव में जो बोलना है बोलो, उसके बाद हमें मिलकर काम करना होता है। अरविंद केजरीवाल बोले कि मेरी उनसे अब यही प्रार्थना है कि अब हमें काम करने दें। जब आपकी सरकार बने तो आप करना। केजरीवाल ने कहा कि अब सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद काम 10 गुना होगा। आने वाले दिनों में बहुत बड़े प्रशासनिक फेरबदल किया जाएगा। कुछ अधिकारी ऐसे थे जिन्होंने मोहल्ला क्लिनिक का काम रोका जल बोर्ड का काम रोका, ऐसे अधिकारियों को कर्मों की सजा मिलेगी और जो अच्छे और ईमानदार अधिकारी और कर्मचारी हैं उनको दिल्ली की जनता की सेवा करने का मौका दिया जायेगा।

### 'जो ईमानदारी से काम नहीं करेंगे उनके खिलाफ विजिलेंस काम करेगी'

**केजरीवाल** ने कहा कि कुछ ऐसी पोस्ट हैं जिनकी जरुरत नहीं है। उनको हटा ही दिया जाए तो अच्छा रहेगा। सर्विसेज आने के बाद हम नए पोस्ट क्रिएट कर सकते हैं। जो लोग ईमानदारी से काम नहीं करेंगे उनके खिलाफ विजिलेंस काम करेगी। अभी एलजी से आशीर्वाद लेने जा रहा हूं। पहले जिम्मेदारी विद आउट पावर थी अब विद पावर है। ऐसी बहुत सारी फाइलें हैं जो अटके हुए हैं, मोहल्ला क्लिनिक, दिल्ली जल बोर्ड की फाइल है। दिल्ली के अधिकारियों की भी बैठक भी ली जाएगी। एलजी के लिए गए बहुत सारे फैसले गलत थे, एल्डर मैन, टीचर्स की ट्रेनिंग अब हमें ज्यादा कोर्ट नहीं जाना पड़ेगा।

## सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली की जनता को दिया जीत का बड़ा तोहफा: गोपाल

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**आम** आदमी पार्टी ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिल्ली सरकार के अफसरों की ट्रांसफर-पोस्टिंग का अधिकार देने के फैसले को दिल्लीवालों की बड़ी जीत और भाजपा की करारी हार बताया। आप के दिल्ली संयोजक गोपाल राय ने वरिष्ठ नेता सौरभ भारद्वाज और आतिशी के साथ गुरुवार को पार्टी मुख्यालय में संयुक्त प्रेस वार्ता कर इस ऐतिहासिक फैसले के लिए सुप्रीम कोर्ट का दिल से धन्यवाद किया। गोपाल राय ने कहा कि आज सुप्रीम कोर्ट के फैसले ने साबित किया है कि सच्चाई की जीत में देर हो सकती है लेकिन सच्चाई की जीत जरूर होती है। प्रेस वार्ता में आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि साल 2014 से दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल दिल्ली के लोगों की लड़ाई लड़ रहे थे। आज दिल्ली की जनता जीत गई



है। आज इस पूरी लड़ाई में एक बात स्थापित हुई है कि देश में माननीय सर्वोच्च न्यायालय एक ऐसा इंस्टीट्यूशन है, जब-जब देश के ऊपर ही विपत्ति आएगी या देश के अंदर कॉन्स्टिट्यूशन को ताक पर रखा जाएगा, यह इंस्टीट्यूशन खड़ा होकर देश के अंदर व्यवस्था को ठीक करेगा। उन्होंने कहा कि वो दिन दूर नहीं जब फिल्मों में जज की भूमिका में नायक नजर आएंगे। आज देश को एक बहुत बड़े नायक के रूप में चीफ जस्टिस चंद्रचूड़ मिले हैं। वह दिल्ली की जनता की तरफ से चीफ जस्टिस चंद्रचूड़ और सुप्रीम कोर्ट की बेंच के पांचों न्यायाधीशों को धन्यवाद देते है। वरिष्ठ नेता एवं कैबिनेट मंत्री आतिशी ने कहा कि आज सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि दिल्ली की जनता का फैसला पूरी सरकार पर बाध्य है। आज सबसे बड़ी जीत दिल्ली की जनता की हुई है। आज सुप्रीम कोर्ट ने लोकतंत्र और संविधान के हित में फैसला लिया है। 2015 में दिल्ली की जनता ने एकतरफा भरोसा अरविंद केजरीवाल पर दिखाया और 70 में से 68 सीट आम आदमी पार्टी को दी। लेकिन भाजपा को सहन नहीं होता है कि कोई दूसरी पार्टी जीत जाए और उनकी पार्टी हार जाए। अगर एक चुनी हुई सरकार की ताकत छिन जाए तो जनता के वोट का कोई मतलब नहीं बचता है।

# दिल्ली के दिव्यांग स्कूलों में शिक्षकों के 67 प्रतिशत पद हैं खाली



**चौंकाने वाले आंकड़े**

● दिल्ली के सात में से चार दिव्यांग बच्चों के स्कूलों में कुछ स्वीकृत पद 211 में से 142 शिक्षकों के पद खाली हैं

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भले** ही दिव्यांग उत्थान को लेकर सरकारों की ओर से कई बड़े दावे किए जा रहे हैं, लेकिन दिल्ली में ये दावे खोखले नजर आ रहे हैं। दिल्ली के सात में से चार दिव्यांग बच्चों के स्कूलों में कुछ स्वीकृत पद 211 में से 142 शिक्षकों के पद खाली हैं। हैरानी भरा पहलू यह है कि सबसे ज्यादा शिक्षकों की कमी उस स्कूल में है, जो समाज कल्याण विभाग के मुख्यालय के ठीक बगल में स्थित हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि इन हालात में आखिर दिव्यांग बच्चे कैसे शिक्षित हो पाएंगे। दिव्यांग बच्चों की शिक्षा के लिए शुरू किए गए विशेष स्कूलों में शिक्षकों की कमी के ये चौंकाने वाले आंकड़े सूचना के अधिकार के तहत मांगी गई जानकारी में सामने आए हैं। समाज कल्याण विभाग की ओर से दी गई जानकारी में बताया गया है कि विभिन्न विषयों के लिए पदों पर नियुक्त शिक्षकों की संख्या केवल 69 है।

**टीजीटी व पीजीटी शिक्षक शामिल:** ऐसे में कुल प्रस्तावित पदों का 67 प्रतिशत पद रिक्त हैं। इनमें हेड मास्टर से लेकर दृष्टिबाधित व मूक-बधिरों के टीजीटी व पीजीटी शिक्षक शामिल हैं। इनके अलावा, ड्राइंग व म्यूजिक के शिक्षकों के पद भी इन स्कूलों में रिक्त हैं। सूचना के अधिकार के तहत मिली जानकारी के अनुसार, दिल्ली गेट स्थित मूक बधिर राजकीय लेडी नोयस उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सबसे अधिक शिक्षकों की कमी है। यहां स्कूल में पदों की प्रस्तावित संख्या 94 है, जबकि इसमें से 65 पद रिक्त हैं। हालत यह है कि गृह विज्ञान, संस्कृत, चित्रकला, सह शिक्षा आदि मुख्य विषयों के पद 10 साल से अधिक समय से भरे ही नहीं गए। इसी स्कूल के पास समाज कल्याण विभाग का मुख्यालय भी है। आरटीआइ कार्यकर्ता हरपाल सिंह राणा ने बताया कि सरकार दिव्यांग बच्चों के कल्याण और विकास के चाहे कितने बड़े दावे करे, लेकिन दिल्ली में सभी दावे फेल हैं।

# लुटियंस दिल्ली में नए सिरे से बनाई जाएंगी 12 सड़कें

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**नई दिल्ली** नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) की काउंसिल की बैठक में हंगामे के बीच कुछ प्रस्ताव को पारित कर दिया गया है। इसमें जी-20 शिखर सम्मेलन के मद्देनजर 12 प्रमुख सड़कों को नए सिरे से बनाने के प्रस्ताव को मंजूर किया गया है। साथ ही मोबाइल टावर से संबंधित नीति को भी मंजूरी दी गई है। हालांकि एनडीएमसी क्षेत्र में पीएसयू की मदद से ई चार्जिंग स्टेशन की संख्या बढ़ाने के प्रस्ताव को फिलहाल मंजूरी नहीं मिली है। एजेंड़े में यह प्रस्ताव था लेकिन, हंगामे की वजह से अब अगली बैठक में इस पर चर्चा होगी।



फिलहाल एनडीएमसी क्षेत्र में 100 ई चार्जिंग स्टेशन हैं। एनडीएमसी जुड़े एक अधिकारी ने बैठक में पारित हुए एजेंडे के प्रमुख बिंदुओं की पुष्टि की है। जी-20 शिखर सम्मेलन के तहत गुरुद्वारा रकाब गंज रोड, जंतर-मंतर रोड, आरके आश्रम मार्ग, रायसीना रोड, रेड क्रोस रोड, संसद मार्ग, उद्यान मार्ग, महादेव रोड, बंगला साहिब रोड, भाईवीर सिंह मार्ग, मदर टेरेसा क्रीसेंट मार्ग के साथ ही पुराने आरके आश्रम मार्ग की खराब हो चुकी सड़कों को नए सिरे से बनाने की मंजूरी दी गई है।

# पांच नाबालिगों ने जान लेकर लिया बदला

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**जहांगीरपुरी में मंग**लवार रात पांच नाबालिगों ने 16 वर्षीय फाजिल की हत्या कर दी। पुलिस को जांच में पता चला है कि फाजिल एरिया के कुछ अन्य नाबालिगों को पीटता था। एक नाबालिग की पिटाई का वीडियो बनाकर उसने इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर दिया। इसका बदला लेने के लिए वारदात को अंजाम दिया गया। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर पांचों आरोपियों को पकड़ लिया है। पुलिस के मुताबिक, फाजिल परिवार के साथ जहांगीरपुरी आई-ब्लॉक में रहता था। परिवार में माता-पिता और अन्य सदस्य हैं। पिता रेहड़ी लगाकर फल बेचते हैं। मंगलवार रात को फाजिल खाना खाकर घूमने के लिए घर से बाहर निकला था। इस बीच वह जे-ब्लॉक में पहुंचा। वहां जाते ही आरोपियों ने उसे घेर लिया और पिटाई शुरू कर दिया। पुलिस ने बताया कि फाजिल जान बचाने के लिए इधर-उधर भागा। लेकिन लोगों की मौजूदगी में नाबालिगों ने फाजिल पर चाकू से दस से अधिक वार कर दिए। राहगीरों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। खबर मिलते ही पुलिस के अलावा क्राइम टीम मौके पर पहुंची। मौके से साक्ष्य जुटाने के बाद पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज कब्जे में ले लिया है।

पुलिस ने कार्रवाई करते हुए देर रात छापे मारकर पांच नाबालिगों को दबोच लिया।



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने प्रदेश कार्यालय में निगम पार्षदों की बैठक को संबोधित किया।

# जंतर-मंतर पर काली पट्टी बांध पहलवानों ने किया प्रदर्शन



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भारतीय कु**श्ती संघ के अध्यक्ष पर यौन शोषण का आरोप लगाने वाले पहलवानों का प्रदर्शन गुरुवार (11 मई) को भी जारी है। वहीं दिल्ली पुलिस के सूत्रों ने बताया है कि आज ही सुबह मजिस्ट्रेट के सामने नाबालिग महिला पहलवानों का भी बयान दर्ज किया गया है। बताया जा रहा है कि नाबालिग महिला पहलवानों ने कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृजभूषण सिंह के खिलाफ सीआरपीसी की धारा 164 के तहत यौन शोषण के आरोप में बयान दर्ज करवाया है।

# टारगेट किलिंग-लाल किले पर हमले की तैयारी में थे दोनों आतंकी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली पु**लिस की स्पेशल सेल ने पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आइएसआइ की बड़ी साजिश के बारे में खुलासा किया है। सेल ने इस वर्ष जनवरी में जहांगीरपुरी इलाके से आतंकी नौशाद और जगजीत सिंह को गिरफ्तार किया था। सूत्रों के मुताबिक आतंकी नौशाद और जगजीत को लाल किले पर सुरक्षा में तैनात जवानों पर फायरिंग कर हमला करने और पंजाब में बजरंग दल के नेता और हरिद्वार में साधुओं की हत्या का टास्क दिया गया था। बजरंग दल के नेता की हत्या के लिए दोनों आतंकियों को दो लाख रुपये भेजे गए थे।

**पाकिस्तान में बैठे आतंकी सोहैल के संपर्क में था नौशाद:** इस मामले में स्पेशल सेल 10 मई को पटियाला हाउस कोर्ट में गैरकानूनी



गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत आरोप पत्र दाखिल किया है। आरोप पत्र में बताया गया है कि नौशाद पाकिस्तान में बैठे आइएसआइ के हैंडलर और लश्कर के आतंकी सोहैल के संपर्क में था। जबकि जगजीत विदेश में बैठे गैंगस्टर और खालिस्तान समर्थक आतंकी अर्श डल्ला के संपर्क में था। इसके साथ ही दोनों आतंकि पाकिस्तान में हरकत उल अंसार के नजीर भट, नासिर खान, नजीर खान और हिजबुल मुजाहिद्दीन के नदीम के संपर्क में भी थे। इन सभी को आइएसआइ के निर्देश पर काम करने को कहा जाता था।

**हिंदू युवक की हत्या कर वीडियो पाकिस्तानी हैंडलर को भेजा..:** नौशाद और जगजीत ने अपने हैंडलर का भरोसा जीतने के लिए एक हिंदू लड़के राजा का अपहरण कर उसे भलस्वा डेयरी ले गए। दोनों ने वहां पर उसका गला रेता और इसका वीडियो पाकिस्तान में बेठे अपने हैंडलर को भेजा था जिसके बाद हैंडलर का भरोसा दोनों पर हो गया था। राजा के हांथ पर भगवान शिव का टैटू बना हुआ था। बता दें कि नौशाद पाकिस्तान के आतंकी संगठन हरकत उल अंसार का सदस्य है। वह दो हत्या के मामले में शामिल रहा है। इसमें उम्रकैद की सजा मिल चुकी है। इसके अलावा बम धमाके के मामले में 10 वर्ष की सजा भी हुई है।

**पैसे भी भेजे गए थे...**

● सेल ने इस वर्ष जनवरी में जहांगीरपुरी इलाके से आतंकी नौशाद और जगजीत सिंह को गिरफ्तार किया था

# 'बैक पैक हीरोज' नाम से अभियान शुरू

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**शहरी** झुग्गी बस्तियों के बच्चों के लिए कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन फाउंडेशन (केएससीएफ) के प्रमुख कार्यक्रम बाल मित्र मंडल (बीएमएम) ने पुणे की झुग्गी बस्तियों के सड़कों पर भीख मांगने वाले बच्चों को पढ़ाने के लिए एक मुहिम चलाई है। इस पहल के दौरान बीएमएम इन बच्चे झुग्गी बस्तियों व लालबत्तियों पर स्ट्रीट क्लासेज यानी सड़क कक्षाएं लगाएंगे और उन्हें स्कूल में दाखिला लेने के लिए प्रेरित करेंगे। बीएमएम की बाल परिषद की ओर से गर्मी की छुट्टियों के दौरान एक अवकाशकालीन पहल के तौर पर बैक पैक हीरोज नाम से यह अभियान शुरू हुआ। ये बाल नेता खुद पुणे की झुग्गी बस्तियों से हैं और वे चाहते हैं कि उनके जीवन में जो परिवर्तन आए हैं और आज वो जिन उम्मीदों से भरे हैं, वही बदलाव इन बच्चों के जीवन में भी देखने को मिलें। ये बाल नेता छुट्टियों के दौरान मिले समय का उपयोग लाल बत्तियों पर मलिन बस्तियों के बच्चों के साथ बिताने में इस्तेमाल करेंगे। इस दौरान वे उन बच्चों को शिक्षा के अधिकार के बारे में जानकारी देंगे।

**पहल**

● लालबत्तियों पर स्ट्रीट क्लासेज यानी सड़क कक्षाएं लगाएंगे और उन्हें स्कूल में दाखिला लेने के लिए प्रेरित करेंगे

# ...तो अब बदल जाएगी दिल्ली की राजनीति

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**सर्वोच्च न्या**यालय ने अपने निर्णय में यह साफ कर दिया है कि दिल्ली में अधिकारियों के ट्रांसफर-पोस्टिंग पर दिल्ली सरकार का अधिकार होगा। कोर्ट ने माना है कि यदि अधिकारियों के ट्रांसफर-पोस्टिंग पर दिल्ली सरकार का अधिकार नहीं होगा, तो इससे उस मूल सिद्धांत की उपेक्षा होगी, जिसमें कार्य न किए जाने पर सक्षम अथॉरिटी को दोषी अधिकारियों को दंडित करने का अधिकार होता है। माना जा रहा है कि सर्वोच्च न्यायालय के इस स्पष्ट निर्णय के बाद दिल्ली की राजनीति पूरी तरह बदल जाएगी और अब दिल्ली सरकार के कामकाज में अनावश्यक 'अड़ंगा' नहीं लगाया जा सकेगा। आम आदमी पार्टी दिल्ली की राजनीति को अपने



मॉडल के तौर पर पेश करती रही है। इसी को दिखाकर वह दूसरे राज्यों के मतदाताओं को लुभाने का काम करती है, ऐसे में दिल्ली में कामकाज प्रभावित होने से उसकी राजनीति पर भी असर पड़ रहा था, लेकिन माना जा रहा है कि इस नए निर्णय के बाद आम आदमी पार्टी को अपने कामकाज करने और उसके आधार पर दूसरे राज्यों में विस्तार करने में आसानी होगी। आम आदमी पार्टी आरोप लगाती रही है कि उपराज्यपाल भाजपा और केंद्र सरकार के इशारे पर उसके कामकाज में अनावश्यक दखल देते हैं। दिल्ली सरकार का आरोप रहा है कि उसके जनता के हितों के कामकाज को भी मनगढ़ंत आधारों पर रोकने की कोशिश की जाती है। अब अधिकारियों पर उपराज्यपाल की भूमिका सीमित हो जाने के बाद दोनों के बीच टकराव कम हो सकता है।

**सिसोदिया ने लगाया था ये आरोप:** पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने पूर्व उपराज्यपाल अनिल बैजल को पत्र लिखकर भी आरोप लगाया था कि दिल्ली सरकार के कामकाज में गलत बाधा डालने की कोशिश की जा रही है।

**तेजी से होगा विकास**

● अब कामकाज में 'अड़ंगा' नहीं लगाया जा सकेगा। आप दिल्ली की राजनीति को अपने मॉडल के तौर पर पेश करती रही है

# केरल ब्लास्ट: शाहीन बाग पहुंची एनआईए की टीम

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**केरल** ब्लास्ट केस की जांच कर रही राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) गुरुवार सुबह से दिल्ली के शाहीन बाग इलाके में छापेमारी कर रही है। एनआईए यहां मामले में शामिल संदिग्धों के छिपे होने की आशंका जता रही है।

**क्या है मामला:** 2 अप्रैल की रात को जब ट्रेन एलाथुर के पास कोरापुझा पुल पर पहुंची तो, एक अज्ञात व्यक्ति ने यात्रियों पर पेट्रोल डालकर उन्हें आग के हवाले कर दिया। इसमें नौ लोग झुलस गए, जिन्हें तत्काल रूप से अलग-अलग अस्पतालों में इलाज कराने के लिए भर्ती किया गया।

# सिसोदिया की जमानत याचिका पर हाईकोर्ट ने सुरक्षित रखा फैसला

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** आबकारी नीति से जुड़े भ्रष्टाचार के मामले में पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर आज गुरुवार को दिल्ली हाई कोर्ट ने अपना निर्णय सुरक्षित रख लिया है। सिसोदिया ने जमानत देने से इनकार करने के राउज एवेन्यू कोर्ट के 31 मार्च के आदेश को चुनौती दी थी। न्यायमूर्ति दिनेश कुमार शर्मा की पीठ ने साथ ही संबंधित जेल अधीक्षक को निर्देश दिया कि जमानत याचिका पर निर्णय आने तक मनीष सिसोदिया व उनकी पत्नी की प्रत्येक वैकल्पिक दिन पर तीन से चार बजे के बीच वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से



मुलाकात कराना सुनिश्चित करे। सिसोदिया ने मनी लॉड्रिंग से जुड़े मामले में भी जमानत देने से इनकार करने के 28 अप्रैल के निचली अदालत के निर्णय को चुनौती दी है, जोकि इसी अदालत के समक्ष लंबित है। दोनों ही मामले में सिसोदिया न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल में बंद हैं।

दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े भ्रष्टाचार के मामले में पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर आज गुरुवार को दिल्ली हाई कोर्ट ने अपना निर्णय सुरक्षित रख लिया है। सिसोदिया ने जमानत देने से इनकार करने के राउज एवेन्यू कोर्ट के 31 मार्च के आदेश को चुनौती दी थी। न्यायमूर्ति दिनेश कुमार शर्मा की पीठ ने साथ ही संबंधित जेल अधीक्षक को निर्देश दिया कि जमानत याचिका पर निर्णय आने तक मनीष सिसोदिया व उनकी पत्नी की प्रत्येक वैकल्पिक दिन पर तीन से चार बजे के बीच वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से मुलाकात कराना सुनिश्चित करे।

## न्यूज फ्लैश

### डीएसआर मशीनों पर अनुदान के लिए आवेदन करें 15 मई तक

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार) अम्बाला** कृषि एव किसान कल्याण विभाग के उप निदेशक डॉ. जसविंद्र सिंह ने लगातार गिरते हुये भू-जल को सुधारने के लिए विभाग की तरफ से किसानों से डीएसआर विधि से धान की बीजाई करने की अपील की है।

विभाग द्वारा काफी व्यापक योजनाए चलाई जा रही है, जिसके तहत जिला अम्बाला में किसानों की सुविधा को देखते हुए 35 डीएसआर मशीनों पर अनुदान प्रदान करने के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की तिथि 10 मई 2023 थी जिसे बढ़ाकर 15 मई 2023 तक कर दी गई है इस मशीन पर कुल मूल्य पर 50 प्रतिशत या 40 हजार रुपए जो भी कम हो, वह अनुदान राशि दी जाएगी । इस पर अनुदान के लिए किसान ट्रैक्टर की वैध आरसी के साथ, मेरी फसल-मेरा ब्योरा, आधार कार्ड,पैन कार्ड, परिवार पहचान पत्र, बैंक खाता व अनुसूचित जाति प्रमाण पत्र (यदि अनुसूचित जाति से हो तो) की जरूरत पड़ेगी। किसान विभागीय पोर्टल एग्री हरियाणा डॉट जीओवी डॉट इन पर 15 मई तक डीएसआर मशीनों पर अनुदान हेतू अपलोड करवा सकते है। उन्होने बताया कि किसान मशीन से धान की सीधी बीजाई करना चाहते है, उनको विभाग की तरफ से 4 हजार रुपए प्रति एकड़ प्रोत्साहन राशि भी दी जाएगी। इसके लिए किसानो को मेरी फसल-मेरा ब्योरा पोर्टल पर अपना पंजीकरण करवाना होगा।

### विधायक ने हलके के गांवों में जाकर सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

**गन्नौर।** विधायक आपके द्वार कार्यक्रम के तहत बृहस्पतिवार को विधायक निर्मल चौधरी ने गांव हसनपुर, धतूरी, उमेदगढ़, रसूलपुर तथा ग्यासपुर पहुंच कर लोगों की समस्याएं सुनी। समस्याएं सुनते हुए विधायक ने मौके पर ही अधिकारियों से बात कर समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्रामीणों बताया कि सरकार गांव के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। गरीब लोगों की आय बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री अंत्योदय उत्थान मेलों का आयोजन किया जा रहा है। गांवो में गालियां, तलाब, पानी के कनेक्शन, बिजली की केबल आदि कार्यों लगातार किए जा रहे हैं, ग्रामीणों को बेहतरीन सुविधाएं मुहैया हो सके। उन्होंने बताया कि हसनपुर गांव में 68 लाख की लागत से ग्राम ज्ञान केंद्र का निर्माण करवाया जाएगा। उन्होंने ग्रामीणों की मांग पर बाल्मिकी चौपाल, नाई वाली चौपाल, पशु हस्पताल के निर्माण करवाने का भी आश्वासन दिया।

### नेशनल स्टाइल कबड्डी प्रतियोगिता में सीएमआर एकेडमी ने दूसरा स्थान प्राप्त किया



**गन्नौर। गन्नौर** सीएमआर कबड्डी अकेडमी गुमड़ के खिलाड़ियों ने गोहाना में हुई प्रथम नेशनल स्टाइल कबड्डी प्रतियोगिता में 35 किलो भार वर्ग में दूसरा स्थान प्राप्त किया। कबड्डी एकेडमी के कोच के एस खोखर ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से 25 खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिसमें एकेडमी की टीम ने 31 हजार रुपएं नकद व ट्रॉफी जीतकर एकेडमी के नाम रौशन किया। एकेडमी के संस्थापक इन्द्र सिंह पहल, प्रधान सुदेश, महासचिव राज सिंह, कोषाध्यक्ष मोहित ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि हार जीत की चिंता छोड़ कर प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ खेलों में भी भविष्य उज्जवल है इसलिए जीवन में कोई न कोई खेल जरूर खेलना चाहिए। खेलों से शारीरिक विकास के साथ मानसिक विकास भी होता है। इस मौके पर डा.आनंद, मास्टर नफे सिंह, दलेल मास्टर, रविंदर आदि ग्रामीणों ने विजेता टीम को बधाई दी।

### बैंक की प्रधान बनी मंजू दहिया व उपप्रधान बने धर्मबीर नम्बरदार चिरस्मी

**गन्नौर।**

**सोनीपत** जिला प्राथमिक सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक लिमिटेड सोनीपत की निदेशक मंडल की बैठक में बैंक के प्रधान व उपप्रधान का मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुरेश कुमार सांगवान की देखरेख में सर्वसम्मति से चुनाव हुआ। जिसमें रोहट गांव निवासी मंजू दहिया को प्रधान व गन्नौर के गांव चिरस्मी निवासी धर्मबीर नम्बरदार को उपप्रधान चुना गया। नवनियुक्त प्रधान व उपप्रधान ने अपनी नियुक्ति पर सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे बैंक को आगे बढ़ाने के लिए कार्य करेंगे।

# सीएम ने अहीर पीएचसी का किया उद्घाटन

## 3.95 करोड़ की लागत से तैयार हुई दौंगड़ा अहीर पीएचसी

**टीम एक्शन इंडिया/ नारनौल।**

**हरियाणा के** मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने आज यमुनानगर जिले में आयोजित एक राज्यस्तरीय कार्यक्रम में वर्चुअल माध्यम से जिला महेंद्रगढ़ के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दौंगड़ा अहीर के उद्घाटन सहित प्रदेश को 46 स्वास्थ्य संस्थानों की सौगात दी। वहीं दूसरी तरफ स्थानीय स्तर पर आयोजित इस कार्यक्रम में प्रदेश के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओमप्रकाश यादव मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद थे। सभी प्रकार की सुविधाओं से युक्त यह पीएचसी 3.95 करोड़ की लागत से तैयार हुई है। नारनौल के लघु सचिवालय में



आयोजित इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री यादव ने कहा कि हरियाणा की मनोहर सरकार स्वास्थ्य सुविधाओं का बुनियादी ढांचा मजबूत करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है। प्रदेश की जनता के लिए स्वास्थ्य सेवाओं को प्राथमिकता देते हुए सरकार लगातार बड़े कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि नारनौल का नागरिक अस्पताल भी जल्द बनकर तैयार हो जाएगा। इसके बाद लोगों को और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकेंगी। इसके अलावा राजकीय मेडिकल कॉलेज कोरियावास का निर्माण कार्य तेज गति से चल रहा है। यह भी इस साल लगभग पूरा हो जाएगा। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार की ओर से राज्य में खोले जाने वाले ये स्वास्थ्य संस्थान सूबे की जनता को सर्वोत्तम स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के साथ-साथ स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने में अहम रोल अदा करेंगे। सरकार ने बजट में भी स्वास्थ्य सेवाओं के लिए करोड़ों रुपए के विशेष प्रावधान किए हैं। श्री यादव ने कहा कि हरियाणा सरकार नागरिकों को सस्ती तथा उच्च गुणवत्ता की स्वास्थ्य सेवाएं देने को प्रतिबद्ध है। हरियाणा सरकार बहुआयामी दृष्टिकोण के साथ स्वास्थ्य सेवाओं को आगे बढ़ा रही है। इस मौके पर अटेली के विधायक सीताराम यादव, उपायुक्त मोनिका गुप्ता, अतिरिक्त उपायुक्त वैशाली सिंह, एसडीएम मनोज कुमार, नगराधीश डॉ मंगल सैन तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ रमेश चंद्र आर्य, बीजेपी के जिला प्रधान दयाराम यादव व जेजेपी के जिला प्रधान डा. मनीष शर्मा के अलावा अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

**दौंगड़ा अहीर पीएचसी से कई गांवों को फायदा होगा: सीताराम यादव**

दौंगड़ा अहीर पीएचसी के उद्घाटन अवसर पर अटेली के विधायक सीताराम यादव ने कहा कि हरियाणा सरकार लगातार स्वास्थ्य को बढ़ा रही है। दौंगड़ा अहीर में पीएचसी बनाने की लंबे समय से मांग थी।

## पांच स्कूलों की होगी मरम्मत, विधायक ने किया दौरा



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।** उपमंडल के पांच स्कूलों में कमरों की मरम्मत के लिए लगभग 1 करोड़ 71 हजार रुपए की राशि खर्च की जाएगी। विद्यालय शिक्षा निदेशालय की तरफ से स्कूलों की मुरम्मत के लिए ग्रांट जारी की गई है। जिसके अनुसार गन्नौर स्थित राजकीय सीनियर सैकेंडरी स्कूल को 22 लाख 8 हजार, गांव गुमड़ स्थित राजकीय सीनियर सैकेंडरी स्कूल को 8 लाख 56 हजार रुपए, गांव तेवड़ी स्थित राजकीय सीनियर सैकेंडरी स्कूल को 23 लाख 25 हजार रुपए, गांव खेड़ी गुज्जर स्थित राजकीय सीनियर सैकेंडरी स्कूल को 16 लाख 61 हजार रुपए तथा गांव शेखपुरा स्थित राजकीय सीनियर सैकेंडी स्कूल को 30 लाख 21 हजार रुपए की राशि मुरम्मत कार्यों पर खर्च की जाएगी। इसी कड़ी में विधायक निर्मल चौधरी ने स्कूलों का दौरा करते हुए अधिकारियों को जल्द से जल्द मरम्मत का कार्य शुरू करवाने के आदेश दिए।

## सीताराम के पुत्र व पुत्र वधू को आशीर्वाद देने पहुंचे सीएम मनोहर

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल नारायणगढ़ की अग्रवाल धर्मशाला में पहुंचे और आरएसएस नारायणगढ़ खण्ड के संचालक सीताराम के पुत्र गौरव व पुत्रवधु सीमा को आशीर्वाद दिया। मुख्यमंत्री ने नवयुगल को फूलों का गुलदस्ता देकर खुशहाल दाम्पत्य जीवन का आर्शीवाद देते हुए उनके सुखमय और मंगलमय जीवन की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सीताराम जी व उनके परिजनों से बातचीत की और उन्हें भी शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उपायुक्त डॉ. शालीन, एसपी जश्नदीप सिंह रंधावा, एसडीएम सी जया शारधा, भाजपा जिला प्रधान राजेश बतौरा, जिला परिषद चेयरमैन राजेश लाडी, गौशाला प्रबंधक सुमन गुप्ता, पूर्व चेयरमैन सुरेन्द्र राणा, पूर्व जिला प्रधान जगमोहन लाल कुमार, जिला कार्यकारणी सदस्य सुमन सैनी, तहसीलदार



दिनेश सिंह, डीएसपी आदर्श दीप सिंह, नगरपालिका चेयरपर्सन रिंकी वालिया, वाईस चेयरपर्सन आईना गुप्ता, पूर्व चेयरमैन अमित वालिया, आरएसएस के सह जिला कार्यवाह मोहित गुप्ता, अमित अग्रवाल, राकेश बिंदल, रमेश पाल नौहनी, पार्षद प्रदीप गोयल, खण्ड कार्यवाह नरेश, सह खण्ड कार्यवाह रविन्द्र बरशुमाजरा, उमेश, संजीव अग्रवाल, सुधीर कुमार, अश्वनी, अनिल शर्मा, अश्वनी वालिया, गोपाल मितल तथा पार्षदों सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल का स्वागत किया।

## आनलाइन नौकरी का झांसा देकर ठगे 51768 रुपये, मामला दर्ज

**गन्नौर। क्षेत्र** में ऑनलाइन ठगी के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। आए दिन ठग नए-नए तरीके अपनाकर लोगों को साथ में लेकर अपनी ठगी का शिकार बना रहे हैं। ऐसा ही मामला बड़ी उद्योगिक क्षेत्र से सामने आया है। जहा ठगों ने एक व्यक्ति की अपने झांसे में लेकर उससे 51768 रुपये ठग लिए। पीड़ित ने मामले की शिकायत बड़ी थाना पुलिस को दी है। शिकायत में महावीर पार्क, बहादुरगढ़ हाल ही बड़ी निवासी मनीष कुमार ने बताया कि वह बड़ी उद्योगिक क्षेत्र में काम करता है। उसके पास 15 नवम्बर 2022 को व्हाट्सएप काल आई और सामने वाले ने अपना नाम अंकित बताया। सामने वाले ने उसे ऑनलाइन काम करने के लिए कहा ओर उसे अपने झांसे में फंसा लिया।

## कल्पना चावला के ईवीएम व वीवीपैट के लिए वेयरहउस का डीसी निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**

**उपायुक्त डॉ.** शालीन ने कल्पना चावला महिला बहुतकनीकी संस्थान में ईवीएम व वीवीपैट के लिये स्थापित किये गये वेयरहाउस का भौतिक निरीक्षण किया। उपायुक्त ने निरीक्षण के दौरान वेयर हाउस के गेट पर लगे ताले की सील को चेक करने के साथ-साथ सुरक्षा की दृष्टि से यहां पर लगाये गये सीसीटीवी कैमरों के साथ-साथ कितने पुलिस कर्मचारी यहां पर तैनात रहते हैं इसकी जानकारी हासिल की।

उन्होंने निरीक्षण के दौरान यहां पर की गई व्यवस्थाओं जैसे अग्निशमन यंत्र, सिक्योरिटी व अन्य बिन्दूओं के बारे चुनाव तहसीलदार संदीप कुमार से जानकारी ली।



चुनाव तहसीलदार संदीप कुमार ने बताया कि वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया जाता है और इसी कड़ी में आज निरीक्षण करते हुए यहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया हैं। निरीक्षण के उपरांत यहां की वास्तविक रिपोर्ट चुनाव आयोग को भेजी जाती है। इस मौके पर कानूनगो पूजा, मंजु, सहायक प्रीतम कौशिक के साथ-साथ अन्य मौजूद रहे। उपायुक्त ने वेयर हाउस के निरीक्षण के क्रम में यहां से वेयर हाउस को कॉलेज परिसर में ही गर्ल्ज हॉस्टल के नजदीक स्थापित करने वाले स्थान का भी जायजा लिया और सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जब भी यहां पर वेयर हाउस को स्थापित किया जाए उससे सम्बन्धित सभी औपचारिकताएं जैसे सीसीटीवी कैमरे व अन्य सभी व्यवस्थाएं दुरूस्त होनी चाहिए।

# पत्रकार पर हमला करने के मामले में सुनाई सजा

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत,** सनौली के एक पत्रकार पर जानलेवा हमला करने के मामले में समालखा अदालत ने दोनों आरोपियों को दोषी करार देते हुए 3-3 साल की सजा व 2500-2500 रुपए जुर्माने का आदेश सुनाया है। जुर्माना जमा न करने पर अतिरिक्त कारावास होगा। वकील सुभाष सैनी ने बताया कि गांव सनौली खुर्द वासी पत्रकार उमेश त्यागी पर 28 सितंबर 2016 को निंबरी से गांव सनौली खुर्द जाते हुए गांव कुराड़ के पास सनौली रोड स्थित एसडी वैश्य स्कूल के सामने गांव सनौली खुर्द वासी बिट्टू पुत्र बलेश्वर त्यागी व गांव नगला

**8 समालखा अदालत ने दोनों आरोपियों को दोषी करार देते हुए 3-3 साल की सजा व 2500-2500 रुपए जुर्माने का आदेश सुनाया है**

वासी सचिन ने बाईक रूकवाकर लाठी डंड़ों व तेजधार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया था। जिसमें उमेश त्यागी को गंभीर चोटें आई थी। वहीं उमेश त्यागी के भाई की शिकायत पर सनौली थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर अपनी जांच रिर्पोट अदालत में पेश कर दी थी। इस मामले में आज समालखा जेएमआईसी माननीय अशोक कुमार ने दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद फैसला सुनाते हुए उमेश त्यागी के साथ मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने के आरोपियों को बिट्टू पुत्र बलेसर त्यागी भूतपूर्व सैनिक वासी गांव सनौली खुर्द व गांव नगला वासी सचिन को दोषी करार दिया है। अदालत ने दोनों को 3-3 साल की सजा व 2500-2500 रुपए जुमार्ने का आदेश सुनाया है। वहीं उमेश त्यागी ने बताया कि मामले के अदालत में विचारधीन होने के दौरान आरोपियों द्वारा उन पर हर प्रकार से समझौता का दबाव बनाने की झुटी शिकायते दे उन्हें व उनके परिवार सदस्यों की तंग कर किया जाता रहा । उनकी 30 से अधिक झुटी शिकायते बार-बार अलग अलग5 जिले के विभागों में दी गई मगर कोई सच्चाई ना होने से उन्होंने हिममत नही हारी और झुटी शिकायतो से समझौते का दबाव ना बन सका । उन्होंने पूरी हिममत के साथ आरोपियों के खिलाफ अदालती कार्रवाही की। जिसके चलते आज उन्हें न्याय मिला है। पत्रकार उमेश त्यागी पर हमले के दोनो आरोपियो का मननीय अदालत ने सजा सुनाई जाने पर जिले व प्रदेश के पत्रकारो व परिवार ने न्याय की जीत बतरते हुए अदालत के फैसले का स्वागत किया है।

## भगवत कृपा से ही संत व भगवन्वत मिलते है- आचार्य चैतन्य

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार) श्री** कबीर जन कल्याण सेवाश्रम मोती नगर अम्बाला शहर के आचार्य सनातन चैतन्य जी महाराज विशेष कार्यक्रम मे सम्मिलित होने के लिए छत्तीसगढ़ के राजधानी रायपुर व ग्राम मोहभठ्ठा राजनादगांव मे पधारे हुए थे। इसीक्रम मे आचार्य जी माना एयरपोर्ट से राजनांदगांव जाते हुए मोहबा बाजार रायपुर के शुक्रदया उच्चात्तर माध्यमिक स्कूल के संसथापक संरक्षक,समाजसेवी डां आर.डी.मानिक के निवास स्थान पर जाना हुओडां मानिक परिवार व अन्य भक्तों ने आचार्य जी का तिलक टीका लगाकर स्वागत किया।

## बहुजन समाज पार्टी ने डीसी को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा



**पानीपत/कमाल हुसैन**

**बहुजन समाज** पार्टी द्वारा में डीसी वीरेंद्र दहिया को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें बहुजन समाज पार्टी की तरफ से मांग रखी गई कि महिला खिलाड़ी जंतर मंतर पर अपने मान सम्मान के लिए धरने पर बैठे हैं उनकी मांगों को पूरा कराए जाए। बसपा जिलाध्यक्ष फूल कुमार ने कहा कि बहुजन समाज पार्टी खिलाडि?ों का पूर्ण रूप से समर्थन करती है और उनके साथ तन मन धन से खड़ी है। बहुजन समाज पार्टी महिलाओं पर किसी भी प्रकार का अत्याचार सहन नहीं करेगी। जो भी महिलाओं पर अत्याचार करेगा बहुजन समाज पार्टी उनका पुरजोर विरोध करेगी। वहीं उपायुक्त ने उन्हें आश्वासन दिया की उनके ज्ञापन को शीघ्र ही राष्ट्रपति कार्यालय पहुंचा दिया जाएगा। इस अवसर पर लोकसभा प्रभारी सरदार सुमेर, जिला प्रभारी जय भगवान, जिला महासचिव एडवोकेट रोहतास देहरान, अजय बोरिया , फ ेरम सिंह , रामफल सारसर, सुरेश राजाखेड़ी, भैरव सिंह, कर्दम, भूपसिंह मान, सतपाल, शुभकरण, राजकुमार, जगदीश, सावित्री, ओमपाल, ओम प्रकाश, कृष्ण व संदीप बबैल आदि मौजूद रहे।

## तृतीय वर्ष की छात्राओं के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**

**एसडी** पीजी कॉलेज में बीए प्रथम और द्वितीय वर्ष की छात्राओं ने बीए तृतीय वर्ष की छात्राओं के लिए रंगारंग विदाई समारोह का आयोजन किया। जिसमें उन्होंने अपने प्राध्यापकों एवं सीनियर्स के साथ मिलकर जमकर धमाल मचाया। विदाई समारोह की शुरूआत प्राचार्य डॉ.अनुपम अरोड़ा ने की। प्रो.अन्नू आहूजा, प्रो.गीता परुथी, डॉ.संतोष कुमारी, डॉ.मोनिका खुराना, प्रो.सुषमा दहिया, डॉ. भारती गुप्ता, प्रो. डेनसन डी पॉल, प्रो. सनी भुक्कर, प्रो.सुनील कुमार, प्रो.रवि किरण, प्रो.जुगमती, प्रो.किरण मलिक, प्रो.मीतु सैनी, प्रो.कविता, प्रो.मनोज कुमार समेत अन्य प्राध्यापकों ने विद्यार्थियों के साथ सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लिया। ओवरआल प्रदर्शन के आधार पर याशिका मिस फेयरवेल, निवेदिका मिस फेयरवेल रनर.अप, स्नेहा देशवाल मिस परफेक्ट, हिमांशी मिस परफेक्ट रनर.अप और सुप्रिया मिस आलराउंडर, दीक्षा मिस आलराउंडर रनर.अप के खिताब से नवाजा गया।

# अपहरण और दुराचार के आरोपी के 7 वर्ष की सजा

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**

**अदालत ने** 7 वर्ष पुराने नाबालिक अगवा कर बलात्कार के आरोपी को 7 वर्ष की कठोर सजा और अर्थदंड से दंडित किया है। जानकारी के अनुसार थाना गोविंद नगर क्षेत्र के अंतर्गत 5 अक्टूबर 2016 को नामजद आरोपी एक नाबालिग बालिका को बहला-फुसलाकर भगा ले गया था इस घटना की रिपोर्ट पीड़िता के पिता ने रामू उर्फ राम कुमार पुत्र स्व, रमेश चन्द्र निवासी अहरुआ थाना गोंडा जिला अलीगढ़ के विरुद्ध थाना गोविंद नगर में दर्ज कराई



गई थी।

पुलिस ने पीड़िता को बरामद कर उसका डॉक्टरी परीक्षण कराया गया और न्यायालय में दर्ज कराए गए। विवेचक के द्वारा 376 और पास्को एक्ट की बढ़ोतरी करते हुए आरोप पत्र न्यायालय में पेश कर दिया। इस मामले की सुनवाई करते हुए न्यायालय अपर जिला एवं सत्र

**8 पुलिस ने पीड़िता को बरामद कर उसका डॉक्टरी परीक्षण कराया गया और न्यायालय में दर्ज कराए गए**

न्यायाधीश पास्को एक्ट द्वितीय ने तमाम साक्ष्यों और गवाहों के बयानों का परीक्षण करते हुए आरोपी को 7 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा के साथ 30 हजार रुपए के अर्थदंड की सजा सुनाई है जुर्माना अदा नहीं करने पर 6 महीने की अतिरिक्त सजा काटनी होगी।

# 'भाजपा-जजपा सरकार से प्रदेश वासी परेशान आ चुके हैं'

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**

**पानीपत** ग्रामीण से कांग्रेस के युवा नेता अमर सिंह रावल के टीडीआई सिटी स्थित कार्यालय पर पूर्व केबिनेट मंत्री एवं हरियाणा कांग्रेस विधायक दल के डिप्टी लीडर नूंह विधायक आफताब अहमद पहुंचे। उनके साथ में नेशनल कॉर्डिनेटर ओबीसी कोच राजा अंसारी भी थे। यहां पहुंचने पर उनका अमर सिंह रावल साथियों, पार्टी कार्यकताओं व ग्रामीणों ने गरम जोशी के साथ जोरदार स्वागत किया। उपस्थित कार्यकताओं को सम्बोधित करते हुए आफताब अहमद ने कहा कि जो कार्य पूर्व मुख्यमंत्री चौ. भूपेंद्र सिंह हुड्डा के कार्यकाल में हुए थे उन्हें अब जनता याद कर रही है।



भाजपा-जजपा सरकार से प्रदेश वासी परेशान आ चुके हैं। आने वाला समय कांग्रेस का है। उन्होंने कहा कि अमर सिंह रावल इस हल्के का वासी है तथा हमेशा आपके बीच का रहने वाला है। वैसे भी अमर सिंह आपके हर सुख दुःख में शामिल रहने वाला व्यक्ति है। इसलिए इसका साथ दें। वहीं पानीपत ग्रामीण से कांग्रेस पार्टी से विधानसभा की तैयारी कर रहे अमर सिंह रावल ने कहा आज के समय पानीपत ग्रामीण हल्के में जनता दुर्दशा हो रही है। कहीं प्रॉपर्टी आई डी के नाम पर, कहीं गरीब आदमी के पीले राशनकार्ड काटे जाने पर लोगों को परेशान किया जा रहा है।

लगभग पिछले 8 सालों की भाजपा सरकार से सभी वर्ग परेशान हैं। जात.पात व धर्म पर राजनीति करने वाली भाजपा को अब जनता 2024 के लोकसभा चुनाव ओर हरियाणा विधानसभा चुनाव में सबक सिखाने का काम करेगी ओर भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार बनेगी।

इस मौके पर राजेराम चाड़, गोवर्धन रावल, सुरेश रावल, बलवीर रावल, कर्मा कश्यप, जिले सिंह रावल, सतपाल, सुभाष रावल, चीचू गुर्जर, रमेश चौहान, तेजपाल, सतीश शर्मा, नारायण गुर्जर, विनोद रोड़ , कुलदीप रोड़, कुलदीप जागलान, नरेंद्र विवान, लोकेश कुमार, कपिल त्यागी, सचिन त्यागी, देवव्रत मलिक, आर्य कोठारी, राकेश वर्मा, प्रदीप एडवोकेट, राकेश, प्रदीप तंवर आदि मौजूद रहे।

# योगा फेडरेशन ने सरकारी स्कूल में बच्चों को बांटी स्टेशनरी व स्कूली बैग

**8 तीन कमरों का मकान उपलब्ध कराएगा तभी वहां पर आम जनता के लिए फिजियोथैरेपी सेंटर खोला जाएगा**

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला छावनी (मनीष कुमार)** योगा फेडरेशन ने बांटे हाउसिंग बोर्ड स्थित सरकारी स्कूल में गरीब बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए स्कूली बैग और एक लड़की दृष्टि जिसके पिता का देहांत हो चुका है उसके पढ़ाई का सारा खर्चा योगा फेडरेशन के सदस्य उठाएंगे और मौके पर ही उसकी वितिय सहायता



भी की। बैग में पेंसिल, रबर, शार्पनर, कॉपी, कलर और बिस्कुट का पैकेट भर कर दिया जिससे बच्चों में खुशी की लहर दौड़ गई। फेडरेशन के कार्यकारी प्रधान सुनीता गौतम ने बताया है कि योगा फेडरेशन आज अंबाला का एक बहुत बड़ा गैर सरकारी संगठन बनकर उभरा है और वह आने वाले दिनों में आंखों और खून दान का कैंप लगाने की इच्छा रखता है और इसके साथ साथ जब भी कोई सज्जन हमें दो तीन कमरों का मकान उपलब्ध कराएगा तभी वहां पर आम जनता के लिए फिजियोथैरेपी सेंटर खोला जाएगा।

# शिक्षा मंत्री आतिशी ने छात्रों को किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**शिक्षा** मंत्री आतिशी ने गुरुवार को दिल्ली बाल अधिकार संरक्षण आयोग (डीसीपीसीआर) द्वारा त्यागराज स्टेडियम में आयोजित देश के मेंटर कॉन्क्लेव में भाग लिया। शिक्षा मंत्री ने शानदार काम करते हुए मेंटरिंग द्वारा अपने मेंटीज के जीवन में उल्लेखनीय बदलाव लाने वाले मेंटर्स को सम्मानित भी किया। इस मौके पर शिक्षा मंत्री ने कहा कि, "जब कोई बच्चा एक ऐसे परिवार से आता है जहां करियर को लेकर परिवार के अंदर ही मार्गदर्शन मिलता है तो उसके भविष्य की राह आसान हो जाती है। लेकिन अक्सर दिल्ली के सरकारी स्कूलों में जो बच्चे पढ़ रहे होते है वो






ऐसे परिवार से आते है जिन्हें गाइड करने वाला इंसान उनके आस पास नहीं होता। ऐसे में देश के मेंटर कार्यक्रम ने इन बच्चों का हाथ थामने का काम किया है। हमारे मेंटर्स ने मार्गदर्शक की भूमिका निभाते हुए इन बच्चों को बेहतर राह दिखाने का काम किया है। शिक्षा मंत्री आतिशी ने दिल्ली सरकार के स्कूलों के छात्रों के जीवन को बदलने में उनके उल्लेखनीय योगदान देने के लिए मेंटर्स का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि, "आप मेंटर्स ने न केवल अपने मेंटीज को पसंदीदा करियर चुनने में मार्गदर्शन किया है बल्कि उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने का काम भी किया है। मेंटर्स ने अपने हस्तक्षेप से बाल-विवाह जैसी घटनाओं को रोकने तक का काम किया है। इनका काम का वास्तव में हम सभी के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि यह गर्व का क्षण है कि दिल्ली सरकार देश भर के शिक्षित युवा पेशेवरों और दिल्ली के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले छात्रों के बीच की खाई को पाटने के लिए एक मंच के रूप में काम कर रही है। देश के मेंटर कार्यक्रम के माध्यम से, सरकार ने इस महत्वपूर्ण संबंध को बनाने का काम किया है, जिससे स्कूलों में पढ़ रहे छात्र अपने भविष्य के करियर के बारे में बेहतर निर्णय लेने में सक्षम हुए हैं। आयोजन के दौरान, शिक्षा मंत्री ने दिल्ली सरकार के स्कूलों के छात्रों को सशक्त बनाने में उनके सराहनीय प्रयासों के लिए मेंटर्स की भी सराहना की और मेंटीज-मेंटर्स ने भी मंत्री के साथ अपने अनुभव साझा किए।

## दिल्ली दंगे के तीन आरोपित पुख्ता साक्ष्य के अभाव में बरी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के कड़कड़डूमा कोर्ट ने 2020 के दिल्ली दंगे के तीन आरोपितों को बरी कर दिया है। एडिशनल सेशंस जज पुलस्त्य प्रमाचल ने कहा कि आरोपितों के खिलाफ पुख्ता साक्ष्य का अभाव है और संभावना को साक्ष्य के तौर पर पेश नहीं किया जा सकता। कोर्ट ने जिन आरोपितों को बरी करने का आदेश दिया उनमें दिनेश यादव ऊर्फ माइकल, संदीप ऊर्फ मोगली और टिंकू शामिल हैं। इनके खिलाफ दंगा करने और दंगा करने वाली भीड़ का हिस्सा होने और संपत्ति की लूट का आरोप था। तीनों के खिलाफ दो शिकायतकताओं आकिल सैफी और इरफान की शिकायत पर गोकलपुरी थाने में एफआईआर दर्ज की गई थी। इन आरोपितों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 147, 148, 149, 380, 188, 427 और 436 के तहत आरोप तय किए गए थे। कोर्ट ने तीनों आरोपितों को बरी करते हुए कहा कि शिकायतकर्ता जो इस मामले के पीड़ित भी हैं, के अलावा दूसरे गवाह घटनास्थल पर मौजूद ही नहीं थे।

उनका बयान सुनी-सुनाई बातों पर आधारित थी। इन गवाहों ने ये नहीं बताया कि दंगे की बात उन्हें किसने बताई।

कोर्ट ने कहा कि गवाहों के क्रास-एग्जामिनेशन के दौरान अभियोजन पक्ष का एक गवाह आरोपित को पहचान भी नहीं सका।

## केजरीवाल अपनी जिम्मेदारियों को निभाये: कुमार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार ने दिल्ली सरकार से संबधित शक्तियों को लेकर सुप्रीम कोर्ट के आए आदेश का स्वागत करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री दिल्लीवासियों के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को कर्तव्य परायणता के साथ निभाएं क्योंकि सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में साफ कर दिया है कि दिल्ली विधानसभा के सदस्य भी दूसरी विधानसभाओं की तरह ही चुन कर आते है और लोकतांत्रिक व्यवस्था के अंतर्गत विधानसभा के दायरे में आने वाली सभी शक्तियों पर दिल्ली सरकार का अधिकार है। जबकि पुलिस, कानून व्यवस्था और भूमि के मामले दिल्ली



विधानसभा के अधिकार में नही है। अनिल कुमार ने कहा कि लम्बे समय से दिल्लीवासी बार-बार पूछ रहे थे कि दिल्ली में विकास की रफ्तार क्यों रुकी हुई है तथा अरविन्द केजरीवाल और उपराज्यपाल की लड़ाई में आखिर दिल्ली की जनता क्यों पिस रही है। दिल्ली की जनता के हित में काम करने को लेकर दोनो एक दूसरे पर आरोप लगाते रहे है, परंतु सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद दिल्ली की जनता उम्मीद कर रही है कि अरविन्द केजरीवाल अब अपनी जिम्मेदारियों से पल्ला नहीं झाडेंगे और दिल्ली के विकास कार्यों को पूरा करने पर ध्यान देंगे। अनिल कुमार ने कहा कि दिल्ली सरकार के अधिकारों से सम्बन्धित आदेश के बाद भाजपा की प्रदेश सरकारों को कमजोर करने की कूटनीति और तानाशाही पर अंकुश लगेगा, जिसके द्वारा भाजपा प्रदेशों की शक्तियों को छीनने का काम कर रही थी। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र और संघीय ढांचे का सम्मान सुनिश्चित करने के लिए ही आदेश में राजधानी में केन्द्र के साथ संतुलन बनाकर दिल्ली सरकार अपनी शक्तियों का उपयोग करने की बात कही है, क्योकि संसद को भी दिल्ली के मामलों में शक्तियां हासिल हैं। अनिल कुमार ने कहा कि दिल्ली सरकार की शक्तियों को लेकर सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद कार्यपालिका से संबधित शक्तियां का अधिकार उनके पास आने के बाद केजरीवाल अधिकारियों की पोस्टिंग व अन्य फैसले स्वायत्तता से लेकर दिल्ली में विकास की रफ्तार को सुनिश्चित करने के लिए काम करें। पिछले 9 वर्षों में केजरीवाल ने आरोप प्रत्यारोप की कूटनीति और विरोधाभास की राजनीति के कारण दिल्ली का विकास रोका हुआ था।

## बदमाशों ने हीरा कारोबारी के कर्मचारियों से जेवरात लूटे

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दक्षिण** दिल्ली के पॉश एरिया हौजखास में स्कूटी सवार बदमाशों ने हीरा कारोबारी के कर्मचारियों से दो करोड़ के जेवरात लूट लिये। वारदात के बाद आरोपित मौके से फरार हो गए। बुधवार दोपहर के समय रामजन्म सैफी उर्फ दिलीप (35) और इसका साथी रामू कुमार (28) करोल बाग से जेवरात लेकर दक्षिण दिल्ली आए थे। यहां कई पार्टी को जूलरी दिखाई जाना था। कालकाजी के एक ज्वेलर को इन लोगों ने जूलरी दिखा भी दी थी। बाद में दोनों मालवीय नगर जाने लगे। रास्ते में आउटर रिंग रोड, पंचशील इलाके में स्कूटी सवार बदमाशों ने पिस्टल दिखाकर उनसे जूलरी का बैग लूट लिया। बैग में हीरे व सोने के 181 आइटम थे। इनकी कीमत दो करोड़ से ज्यादा की बताई जा रही है।

करोड़ों की लूट की कॉल चली तो जिले में अफरा-तफरी मच गई। जिले के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के अलावा दिल्ली पुलिस की बाकी टीमें वहां पहुंच गई। रामजन्म के बयान पर पुलिस ने लूटपाट की धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। लोकल पुलिस, स्पेशल स्टाफ, एएटीएस के अलावा अपराध शाखा भी मामले की जांच में जुटी है। दक्षिण जिला के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बुधवार शाम करीब 4.37 बजे उनकी टीम को हौजखास इलाके में लूट की कॉल मिली थी।

# जहांगीरपुरी में आम आदमी पार्टी के कार्यालय पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन







**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के जहांगीरपुरी स्थित आम आदमी पार्टी के कार्यालय पर निगम पार्षद टिम्सी सुरेश शर्मा के द्वारा आयुर्वेद हेल्थ कैम्प लगवाया गया। इस मौके पर क्षेत्र के कई गणमान्य लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई। इस अवसर पर लोगों ने कहा कि पार्षद टिम्सी सुरेश शर्मा बड़ा ही अच्छा कार्य कर रही है। आज उन्होंने हम जनता के लिए अपने कार्यालय पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन करवाया है। इसके लिए हम सभी उनका धन्यवाद करते है। निगम पार्षद टिम्सी सुरेश शर्मा ने कहा कि हमारा प्रयास है कि सभी स्वस्थ्य रहे और सभी को बेहतर सुविधाएं मिले। इसके लिए मैं हमेशा ही प्रयासरत रहती हूं, इस प्रकार के शिविर आगे भी आयोजित किये जाते रहेगें। इस मौके पर मन्नू प्रधान, अनुज सिंह, त्रिवेणी यादव, प्रदीप गोयल, नौसाद भाई सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।



वार्ड-18 में आम आदमी पार्टी के नेता सुरेश शर्मा भलस्वा डेरी के नालो की सफाई के कार्य का निरीक्षण करते हुए।

## कोर्ट ने तिहाड़ जेल में औचक जांच के लिए बनाई तीन सदस्यीय कमेटी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** हाई कोर्ट ने तिहाड़ जेल में कैदियों को दिए जाने वाले खाने और कैंटीन एरिया में साफ-सफाई की औचक जांच के लिए एक कमेटी का गठन किया है। जस्टिस प्रतिभा सिंह की बेंच ने कमेटी को निर्देश दिया कि वे कम से कम दो बार औचक निरीक्षण करें और कोर्ट में रिपोर्ट दाखिल करें। मामले की अगली सुनवाई 20 जुलाई को होगी। कोर्ट ने तीन सदस्यीय कमेटी का गठन किया। जिसमें याचिकाकताओं के वकील अदीत एस पुजारी को भी सदस्य के रूप में रखा गया है। बाकी दो नामों के बारे में कोर्ट का आदेश अपलोड होने के बाद पता चलेगा। कोर्ट ने यह आदेश तिहाड़ जेल में बंद दो कैदियों की ओर से दायर याचिका पर दिया, जिन्होंने कैदियों को पोषक खाना दिलाए जाने की मांग की है। दोनों कैदियों की ओर से वकील अदीत एस पुजारी ने कहा कि दिल्ली प्रिजन रूल्स के मुताबिक खाने की मात्रा और पौष्टिक भोजन उपलब्ध नहीं कराया जाता है। इसकी वजह से कैदियों के स्वास्थ्य पर गहरा असर पड़ता है। पुजारी ने कहा कि जब कोई कैदी 06 बजे शाम को अपने सेल में जाता है तो उसके बाद उसे खाना नहीं दिया जाता है। यहां तक कि कैंटीन में फल नहीं रखे जाते, ताकि कैदी उसे खरीदकर खा सकें।



मुकुंदपुर वार्ड में आ रही पानी और सीवर की समस्याओं को लेकर क्षेत्र में दौरा करते हुए आप नेता जय प्रकाश यादव, विनित महेश गौतम व अन्य।

# जहांगीरपुरी: निगम पार्षद सुमन शर्मा ने छात्राओं को पर्यावरण के प्रति किया जागरूक







**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**आजादपुर** वार्ड के अन्तर्गत आने वाले जहांगीरपुरी इलाके के ए ब्लॉक स्थित निगम विद्यालय में निगम पार्षद सुमन शर्मा ने जूट के बैंग का वितरण किया और छात्राओं को पर्यावरण के प्रति जागरूक भी किया। इस मौके पर निगम पार्षद सुमन शर्मा के साथ इन्द्रजीत मुखी, अंकित त्यागी, सुधीर रंजन, संदीप सोनी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर निगम पार्षद सुमन शर्मा ने बताया कि यह अभियान पूरे वार्ड में चलाया जा रहा है। हम प्लास्टिक मुक्त वार्ड बनाने हेतु यह अभियान चलाकर लोगों में जुट के बैग का वितरित कर रहे है। इस मौके पर इन्द्रजीत मुखी के अलावा कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। पार्षद सुमन शर्मा ने स्कूल स्टाफ के साथ विद्यालय का निरीक्षण भी किया।

# घर-घर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचा रही मनोहर सरकार: राजेश नागर

## कांवरा कलां एवं पलवली में हेल्थ एवं वैलनेस सेंटर का किया वर्चुअली उद्घाटन

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद(हरपाल सिंह यादव)।** सीएम मनोहर लाल ने आज तिगांव विधानसभा के दो गांवों कांवरा कलां और पलवली में हेल्थ एवं वैलनेस सेंटरों का वर्चुअल उद्घाटन किया। स्थानीय विधायक राजेश नागर गांव कांवरा कलां में शिलापट का रिमोट द्वारा अनावरण करने के लिए मौजूद रहे। विधायक नागर ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में पूरे प्रदेश में जनसुविधाओं की स्थापना का कार्य तेजी पर है। इसी कड़ी में आज उन्होंने पूरे प्रदेश में वीसी के जरिए अनेक हेल्थ सेंटर



का अनावरण किया है। जहां हमारे ग्रामीणों को पहले से अधिक स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकेंगी और उनकी काफी जांच यहीं हो सकेंगी। अब तक उन्हें बीके हास्पिटल जाना पड़ता है जिससे उन्हें छुटकारा मिल जाएगा। नागर ने बताया कि इन केंद्रों का सबसे बड़ा लाभ ग्रामीण गर्भवती महिलाओं को होगा। विधायक नागर ने बताया कि सीएम मनोहर लाल अपने प्रयासों से हरियाणा एक हरियाणवी एक के नारे को चरितार्थ कर रहे हैं। हमें उनके हाथ मजबूत करने हैं। विधायक ने लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने की भी अपील की। नागर ने बताया कि कांवरा कलां और पलवली हेल्थ केंद्रों से बादशाहपुर, रिवाजपुर, टिकावली, देहा, भूपानी, नचौली, कांवरा, डूंगरपुर, राजपुर कलां, अलीपुर, तिलोरी, सिडाक, जसाना, बदरपुर सैद, ताजूपुर आदि गांवों में भी रहने वाले लाखों लोगों को स्वास्थ्य लाभ मिल सकेगा। इससे पहले यहां पहुंचने पर विधायक राजेश नागर, एसडीएम परमजीत चहल, सीएमओ डॉ विनय गुप्ता व अन्य का सरपंच किशन कुमार व ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम में जिला पार्षद संदीप भाटी, एसीपी सतपाल यादव, डिप्टी सिविल सर्जन सुशील अहलावत, एसएमओ सीएचसी खेड़ी डॉ हरजिंदर, नायब तहसीलदार अजय जुनेजा, एक्सईएन पीडब्ल्यूडी प्रदीप संधू, डॉ वंदना, सतपाल शर्मा, हरीचंद नागर, ईश्वर नंबरदार, विजेंद्र वैष्णव, करम सिंह, जगदीश, ओमप्रकाश, जित्तन, प्रताप, धर्मेंद्र नागर आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री ने किया मेवला महाराजपुर में बने अर्बन हेल्थ सेंटर का उद्घाटन

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद(हरपाल सिंह यादव)।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के मौके पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने स्वास्थ्य सेवाओं में एक और आयाम स्थापित करते हुए बडखल विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत मेवला महाराजपुर में बने अर्बन हेल्थ सेंटर का उद्घाटन वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से किया। मुख्यमंत्री घोषणा संख्या 10216 के अंतर्गत लगभग 8.5 करोड़ की लागत से बने इसे हेल्थ सेंटर से मेवला महाराजपुर, दयालनगर, सैक्टर-45, 46, एकता नगर सहित आसपास के क्षेत्र के लाखों लोगों को लाभ मिलेगा। इस अवसर पर विधायक श्रीमती सीमा त्रिखा ने कहा कि प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री मनोहर लाल,



स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज एवं क्षेत्र के विकास में हर समय उनके साथ खड़े रहने वाले केन्द्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर का आभार व्यक्त किया और कहा कि इस हेल्थ सेंटर के बनने से क्षेत्र के लाखों लोगों को फायदा होगा। उन्होंने पिछले कार्यकाल में यहां पर हेल्थ सेंटर बनाने की मांग मुख्यमंत्री के समक्ष रखी थी, जिसको 2017 में मंजूरी मिली थी। बीच में कुछ समय कोरोना के चलते इसमें देरी हुई, मगर आज क्षेत्र के लोगों को यह सौगात सौंप दी गई है। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में हर तरफ विकास कार्यों की लहर माननीय मुख्यमंत्री के नेतृत्व में बह रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### उद्यान विभाग द्वारा किया गया किसानों को जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद(हरपाल सिंह यादव)।** डीसी विक्रम सिंह के कुशल मार्गदर्शन में आज वीरवार को उद्यान विभाग फरीदाबाद द्वारा गाँव- जुन्हैड़ा, टिकरी खेड़ा व ददसिया में ग्राम स्तरीय किसान जागरूकता कैम्प आयोजित किये गये। इन जागरूकता कैम्प में गाँवों के किसान सरपंच/ पंचायत प्रतिनिधियों ने भाग लिया। जागरूकता कैम्पस में मेरी फसल मेरा ब्यौरा, मेरा पानी मेरी विरासत, मुख्यमंत्री बागवानी बीमा योजना, भावान्तर भरपाई योजना व विभागीय योजनाओं के पंजीकरण करने के लिए व प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने व जल शक्ति अभियान के बारे में किसानों को विस्तार से जानकारी देकर जागरूक किया जा रहा है। कैंपों में बागवानी अधिकारियों द्वारा किसानों को विभागीय योजनाओं से रूबरू करवाया जा रहा है। इसके अतिरिक्त बागवानी विभाग द्वारा किसानों को योजनाओं के पम्पलेट्स भी वितरित किए गए ताकि किसान ज्यादा से ज्यादा योजनाओं का लाभ ले सके। कैम्प में विभाग की सभी योजनाओं के बारे में किसानों को विस्तार पूर्वक अवगत कराया। जिला फरीदाबाद के सभी गांवों में जागरूकता कैम्प आयोजित किए जाएंगे और जिला के सभी गांवों में अगस्त तक किए जाएगें। किसानों से आह्वान किया जा रहा है कि किसान विभागीय योजनाओं को ज्यादा से ज्यादा अपनाएँ। जिससे किसान बागवानी फसलें लेकर अपनी आय बढ़ा सकें। वहीं मेरा पानी मेरी विरासत को अपनाकर धान की फसल को छोड़कर बागवानी फसलें अपनाएं जिससे पानी की बचत हो सके तथा अधिक आय प्राप्त कर सकें। खेतों में फलदार पौधे के बाग लगाने वाले किसानों को बागवानी विभाग अब ज्यादा अनुदान देगा। अब विभाग ने किसानों को मिलने वाली अनुदान राशि को 50 प्रतिशत तक कर दिया है। बाग लगाने वाले किसानों को अनुदान राशि तीन भागों में दी जाएगी। अधिक अनुदान राशि देकर सरकार का मकसद किसानों की आय व फलों के उत्पादन को बढ़ाना है।

### छोटे बच्चों के लिए गर्मियों की छुट्टियों के रंग बीतेंगे बाल भवन के संग : डीसी विक्रम सिंह

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद(हरपाल सिंह यादव)। डीसी विक्रम सिंह** ने कहा कि छोटे बच्चों के लिए गर्मियों की छुट्टियों के रंग बाल भवन के संग बीतेन्गे। डीसी विक्रम ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में एनआईटी स्थित बाल भवन में आज शुक्रवार 12 मई 2023 से बच्चों के सवार्गीण विकास के लिए हॉबी कक्षाओं का शुभारम्भ किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए उपायुक्त एवं अध्यक्ष जिला बाल कल्याण परिषद ने आगे बताया कि हर वर्ष कि भांति इस वर्ष भी जिला बाल कल्याण परिषद द्वारा बच्चों के सवार्गीण विकास के लिए हॉबी कक्षाओं का आयोजन किया जा रहा है। इसमें बच्चों कि छिपी प्रतिभा को निखारने का अवसर मिलेगा। हॉबी कक्षाएँ एनआईटी स्थित बाल भवन में चलाई जाएंगी।

### ड्राइविंग करते समय धूम्रपान कर ट्रैफिक वोलेशन करने पर फरीदाबाद ट्रैफिक पुलिस ने 111 के काटे चालान

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद(हरपाल सिंह यादव)। पुलिस कमिश्नर** विकास कुमार अरोड़ा एवं आईजी ट्रैफिक हरियाणा के निदेर्शानुसार डीसीपी ट्रैफिक अमित यशवर्धन के मार्गदर्शन व एसीपी ट्रैफिक विनोद कुमार के नेतृत्व में फरीदाबाद पुलिस ने ड्राइविंग करते समय धूम्रपान, रॉन्ग लेन तथा रॉन्ग साइड में गाड़ी चलाने वाले वाहन चालकों के खिलाफ चालए जा रहे अभियान के तहत 1306 चालकों के चालान काटे गए हैं। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि फरीदाबाद ट्रैफिक पुलिस ने ड्राइविंग करते समय धूम्रपान करने, ऑटो चालकों, अंडरएज ऑटो चालकों वा अन्य वाहन चालकों के रॉन्ग साइड व रॉन्ग लेन चालान काटकर उन्हें आर्थिक धन से दंडित किया है। जिसमें ड्राइविंग करते समय धूम्रपान कर ट्रैफिक वोलेशन करने पर चालकों के 111 चालन काटे गए। वाहन चालकों को जागरूक करते हुए पुलिसकर्मियों ने बताया कि गलत दिशा में वाहन चलाने की वजह से सड़क दुर्घटना की संभावनाएं बढ़ जाती है जिसमें कई व्यक्तियों की जान तक चली जाती है।

# कौशल अभियान राष्ट्रीय दायित्व: डॉ. राज नेहरू

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद(हरपाल सिंह यादव)।** श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. राज नेहरू ने कहा कि कौशल प्रदान करने का अभियान हमारे लिए राष्ट्रीय दायित्व है। प्रथम कौशल विश्वविद्यायल का यह देश हित में पुनीत संकल्प है। वे बृहस्पतिवार को विश्वविद्यालय का प्रोस्पेक्टस लॉन्च करते हुए मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। इस मौके पर उन्होंने ऑनलाइन और ऑफलाइन प्रोस्पेक्टस लांच किया। इस बार श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय ने कुल 42 कोर्स के लिए दाखिला फार्म खोले हैं। 15 मई से पंजीकरण शुरू होंगे। ज्यादा से ज्यादा विद्यार्थियों को कौशल के साथ जोड ? के उद्देश्य से दसवीं के बाद भी डिप्लोमा और डी. वॉक कोर्स शुरू किए गए हैं। इस सत्र में विद्यार्थियों को अर्न वाइल लर्न और ऑन द जॉब ट्रेनिंग के साथ और अधिक प्रभावी तरीके से जोड ? का लक्ष्य रखा गया है। विद्यार्थी पढ़ाई के साथ कमाई भी कर सकेंगे। इसी सत्र में अत्याधुनिक तकनीक से लैस सिमुलेटर लैब, सोलर लैब और इलेक्ट्रिक लैब शुरू होंगी। जर्मन, जापानी और अंग्रेजी सहित कई भाषाई कोर्स आकर्षण होंगे। कुलपति डॉ. राज नेहरू ने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए इस साल विश्व स्तरीय खेल परिसर भी शुरू हो



जाएगा। विश्वविद्यालय ने इसको ध्यान में रखते हुए योगा कोर्स को और अधिक प्रभावी बनाया है। उन्होंने कहा कि इस साल कुछ अंतरराष्ट्रीय अनुबंध भी होंगे, जिनके अंतर्गत विद्यार्थी विदेशों में भी जाकर डिग्री पूरी कर सकेंगे। कुलपति डॉ. राज नेहरू ने इस मौके पर कहा कि श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय का युवाओं को कौशल के साथ जोड ? के साथ-साथ देश के ग्रॉस इनरोलमेंट रेशो (जीइआर) में सुधार करना भी बड़ा लक्ष्य है। 10वीं पास करते ही विद्यार्थी किस तरह से सीधे रोजगार के साथ जुडें और रोजगारपरक कोर्स के माध्यम से सीधा इंडस्ट्री में अपनी जगह बनाएं, इस संकल्प के साथ हम काम कर रहे हैं। कुलपति डॉ. राज नेहरू ने कहा कि बहुत कम फीस में विद्यार्थियों को पेशेवर कोर्स करवाना हमारा उद्देश्य है, ताकि कोई भी विद्यार्थी धन के अभाव में व्यवसायिक शिक्षा से वंचित न रह जाए। उन्होंने विद्यार्थियों से कुशल बनने का आह्वान करते हुए कहा कि उनकी पहल से ही कौशल भारत-कुशल भारत का उद्देश्य सार्थक होगा। कुलपति डॉ. राज नेहरू ने कहा कि अब बैचलर ऑफ वोकेशन को अन्य स्नातकीय कोर्स के बराबर मान्यता मिल गई है। इसलिए विद्यार्थियों के लिए दूसरे आयाम भी खुले हैं। नए कोर्स शुरू करने के लिए उन्होंने चारों फैकल्टी के अधिष्ठाताओं को बधाई दी।

श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय की डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. ज्योति राणा ने बताया कि ज्यादा से ज्यादा युवाओं को स्किल एजुकेशन के साथ जोड ? के लक्ष्य पर हम आगे बढ़ रहे हैं। इसी उद्देश्य से इस बार कई नए स्किल कोर्स शुरू किए हैं। दसवीं कक्षा के बाद ही सीधे विद्यार्थी डिप्लोमा और डी. वॉक कर सकते हैं। इसके अलावा ग्रेजुएशन और पोस्ट ग्रेजुएशन में भी नए कोर्स शुरू किए गए हैं। उन्होंने कहा कि हमारे कोर्स इंडस्ट्री के साथ संरेखित है।

# रोहतक से 1 वर्ष पहले लापता 56 वर्षीय व्यक्ति को क्राइम ब्रांच कैट ने किया बरामद

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद(हरपाल सिंह यादव)।** डीसीपी क्राइम श्री मुकेश मल्होत्रा के द्वारा दिए गए दिशा- निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच कैट प्रभारी सरजीत सिंह की टीम ने रोहतक से 1 वर्ष पहले लापता 56 वर्षीय व्यक्ति बरामद करने का सराहनीय कार्य किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि बुजुर्ग व्यक्ति 1 अप्रैल 2022 को रोहतक अपने घर से बिना बताए निकल गया था। जिसकी परिजन लगातार तलाश कर रहे थे। जिसकी सूचना थाना सदर रोहतक



मे दी गई जिस पर मामला दर्ज कर पुलिस बुजुर्ग व्यक्ति की तलाश कर रही थी। क्राइम ब्रांच टीम ने बुजुर्ग व्यक्ति को अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना से ताऊ देवीलाल आश्रम एनआईटी नंबर 2 फरीदाबाद से तलाश किया है। क्राइम ब्रांच टीम ने बुजुर्ग व्यक्ति के परिजनों से संपर्क कर तथा रोहतक पुलिस को सूचित किया है।

### दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे पर डिवाइडर से टकराई कार, छात्र की मौत

**साहिबाबाद :** खोड़ा थाना क्षेत्र में दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे पर यूपी गेट के पास दिल्ली जाने वाली लेन पर सोमवार रात ब्रेजा कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। उसमें सवार बीबीए के छात्र की मौत हो गई। उसकी सहकर्मी (छात्र दिल्ली की एक कंपनी में नौकरी भी कर रहा था) गंभीर रूप से घायल हो गई। उसका एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है।

मृतक के पिता ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ खोड़ा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। वैशाली सेक्टर-तीन के रिलायंस रेजीड में विजय कुमार सिंह परिवार के साथ रहते हैं।

# गोलियां मारकर हत्या करने की घटना में संलिप्त दो आरोपियों को किया गिरफ्तार



**सोनीपत** जिले के थाना बहालगढ़ की पुलिस ने गोलियां मारकर हत्या करने की घटना मे संलिप्त दो आरोपियों को गिरफतार किया है। गिरफ्तार दीपक पुत्र रमेश निवसी खेवड़ा जिला सोनीपत व अर्पित पुत्र अजय निवासी लिवासपुर जिला सोनीपत के रहने वाले है। इस प्रकरण की विस्तृत जानकारी देते हुये बताया कि गत 08 मई को निर्मला पत्नी रणधीर सिंह निवासी गांव खेवडा ने थाना बहालगढ़ में शिकायत दी थी कि हमारे पास गाँव खेवडा में 10 किल्ले अपनी जमीन है और पचायती जमीन को पट्टे पर लेकर बोते है सारी जमीन की बुआई मेरा बडा लडका सूरज करता था सुरज अपने बाल बच्चो सहित पटेल नगर सोनीपत में रहता था।

दि 08मई को गाँव खेवडा में पचायती जमीन की बोली थी जो बोली देने के लिए मै व मेरा लडका सूरज और हमारे परिवार से सोनु पुत्र ईश्वर, दीपक पुत्र रमेश, सुनील पुत्र रमेश भी पचायती जमीन की बोली देने के लिए पचायती घर खेवडा मे गए हुए थे बोली के दौरान सूरज के नाम एक पट्टा जमीन छोडी गई थी और मेरे देवर रमेश व उसके लडके दीपक और सुनील के नाम बोली नहीं छुटी जिस बात को लेकर दीपक पुत्र रमेश ने मेरे लडके सुरज पर ताबडतोड गोलियाँ चला दी मेरे लडके सुरज को काफी गोलियां लगी जिससे मेरे लडके सूरज की मृत्यु हो गई। इस घटना का भारतीय दण्ड संहिता की धाराओं के अन्तर्गत थाना बहालगढ़ में अभियोग दर्ज किया गया था। थाना बहालगढ़ के प्रबंधक निरीक्षक ऋषिकांत ने अपनी पुलिस टीम के साथ आरोपियो की खोजबीन करते हुये घटना मे संलिप्त दो आरोपियों दीपक पुत्र रमेश निवसी खेवड़ा जिला सोनीपत व अर्पित पुत्र अजय निवासी लिवासपुर जिला सोनीपत को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय मे पेशकर न्यायालय के आदेशानुसार पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

# समलैंगिक विवाह के विरूद्ध वकीलों ने खोला मोर्चा

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद(हरपाल सिंह यादव)।** वकीलो ने राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री के नाम ए डी सी अपराजिता वरूण को वरिष्ठ अधिवक्ता शिवदत्त वशिष्ठ एडवोकेट के नेतृत्व मे ज्ञापन सौंपा। वशिष्ठ ने कहा हमारी समृद्ध भारतीय संस्कृति एवं समाजिक समरसता समलैंगिक विवाह के खिलाफ है।यह सुनिश्चित करने का प्रयास करे की समलैंगिंक विवाह न्याय पालिका द्वारा वैध घोषित ना किया जाये। क्योकि उक्त विषय पुर्ण रूप से विधायको के क्षेत्राधिकार मे आता है।मनोज पंडित एडवोकेट ने कहा यदि समलैंगिक शादी को मान्यता देंगे तो इसका भविष्य क्या होगा ।समलैंगिक विवाह को लेकर पश्चिमी नजरिये के हिसाब से ना



सोचकर भारतीय संस्कृति और परमपरा के हिसाब से विचार करना चाहिए ।इसे लेकर भविष्य मे बहुत सी कानूनी जटलताओ का सामना करना पड़ सकता है जैसे अगर ही जैडर के लोग शादी करेगें तो गुजारा भत्ता कौन किसको देगा।घरेलू हिंसा मे यदि एक ही जैंडर के लोग है तो इसमे पीडित और अभियुक्त पक्ष कौन होगा ।ससुराल, मायका, पितृधन व मातृधन क्या है इस पर विचार करना होगा। वही इनके द्वारा बच्चे गोद लिये जाने पर कौन माता होगा, कौन पिता होगा यह कैसे तय होगा।

अगर इसे लागू किया जाता है तो भारत को अपनी पूरी कानूनी सरचना बदलनी पडेगी। कयोंकि विवाह के कानून की जड मे स्त्री, पुरषो के संबंधो को ही निर्धारित किया गया है।समलेगिक कपल (पुरूष - पुरुष या महिला - महिला) आपस मे यौन संबंध बनाकर बच्चे पैदा नही कर सकते। इसके या तो वह सैरोगेसी का रास्ता अपनायेगें या फिर बच्चा गोद लेगे। इसे लेकर राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने इसका विरोध किया है उनका कहना है कि समलैगिक जोडो को गोद लेने की अनुमति देने खतरे जैसा है। यदि इन्हे बच्चे गोद लेने की अनुमति दे भी जाती है तो ऐसा बच्चो की समाज मे स्वीकारता बहुत ही कम होगी और उनके साथ दूसरे बच्चो द्वारा स्कूल व कॉलेजो मे दुरव्यवहार किया जायेगा ।

# फरीदाबाद के अमृता अस्पताल में दुर्लभ दिल की बीमारी वाले दो नवजातों का आर्टेरियल स्विच ऑपरेशन हुआ

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद(हरपाल सिंह यादव)।** फरीदाबाद के अमृता अस्पताल में दो शिशुओं, सात दिन की लड़की और 23 दिन के लड़के का सफलतापूर्वक धमनी स्विच ऑपरेशन किया। दोनों को खतरनाक और असामान्य जन्मजात हृदय दोष था, जिसे ट्रांसपोजिशन ऑफ द ग्रेट आर्टरीज (टीजीए) कहा जाता है। विशेषज्ञों की एक टीम द्वारा छह घंटे की जटिल सर्जरी की गई, जिन्होंने सफलतापूर्वक बीमारी का इलाज किया और शिशुओं को स्वस्थ जीवन का उपहार दिया। ग्रेट आर्टरीज के ट्रांसपोजिशन में दो मुख्य धमनियों का स्थान जो हृदय से रक्त ले जाती



हैं - मुख्य पल्मोनरी धमनी और महाधमनी की स्थिति बदल जाती है। यदि यह स्थिति अनुपचारित छोड़ दी जाती है, तो मृत्यु निश्चित है। अमृता अस्पताल के बाल चिकित्सा और जन्मजात हृदय सर्जरी विभाग के प्रमुख डॉ. आशीष कटेवा ने कहा, "टीजीए का डायग्नोसिस मृत्यु वारंट की तरह है, और इनमें से 90त्न बच्चे जीवन के पहले वर्ष से अधिक जीवित नहीं रहते हैं। दूसरी ओर, यदि समय रहते सर्जरी की जाती है, तो इनमें से 95त्न से अधिक बच्चे सामान्य जीवन जीने में सक्षम हो सकते हैं। यह एक तकनीकी रूप से चुनौतीपूर्ण ऑपरेशन है, जिसमें गलती की कोई गुंजाइश नहीं है। इस सर्जरी की चुनौतियों के बारे में बात करते हुए, डॉ. कटेवा ने कहा, "सर्जरी में आमतौर पर 5 से 6 घंटे लगते हैं। ऑपरेशन का सबसे चुनौतीपूर्ण हिस्सा छोटी कोरोनरी धमनियों को हटाना और उन्हें नव-महाधमनी में टांका लगाना है। ये धमनियां केवल 2 मिमी मापती हैं, और कोई भी अपूर्णता छोटी और लंबी अवधि के परिणामों को प्रभावित कर सकती है। एक बार कनेक्शन बन जाने के बाद, बच्चे को हृदय और फेफड़े की मशीन से अलग कर दिया जाता है।" अमृत नाम के 23 दिन के लड़के का जन्म एक ऐसी मां से हुआ था, जो गर्भावस्था के दौरान पहले ही तीन बच्चों को खो चुकी थी। यह उसका पहले जीवित बच्चे का जन्म था। दूसरी शिशु, अमृता नाम की 7 दिन की बच्ची भी अपने माता-पिता की पहली संतान थी। रेस्पिरेटरी सपोर्ट और जीवनरक्षक दवाओं के साथ उसे एंबुलेंस में अस्पताल लाया गया था। अमृता अस्पताल के बाल चिकित्सा कार्डियोलॉजी और वयस्क जन्मजात हृदय रोग के उप प्रमुख और प्रधान सलाहकार डॉ. सुशील आजाद ने ट्रांसपोजिशन ऑफ द ग्रेट आर्टरीज का इलाज के बारे में बात करते हुए कहा, "हृदय रोग विशेषज्ञ छोटे रोगियों (बच्चों) के हॉस्पिटल आने के बाद हृदय का अल्ट्रासाउंड करते हैं, डायग्नोसिस बनाते हैं और ऑपरेशन के लिए आवश्यक सभी जानकारी देते हैं। कभी-कभी, सर्जरी से पहले ऑक्सीजनेशन बढ़ाने के लिए दिल के ऊपरी चैम्बर्स के बीच एक छेद बनाया जा सकता है।" डॉ. कटेवा ने आगे कहा, "सर्जरी के लिए हार्ट-लंग मशीन की आवश्यकता होती है, और सर्जिकल टीम बच्चे की छाती में चीरा लगाकर दिल तक पहुंचती है। इसके बाद हार्ट-लंग मशीन को बच्चे के दिल से जोड़ा जाता है। इस मशीन की सहायता से, पर्फ्युजनिस्ट बच्चे के जीवन को बनाए रखता है जबकि सर्जन उसकी सर्जरी करता है। पल्मोनरी धमनी और महाधमनी जो गलत तरीके से जुड़ी हुई थी, उन्हें अलग और अपने उचित स्थानों पर वापस जोड़ दिया जाता है, जिसके बाद लाल रक्त शरीर में प्रवेश और नीले रक्त को फेफड़ों में ठीक से प्रवाह होने लगता है, जैसा की होना चाहिए। अमृता हॉस्पिटल के पीडियाट्रिक कार्डिएक एनेस्थेसियोलॉजिस्ट डॉ. जुनैद भट ने कहा, "सर्जरी के दौरान बच्चे को सुरक्षित और स्थिर रखने में एनेस्थेसियोलॉजिस्ट महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। वो एयरवे और कई मॉनिटरिंग लाइनों को सुरक्षित करने के लिए जिम्मेदार होते हैं। सर्जरी के बाद, छाती को बंद कर दिया जाता है और बच्चे को ठीक होने के लिए आईसीयू में ले जाया जाता है। इंटेंसिविस्ट, कार्डियक नर्स, फिजियोथेरेपिस्ट और डायटीशियन की एक विशेषज्ञ टीम आईसीयू में रहने के दौरान शिशु की देखभाल करती है, जो आमतौर पर 4 से 5 दिनों तक रहता है। उसके बाद, बच्चे को पोस्ट-ऑपरेटिव वार्ड में ले जाया जाता है। अस्पताल से घर तक एक सहज रिकवरी सुनिश्चित करने के लिए मां को देखभाल प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।" दोनों शिशुओं की सर्जरी सफल रही। केवल 2.3 किग्रा के वजन और पोस्ट-ऑपरेटिव रिकवरी के दौरान वायरल निमोनिया जैसी कठिनाइयों के बावजूद, लड़के ने अच्छी रिकवरी की है और वर्तमान में उसका वजन 4.5 किग्रा है।

# गहलोत के खिलाफ पायलट मैदान में....

## पोस्टर पर राहुल-प्रियंका नहीं: पेपर लीक कांड के आरोपी कटारा के मकान पर बुलडोजर क्यों नहीं चला: सचिन

**बगावती सुर**

**सचिन पायलट अपने ही सरकार के खिलाफ और पेपर लीक मुद्दे, करप्शन के खिलाफ पांच दिन की पदयात्रा निकाल रहे**



**टीम एक्शन इंडिया/जयपुर**

**पूर्व** डिप्टी सीएम सचिन पायलट एक महीने में दूसरी बार अपनी ही सरकार के खिलाफ मैदान में उतरे हैं। उनकी जनसंघर्ष यात्रा अजमेर से जयपुर चल पड़ी है। वह पेपर लीक मुद्दे और करप्शन के खिलाफ पांच दिन की पदयात्रा निकाल रहे हैं। अजमेर में जनसभा में उन्होंने कहा कि पिछली सरकार में करप्शन के मुद्दे पर वसुंधरा राजे को हमने ललकारा था, उसके बाद कांग्रेस सत्ता में आई। सचिन सुबह ट्रेन से अजमेर पहुंचे थे। रेलवे स्टेशन पर उन्होंने कहा कि ये जनसंघर्ष यात्रा जनता के बीच जाने और उनकी बात सुनने की यात्रा है। पायलट की जनसंघर्ष यात्रा के पोस्टर में राहुल गांधी, प्रियंका वाड्रा के फोटो नहीं हैं। पोस्टर में सिर्फ सोनिया गांधी का फोटो है। जनसभा में पायलट ने कहा कि राजस्थान पब्लिक सर्विस कमीशन में पेपर लीक हुए। नौजवानों के भविष्य से खिलवाड़ किया गया। पहली बार कोई मेंबर गिरफ्तार हुआ है, लेकिन इसके तार और कहीं तक जुड़े हुए हैं? मैंने जब इस पर सवाल उठाया तो कहा गया कोई नेता, अफसर शामिल नहीं है। जब पिपली के किसी दलाल पर बुलडोजर चल सकता है तो इस मेंबर कटारा के मकान पर पर बुलडोजर क्यों नहीं चल सकता?

**गहलोत साहब ने भी बजरी-शराब माफिया को लेकर भाजपा सरकार पर लगाए थे आरोप:** उन्होंने कहा कि वसुंधरा राजे के कार्यकाल में लगातार भ्रष्टाचार हुआ। हम लोगों ने वसुंधरा को ललकारा। हमने चैलेंज किया आपके पास बहुमत हो सकता है, आपके पास राज हो सकता है, लेकिन जनता को लूटने का लाइसेंस आपके पास नहीं है। मैंने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष रहते हुए राज्य की सरकार पर आरोप लगाए। हमारी पार्टी के तमाम नेताओं ने आरोप लगाए।

### अब बेरोजगार युवाओं को साधने की तैयारी

**सचिन** पायलट ने विपक्ष में कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष रहते हुए खूब यात्राएं की थीं। पायलट ने किसानों के मुद्दों पर बारां से झालावाड़ तक की पदयात्रा निकाली थी। पायलट अब खुद की पार्टी की सरकार होते हुए भी उसी के खिलाफ पदयात्रा निकाल रहे हैं। विपक्ष की पदयात्रा किसानों के लिए थी, इस बार की यात्रा बेरोजगार युवाओं से जुड़ी है।


**पायलट महीने भर से मुखर, सीएम के एक बयान से तल्खी बढ़ी:** सचिन पायलट पिछले महीने भर से मुखर हैं। बीजेपी राज के करप्शन पर कार्रवाई नहीं होने के मुद्दे पर 11 अप्रैल को अनशन कर चुके पायलट हर सप्ताह कोई न कोई बयान दे रहे हैं। पायलट और गहलोत के बीच लडाई अब काफी आगे बढ़ चुकी है। दोनों के बीच तल्खी का लेवल बहुत ऊपर जा चुका है।

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने रविवार को धौलपुर के राजाखेड़ा के पास एक सभा में पायलट कैंप के विधायकों पर सरकार गिराने के लिए सियासी संकट के वक्त 10 से 20 करोड़ लेने के आरोप लगाए।

# रेवाड़ी में लव जिहाद का मामला सामने आया

**रेप भी किया....**

**लड़की से शादी भी कर ली। इसके बाद जबरन धर्म परिवर्तन कराकर लड़की से बंदूक के बल पर निकाह किया**



**टीम एक्शन इंडिया/रेवाड़ी**

**हरियाणा** के रेवाड़ी में मुस्लिम युवक ने हिंदू लड़की को पहले प्रेम जाल में फंसाया और फिर खुद को हिंदू बताकर युवती को घर से भगा ले गया। उसने लड़की से शादी भी कर ली। इसके बाद जबरन धर्म परिवर्तन कराकर लड़की से बंदूक के बल पर निकाह किया। युवती का आरोप है कि आरोपी के भाई ने भी उसके साथ दुष्कर्म किया। किसी तरह आरोपियों के चुंगल से छुटकर युवती महिला पुलिस थाना पहुंची और शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

**पढ़ाई के दौरान हुई आरोपी से मुलाकात:** धारूहेड़ा क्षेत्र की एक कॉलोनी में रहने वाली युवती ने बताया कि वर्ष 2020 में जब वह बीए सेकेंड ईयर की पढ़ाई कर रही थी तो उसकी मुलाकात प्रेम नाम के एक युवक से हुई। युवक ने उसे महंगे गिफ्ट दिए और कहा कि उसका रिश्तेदार बड़ी पोस्ट पर है वह उसे नौकरी लगवा देगा। युवक ने झूठ बोलकर युवती को प्रेम जाल में फंसा लिया। इसके बाद 18 नवंबर 2020 को आरोपी जबरदस्ती उसे बाइक पर बैठाकर हरिद्वार ले गया। वहां उसके साथ दुष्कर्म किया तथा अगले दिन एक मंदिर में ले जाकर शादी की।

**बंदूक के बल पर निकाह:** युवती का आरोप है कि 20 नवंबर 2020 को युवक के पिता ताहिर खान, चाचा तसव्वर, चाचा अकबर, ताऊ सुलेमान व ताहिर खान के दोस्त बाबूलाल हरिद्वार पहुंचे और उन्हें जबरदस्ती कार में बैठाकर नूंह के गांव ऊटोन में ले आए। गांव में लाकर उसका धर्म परिवर्तन कराया गया तथा जबरदस्ती बंदूक के बल पर निकाह कराया गया। इसके बाद युवती को पता चला कि प्रेम का असली नाम मौसम खान है।

## ग्रुप डी कर्मियों को रैली की अनुमति नहीं दे रही पुलिस

**कोलकाता:** ग्रुप डी नौकरी उम्मीदवारों ने आगामी 17 मई को कालीघाट इलाके में रैली की योजना बनाई है। पुलिस ने इसकी अनुमति नहीं दी जिसके बाद गुरुवार को कलकत्ता उच्च न्यायालय में याचिका लगाई गई है। न्यायमूर्ति राजशेखर मंथा की एकल पीठ ने इस याचिका को स्वीकार किया है। सोमवार को इस मामले में सुनवाई होगी। नियुक्ति की मांग पर इन लोगों को रैली करनी है। शहीद मीनार मैदान जहां शिक्षक उम्मीदवारों का धरना चल रहा है वहां से कालीघाट तक रैली निकाली जानी है। लेकिन पुलिस ने सीधे इनकार कर दिया है।

उल्लेखनीय है कि न्यायमूर्ति मंथा ने ऐसे मामलों को लेकर पहले ही पुलिस को फटकार लगते हुए कहा था कि हर बार अनुमति के लिए अगर कोर्ट को हस्तक्षेप करना पड़े तो यह लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत नहीं है।

# 'मणिपुर में हालात ठीक नहीं, लगाएं राष्ट्रपति शासन'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**कांग्रेस ने** आरोप लगाया कि मणिपुर में उपजी हिंसा के बाद वहां हालात ठीक नहीं हैं। ऐसे में वहां राष्ट्रपति शासन लगाया जाना चाहिए। कांग्रेस नेता व मणिपुर के प्रभारी भक्त चरण दास ने गुरुवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित एक प्रेसवार्ता के दौरान कहा कि मणिपुर के हालत बहुत खराब हैं। हिंसा के कारण वहां डर का माहौल है। केंद्र व राज्य सरकार हिंसा रोकने और शांति बहाली में अभी तक विफल रही है। दास ने कहा कि अभी तक मणिपुर में 100 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है, 40 हजार लोग प्रभावित हैं और 20 हजार लोग शिफ्ट



किए गए हैं। 200 चर्च जला दिए गये हैं। हजारों घर नष्ट हो गए और राज्य के 15-20 पुलिस स्टेशनों से एके-47 समेत कई हथियारों को लूटा गया है। दास ने कहा कि मणिपुर तबाह हो गया और प्रधानमंत्री मोदी और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह शांत हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने तो शांति बनाए रखने की अपील तक नहीं की। इससे पता चलता है कि केन्द्र इस मुद्दे पर गंभीर नहीं है।

उल्लेखनीय है कि मणिपुर में मैतेई समुदाय को एसटी श्रेणी में शामिल किए जाने की मांग के विरोध में तीन मई को रैली का आयोजन हुआ था। ऑल ट्राइबल स्टूडेंट्स यूनियन मणिपुर ने इस रैली का आयोजन किया था। इस दौरान हिंसा भड़क गई थी।

## नकली नोटों से जुड़े मामले में मुंबई में छह स्थानों पर एनआईए के छापे

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने 2021 के हाई-प्रोफाइल नौपाडा नकली नोटों से जुड़े मामले में मुंबई में छह स्थानों पर छापेमारी कर आपत्तिजनक सामग्री जब्त की। आज की छापेमारी और बरामदगी से मामले में डी-कंपनी के कनेक्शन की फिर से पुष्टि होती है। एनआईए के अनुसार बुधवार को एनआईए ने मामले में अपनी निरंतर जांच के तहत अभियुक्तों और संदिग्धों के घरों और कार्यालयों पर छापा मारा।

## दो करोड़ का सोना खुर्दबुर्द : सोना लेने जयपुर भेजा था

**टीम एक्शन इंडिया/जोधपुर**

फलोदी के एक व्यापारी का दो करोड़ का सोना खुर्दबुर्द हो गया। उसने जोधपुर के एक व्यक्ति को सोना लेने जयपुर भेजा था। इकत्तीस सौ ग्राम सोना उसके पेंट पर बंधे बेल्ट के नीचे था। सोना कब और कैसे गायब हो गया उसे पता नहीं चला। पुलिस ने मामला संदिग्ध जान अब तफ्तीश आरंभ की है। जयपुर बस स्टेण्ड से लेकर सोना लेने वाले स्थान तक इसकी पड़ताल आरंभ की गई है। संदिग्ध डिलीवरी मैन से गहन पूछताछ जारी है। गायब हुए सोने की बाजार कीमत तकरीबन दो करोड़ रुपये है। शास्त्रीनगर थाने के एएसआई ओमप्रकाश ने बताया कि घटना में नदी पार किले के पीछे रहने वाले जितेंद्र सोनी पुत्र किशोरीलाल सोनी की तरफ से केस दर्ज करवाया गया है। उसका कहना है कि वह सोने चांदी का व्यापार करता है। सोना लेने की कई बार डिलीवरी लेने के लिए वह जोधपुर के मेड़ती गेट निवासी महेंद्र सिंह को भेजता था। वह पिछले साल डेढ़ साल से सोना लाने और ले जाने का काम करता है। 9 मई को उसे जयपुर में एक पार्टी से सोना लेने भेजा गया था। पार्टी ने उसे तीन किलो सौ ग्राम सोना दिया था, जहां पार्टी से व्यापारी जितेंद्र सोनी बात हुई थी और सोना देने को बोल दिया गया था। नौ मई की रात साढ़े 11 बजे जयपुर से महेंद्र सिंह सोना लेकर निजी बस जोकि आगरा जोधपुर बाइपास चलती है। उसमें सवार हुआ था। 10 मई की सुबह वह जोधपुर आया तब मालिक जितेंद्र सोनी ने उसे फोन पर बात की थी। तब कहा कि सोना नहीं है और गायब हो गया है। फिर साढ़े सात बजे फोन नहीं लगने पर व्यापारी जितेंद्र सोनी अपने परिचित को इसकी जानकारी दी।

